# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

**जबलपुर**

**मंगलवार, 6 मई 2025**

- वैशाख मास कृष्ण पक्ष-10
- वर्ष : 20, अंक : 6
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *


**मौसम**

अधि. 36
न्यून. 22

haribhoomi.com


वेबसाइट पर परीक्षा परिणाम उपलब्ध रहेगा

## मुख्यमंत्री आज जारी करेंगे 10वीं और 12वीं के परिणाम



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार शाम 5 बजे मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी एवं विद्यालय पूर्व शिक्षा में डिप्लोमा (डीपीएसई) मुख्य परीक्षा 2025 के परीक्षा परिणाम मुख्यमंत्री निवास (समत्व भवन) में घोषित करेंगे।

मंडला के रामनगर में 'आदि उत्सव' के समापन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों की दी सौगात

# जनजाति के विकास के लिए 1600 करोड़ स्वीकृत प्रस्ताव तैयार करने कलेक्टर को मंच से दिए निर्देश



**जनजातीय समुदाय के गौंड राजाओं के बने स्मारकों व किलों के विकास कार्य कराने की घोषणा**

किसानों को 5 रुपए में मिलेंगे बिजली कनेक्शन, सोलर पम्प देकर बिजली मुक्त किसान की दिशा में सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पेसा कानून के तहत जल, जंगल और जमीन के संरक्षण तथा बैगा, भारिया और सहरिया जनजाति क्षेत्र के विकास के लिए 1600 करोड़ की राशि की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि किसानों से 2600 प्रति क्विंटल की दर से गेहूं उपार्जन किया जा रहा है। आगे किसानों को 5 रुपए में बिजली कनेक्शन भी दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी किसानों को सोलर पम्प प्रदान कर बिजली बिल से मुक्त करने की दिशा में सरकार आगे बढ़ रही है।



### गाय भैंस खरीदने पर 25 प्रतिशत अनुदान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र में दूध उत्पादन को बढ़ाया जाएगा। इसके लिए प्रदेश के किसानों को 25 गाय या भैंस खरीदने पर 25 प्रतिशत का अनुदान दिया जाएगा। वहीं 200 गाय या भैंस खरीदने पर 50 गाय या भैंस शासन की ओर से दी जाएगी। सरकार ने दूध के उत्पादन पर अनुदान व गौ पालन करने वाले लोगों को चारे के लिए 20 की जगह 40 रुपए का अनुदान दिया जाएगा।



### आदि उत्सव में जनजातीय कन्याओं का विवाह आयोजन

आदि उत्सव की महत्वपूर्ण कड़ी में 600 कन्याओं का मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनान्तर्गत विवाह आयोजित हुआ। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में पहुचते हुए सभी नव विवाहित जोड़ों पर पुष्प वर्षा की। साथ ही कार्यक्रम के अंत मे उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनान्तर्गत कन्याओं को मिलने वाली 49 हजार रुपए की राशि के सांकेतिक रूप से चौक भी प्रदान किए।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
मुंबई - गुजरात
शाम 7.30 बजे से

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ


**खबर संक्षेप**

### गेंदबाज मोहम्मद शमी को जान से मारने की धमकी



**अमरोहा।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को जान से मारने की धमकी मिली है। उनको यह धमकी ईमेल के जरिए मिली है। इस मामले में मोहम्मद शमी के भाई हसीब ने अमरोहा पुलिस को एफआईआर के लिए तहरीर दी थी।

### दुनिया के चौथे अमीर एक्टर हैं शाहरुख



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान ना सिर्फ हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के सबसे महंगे कलाकारों में से एक हैं। दुनिया के टॉप-10 अमीर एक्टर्स की लिस्ट में शाहरुख खान की दौलत 87.65 करोड़ डॉलर (7380.93 करोड़) बैठती है।

### बीएसपी के युवा नेता शुभम साहू की हत्या



**सतना।** जिले में बसपा के एक युवा नेता की बेरहमी से हत्या कर दी गई है। मृतक नेता ने दो दिन पहले ही कांग्रेस छोड़कर बीएसपी में आए थे। सिविल थाना क्षेत्र के महादेवा मोहल्ले में रविवार देर रात शुभम साहू (26वर्ष) की हत्या कर दी।

पुतिन ने कहा- पहलगाम हमले के दोषियों को न्याय के कठघरे में लाएं

# रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने पीएम मोदी से कहा हम आपके साथ, दुष्टों को सजा जरूर दीजिए

◆ पीएम मोदी ने की हाई लेवल की मीटिंग देश के प्रमुखों से हुई बातचीत, पीएम ने रूस का जीता भरोसा, भारत का देगा साथ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आतंकवाद के खात्में के लिए भारत को कई देशों ने खुला समर्थन दिया। उनका कहना है कि दुनिया के लिए कैंसर बन चुके आतंकियों का सफाया होना बेहद जरूरी है। रूस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बात करते हुए स्पष्ट कह दिया कि दुष्टों को सजा जरूर दें, इसमें रूस पूरी तरह से भारत का साथ देगा।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बातचीत में कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के अपराधियों को न्याय के दायरे में लाया जाना चाहिए। उन्होंने इस भीषण हमले की कड़ी निंदा की। मोदी ने पुतिन को इस वर्ष के अंत में भारत में आयोजित होने वाले भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए भी आमंत्रित किया। जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। इधर भारत आतंकियों और उनके आकाओं को सबके सिखाने के लिए अपनी तैयारियां कर रहा है। इसी तैयारियों के बीच पीएम नरेंद्र मोदी ने हाईलेवल की मीटिंग की। इसमें कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। एनएसए अजीत डोभाल ने गृह सचिव गोविंद मोहन ने भी पीएम मोदी से मुलाकात की।

वित्त मंत्री सीतारमण ने एडीबी से की पाक की फंडिंग रोकने की मांग



भारत ने कई भड़काऊ अकाउंट कर दिए बैन

चीन ने दिखाई अपनी औकात कहा...

## हम पाकिस्तान के साथ

धोखा और दगा चीन के खून में है। आज तक का रिकॉर्ड है कि चीन कभी किसी का सगा नहीं हुआ। इस बार भी उसने अपनी औकात दिखाते हुए पाकिस्तान का साथ देने का ऐलान किया है। चीन के राजदूत जियांग जैदोंग ने कहा कि दक्षिण एशिया में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए चीन हमेशा पाकिस्तान का समर्थन करेगा। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर इस्लामाबाद और नई दिल्ली के बीच तनाव के बीच राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी से मुलाकात की। रिपोर्ट के अनुसार जियांग ने राष्ट्रपति जरदारी से मुलाकात की और पाकिस्तान और भारत के बीच तनाव सहित विभिन्न मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

### ◆ भारत ने पाक पर की इकोनॉमिक स्ट्राइक की तैयारी

*भारत पाकिस्तान को चौतरफा घेरने में लगा हुआ है। इसी कड़ी में भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) के अध्यक्ष मसाटो कांडा से मुलाकात की और उनसे पाकिस्तान को दी जाने वाली फंडिंग में कटौती करने की मांग की। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एडीबी के अध्यक्ष से यह मांग 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के बाद उठाई है।*

### कल से कई राज्यों में होगी मॉकड्रिल

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बड़ा कदम उठाते हुए कई राज्यों को मॉकड्रिल करने के निर्देश दिए हैं। सरकार के सूत्रों के मुताबिक, निर्देश में कहा गया है कि राज्य 7 मई को सुचारू तरीके से नागरिकों की सुरक्षा को सुनिश्चित कराने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन करेंगे। पिछली बार ऐसा अभ्यास 1971 में किया गया था, जिस साल भारत और पाकिस्तान के बीच दो मोर्चों पर युद्ध हुआ था।

### डिफेंस वेबसाइट्स पर साइबर अटैक!

पाकिस्तानी हैकर्स भारतीय वेबसाइट्स को निशाना बना रहे हैं। भारतीय रक्षा वेबसाइट को निशाना बनाने से जुड़ा है। रक्षा प्रतिष्ठान के सूत्रों के मुताबिक साइबर हमलों ने रक्षा कर्मियों की संवेदनशील जानकारी शामिल हैं। उनको खतरे में डाल दिया है। पाक साइबर फोर्स नाम के एक्स हैंडल ने दावा किया है कि मिलिट्री इंजीनियर सर्विसेज और मनोहर पर्रिकर इंस्टीट्यूट ऑफ डिफेंस स्टडीज के संवेदनशील डेटा तक पहुंच बना ली है।

कानपुरः 4 मंजिला इमारत में भीषण आग



## रेस्क्यू से पहले ही जिंदा जले पति-पत्नी और तीन बेटियां

एजेंसी ▶▶ कानपुर

चमनगंज थाना क्षेत्र के प्रेम नगर में रविवार रात 8 बजे एक 4 मंजिला बिल्डिंग में आग लग गई। हादसे में एक परिवार के 5 लोग जिंदा जल गए। मरने वालों में पति-पत्नी और उनकी 3 बेटियां हैं। बिल्डिंग के बेसमेंट और ग्राउंड फ्लोर पर जूता-चप्पल बनाने का कारखाना था। ऊपर के 4 फ्लोर में दो भाइयों का परिवार रहता था। आग की शुरुआत ग्राउंड फ्लोर पर कारखाने से हुई। देखते ही देखते आग पूरी बिल्डिंग में फैल गई। घर में रखे सिलेंडर, केमिकल और एसी फटने लगे। आग ने 10 से 15 मिनट में पूरी बिल्डिंग को चपेट में ले लिया। हादसे में कारोबारी मो. दानिश (45), उनकी पत्नी नाजमी सबा (42), बेटी सारा (15), सिमरा (12), इनाया (7) की जलकर मौत हो गई। दानिश और उनके परिवार का शव जिस हालत में अंदर मिला है। उसे देखकर फायर कर्मी तक रोने लगे। घर के अंदर गए अफसर ने बताया कि एक बेटी का शव मां से लिपटा हुआ मिला।

### मां से चिपका मिला बेटी का शव



### हथौड़े से तोड़ीं दीवारें सुबह तक बुझ पाई आग

*छह मंजिला भवन में लगी आग को काबू करने के लिए दमकल कर्मियों ने दोनों तरफ की दीवारों को हथौड़ों से तोड़ा। इसके बाद धुआं कम हुआ तो पानी की तेज बौछार के साथ कमरों में दाखिल हुए। हालांकि धुआं ज्यादा होने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा। पूरे इलाके की बिजली को काट दी गई है। सुबह आग बुझाने का काम पूरा हो पाया।*

भिंड में कार और बाइक की भीषण टक्कर

## चार लोगों की मौत पांच गंभीर घायल

**भिंड।** पिड़ौरा गांव के पास रविवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार और बाइक की टक्कर हो गई, जिससे कार पलट गई। इस हादसे में बाइक पर सवार तीन लोगों और कार में बैठे एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा नेशनल हाइवे 719 पर पिड़ौरा गांव के पास हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



■ बाइक सवार फलदान से लौट रहे थे

महाकाल मंदिर परिसर में भीषण आग

## कर्मचारी के हाथ झुलसे श्रद्धालुओं का प्रवेश रोका

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर परिसर में कंट्रोल रूम की छत पर आग लग गई। पीसीबी के एयर क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम की बैटरियां जल गईं। दूर से ही धुआं और आग की लपटें दिखाई दे रही थी। आग लगने के बाद मंदिर में भक्तों का प्रवेश रोकना पड़ा। आग पर काबू पाने और स्थिति सामान्य होने के बाद मंदिर के गेट को दोबारा खोल दिया गया। आग बुझाने के दौरान एक कर्मचारी के दोनों हाथ झुलस गए। ये घटना मंदिर के गेट नंबर 1 पर स्थित अवंतिका गेट के कंट्रोल रूम की छत पर हुई।



■ छत पर रखी बैटरियां जलकर खाक

जस्टिस वर्मा 'कैश कांड' केस

## समिति ने सीजेआई खन्ना को सौंपी रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** जस्टिस यशवंत वर्मा के यहां अग्निकांड में अकूत नकदी मिलने के मामले की जांच करने वाली तीन जजों की इन-हाउस रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना को सौंप दी है। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश शील नागू, हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जीएस संधावालिया और कर्नाटक हाईकोर्ट की न्यायमूर्ति सुश्री अनु शिवरामन की तीन सदस्यीय समिति ने जांच रिपोर्ट सौंपी है।



■ समिति ने रिपोर्ट 43 दिनों बाद सौंपी

वक्फ संशोधन कानून पर सुप्रीम कोर्ट में टली सुनवाई

सीजेआई खन्ना 13 मई को पद छोड़ देंगे

## सीजेआई बोले-ऐसी याचिकाओं पर मैं आदेश नहीं दे पाऊंगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टल गई है। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 15 मई को न्यायमूर्ति बी आर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष सुनवाई तय की। अब वक्फ कानून पर सुप्रीम कोर्ट में 15 मई को अगली सुनवाई होगी। सीजेआई संजीव खन्ना ने कहा कि आदेश पारित करने से पहले इस मामले पर उचित सुनवाई होनी चाहिए।

■ अब 15 मई को दूसरी बेंच मामले की सुनवाई करेगी



### केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को दिया था आश्वासन

*इससे पहले, केंद्र सरकार ने 17 अप्रैल को शीर्ष अदालत को आश्वासन दिया था कि वह 5 मई तक उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ सहित वक्फ संपत्तियों को न तो गैर-अधिसूचित करेगा और न ही केंद्रीय वक्फ परिषद और बोर्डों में कोई नियुक्ति करेगा। केंद्र ने पीठ को यह आश्वासन देते हुए कहा कि संसद द्वारा उचित विचार-विमर्श के साथ पारित कानून को सरकार की सुनवाई के बिना स्थगित नहीं किया जाना चाहिए।*

जबलपुर के आईआईआईटी डीएम के गर्ल्स हॉस्टल में न्यूड वीडियो कांड

## छात्रा ने अपने सीनियर छात्राओं के नहाते हुए वीडियो बनाए, दिल्ली के बॉयफ्रेंड को भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

छात्रा अश्लील वीडियो बनाने वाले किसी रैकेट से जुड़ी होने की आशंका, छात्रा हिरासत में

भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी, डिजाइन और विनिर्माण संस्थान (ट्रिपलआईटी डीएम) में छात्राओं के बाथरूम में नहाते हुए वीडियो बनाने का मामला सामने आया है। आरोप बीटेक सेकेंड ईयर की एक छात्रा पर है। एक छात्रा अपनी सीनियर छात्राओं के न्यूड वीडियो बनाकर दिल्ली में अपने दोस्त को भेजती थी। यह काम वह पिछले दो साल से कर रही थी। इस बात का खुलासा तब हुआ जब एक सीनियर छात्रा ने उसे बाथरूम में नहाते समय वीडियो बनाते हुए पकड़ लिया। कॉलेज प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए छात्रा का मोबाइल जब्त कर लिया है।



### थाने पहुंची छात्राएं

इस घटना के बाद कॉलेज के छात्र-छात्राएं थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे। ट्रिपलआईटीडीएम के डायरेक्टर डॉ. बीके सिंह ने मीडिया को बताया कि उन्हें इस मामले की जानकारी मिली थी।

### सीएसपी ने कहा-एफआईआर दर्ज की

सीएसपी सतीश साहू ने बताया कि एक छात्रा द्वारा दूसरी छात्रा का नहाते समय वीडियो बनाने की सूचना मिली थी। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और कॉलेज प्रबंधन से पूछताछ की। प्रबंधन के अनुसार, इस घटना की जानकारी उन्हें रविवार को ही मिल गई थी।

अगले दो-तीन दिन अधिकांश जिलों में बारिश, ओले और चलेगी आंधी

प्रदेश में 7 से 9 डिग्री तक पारा गिरा, सर्वाधिक गिरावट रायसेन में 8.6 डिग्री की रही

## प्रदेश में ओले-बारिश ने दिलाई गर्मी से राहत 35 दिन बाद शहर का पारा 35.5 डिग्री पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इससे पहले 31 मार्च को भोपाल में दिन का पारा रहा 35.2 डिग्री
अभी जारी रहेगा तापमान में एक से दो डिग्री तक उतार चढ़ाव

प्रदेश के अधिकांश जिलों में मौसम लगातार बदल रहा है। बादल, बारिश और कुछ स्थानों पर ओले गिरने से भोपाल सहित सभी जिलों में दिन का पारा तेजी से गिरा है। सोमवार को भोपाल में 35 दिन बाद अधिकतम तापमान 35.5 डिग्री पर आया है, जिससे गर्मी से राहत रही है। यह सामान्य से 5.6 डिग्री कम है। इससे पहले यहां 31 मार्च को पारा 35.2 डिग्री रहा है। बदले मौसम के मिजाज के असर से प्रदेश में 7 से 9 डिग्री तक पारा गिरा है। सर्वाधिक गिरावट रायसेन में 8.6 डिग्री की रही, पारा 27.4 डिग्री पर दर्ज हुआ। यह प्रदेश में सबसे कम दिन का पारा भी रहा है।



### आज यहां गिरेंगे बारिश के साथ ओले

इंदौर, उज्जैन, देवास, शाजापुर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, सिंगरौली, सीधी में बारिश के साथ ओले गिरेंगे। वहीं, भोपाल, विदिशा, रायसेन, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, रतलाम, सतना आदि जिलों में बादल, आंधी और गरज चमक के साथ बारिश की उम्मीद है।

### अभी सिस्टम मप्र से गुजर रहा

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार अभी एक पश्चिमी विक्षोभ मध्य पाकिस्तान और इससे सटे पंजाब और उत्तर पश्चिमी राजस्थान में सकुर्लेशन के रूप में सक्रिय है। एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन पूर्वी राजस्थान और आसपास है, जबकि एक ट्रफ दक्षिण पूर्वी मध्य प्रदेश से कर्नाटक, मराठवाड़ा, तेलंगाना से होते हुए गुजर रही है। इससे मप्र में अभी दो से तीन दिन लगातार मौसम में बदलाव बना रहेगा। भोपाल में भी बादल, बारिश और तेज हवाओं के साथ गरज चमक की स्थिति बनी रहेगी।

## मुगलों का वंशज बताकर लाल किले की मांग करने वाली सुल्ताना से सीजेआई का सवाल

# आपको फतेहपुर सीकरी और ताजमहल क्यों नहीं चाहिए?

### शीर्ष कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी सीजेआई और जस्टिस संजय ने की टिप्पणी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने वह याचिका खारिज कर दी है,जिसमें याचिकाकर्ता सुल्ताना बेगम ने खुद को मुगलों का वंशज बताते हुए दिल्ली के लाल किले पर कब्जे की मांग की थी। कोर्ट ने याचिकाकर्ता से पूछा कि सिर्फ लाल किला क्यों, ताजमहल और फतेहपुर सीकरी पर कब्जा क्यों नहीं चाहिए, वो भी तो मुगलों ने बनवाए हैं। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की बेंच ने बेगम की याचिका खारिज कर दी और कहा कि याचिका पूरी तरह से गलत है। सुल्ताना बेगम का दावा है कि वह बहादुर शाह जफर-2 के परपोते की विधवा है। बेंच ने कहा इसे खारिज किया जाता है।

### यूट्यूब चैनल '4पीएम' को ब्लॉक करने के खिलाफ केंद्र हलफनामा दे

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को यूट्यूब चैनल '4पीएम' पर रोक लगाने के आदेश को रद्द करने के अनुरोध वाली वाली याचिका पर केंद्र और अन्य से जवाब मांगा। याचिका में दावा किया गया है कि मध्यस्थ ने केंद्र सरकार की ओर से कथित रूप से जारी उस गोपनीय निर्देश के तहत चैनल को ब्लॉक किया है जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था के अस्पष्ट आधार का हवाला दिया गया है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जतायी और केंद्र तथा अन्य को नोटिस जारी कर याचिका पर हलफानामा मांगा।

**केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा का दिया था हवाला**



#### सुल्ताना के वकील की मांग ठुकराई

सुल्तानाकी याचिका पिछले साल दिसंबर में दिल्ली हाईकोर्ट ने देरी के आधार पर खारिज कर दी थी, जिस पर उनके वकील ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि हाईकोर्ट में याचिका देरी के आधार पर खारिज की गई थी न कि गुण-दोष के आधार पर इसलिए सुप्रीम कोर्ट भी वही रियायत दे और देरी के आधार पर ही खारिज करे। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने उनकी ये मांग मानने से इनकार कर दिया। बेगम ने 2021 में हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी, जिसे सिंगल जज की बेंच ने खारिज कर दिया था। इसके 900 दिन बाद याचिकाकर्ता हाईकोर्ट पहुंचीं। यहां जस्टिस विभू बाकरू और जस्टिस तुषार राव गेडेला की बेंच ने ढाई साल की देरी के आधार पर याचिका खारिज कर दी।

## आईबी अधिकारी की हत्या का मामला

# ताहिर की जमानत याचिका पर उच्च न्यायालय ने पुलिस से जवाब मांगा

दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को आम आदमी पार्टी के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन की उस याचिका पर पुलिस से जवाब मांगा, जिसमें फरवरी 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुए



दंगों के दौरान आईबी अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या से संबंधित एक मामले में नियमित जमानत की मांग की गई है। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने हुसैन की याचिका पर पुलिस को नोटिस जारी किया। न्यायाधीश ने कहा कि 3सप्ताह में वस्तु स्थिति रिपोर्ट सौंपें। उन्होंने मामले की सुनवाई जुलाई में तय कर दी। अधिवक्ता तारा नरूला के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है कि हुसैन पहले ही पांच साल से अधिक का समय जेल में बिता चुके हैं और मुकदमे में तेजी लाने के लिए निचली अदालत के सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद, इसके पूरा होने में समय लग सकता है। याचिका में कहा गया है कि निचली अदालत ने 12 मार्च को उनकी जमानत याचिका को गलती से खारिज कर दिया था।

## खबर संक्षेप

### बंगाल में बाइक पेड़ से टकराई, 3 की मौत

**हावड़ा।** बंगाल के हावड़ा जिले में एक मोटरसाइकिल सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई, जिससे उस पर




सवार दो किशोरों सहित तीन लोगों की मौत हो गई। पुलि ने बताया कि यह दुर्घटना रविवार रात उस समय हुई जब उनकी तेज रफ्तार मोटरसाइकिल बगनान के पास एक पेड़ से टकरा गई और वे पास की झाड़ी में गिर गए, शव बरामद हो गए हैं।

### सीबीआई डीजी नियुक्ति पीएमओ में किया मंथन

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने सीबीआई निदेशक की नियुक्ति के लिए समिति की बैठक की



अध्यक्षता की। इसमें नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी थे। समिति के सदस्य सीजेआई संजीव खन्ना भी बैठक में शामिल हुए। वर्तमान निदेशक प्रवीण सूद हैं। उनका कार्यकाल 25 मई को समाप्त हो रहा है।

### आज करना था घेराव डल्लेवाल नजरबंद


**फरीदकोट।** जिला पुलिस ने भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धपुर के प्रांतीय अध्यक्ष जगजीत



सिंह डल्लेवाल को सोमवार सुबह उनके घर में ही नजरबंद कर दिया। यह कदम संयुक्त किसान मोर्चा गैर राजनीतिक द्वारामंगलवार को शंभू थाने के घेराव की योजना के मद्देनजर उठाया गया। मोर्चा ने थाने का घेराव करने की घोषणा की थी।

### रायगढ़ में बस पलटी 1 की मौत, 26 घायल

**रायगढ़।** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में एक निजी लग्जरी बस के पलट गई। हादसे में एक 30 वर्षीय एक



यात्री की मौत हो गई, जबकि 26 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि घटना करनाला में एक ढलान पर हुई, जब बस मुंबई से कोंकण क्षेत्र की ओर जा रही थी। इस दौरान चालक ने बस पर से नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद बस पलट गई।

## दंगों के लंबे समय बाद मुर्शिदाबाद गईं ममता, फोड़ा केंद्र पर ठीकरा

# दंगा भड़काने वालों को बताया 'बंगाल का दुश्मन' केंद्र सरकार को सीमाओं की सुरक्षा करनी चाहिए

### केंद्र सरकार पर सांप्रदायिक नफरत फैलाने का आरोप लगाया

एजेंसी ▶▶ मुर्शिदाबाद

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने भाजपा नीत केंद्र सरकार पर सोमवार को सांप्रदायिक नफरत फैलाने और देश की सीमा की सुरक्षा करने में नाकाम रहने का आरोप लगाया। बेनर्जी ने यह भी आरोप लगाया कि मुर्शिदाबाद में हाल की हिंसा से प्रभावित परिवारों को भाजपा द्वारा उनसे मिलने से रोका जा रहा है। पिछले महीने हुए दंगों के बाद पहली बार मुर्शिदाबाद पहुंचने पर बेनर्जी ने कहा कि कुछ बाहरी लोग और कुछ धार्मिक नेता समुदायों के बीच हिंसा और दुश्मनी भड़काने की कोशिश कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ममता ने कहा कि जो लोग दंगे भड़का रहे हैं, वे पश्चिम बंगाल के दुश्मन हैं। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) की तीखी आलोचना करते हुए तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने आयोग के सदस्यों के मुर्शिदाबाद के हालिया दौरे के मद्देनजर उसकी प्राथमिकताओं पर सवाल उठाया। उन्होंने यह भी पूछा कि क्या एनएचआरसी के सदस्यों ने भाजपा शासित उत्तर प्रदेश और जातीय हिंसा प्रभावित मणिपुर का दौरा किया था, जहां अब राष्ट्रपति शासन है। बंगाल जाने पर सवाल उठाया।

**एनएचआरसी की भी तीखी आलोचना की**

#### केंद्र को संवैधानिक जिम्मेदारी की भी याद दिलाई

ममता ने केंद्र को चेतावनी दोहराते हुए कहा कि सांप्रदायिक हिंसा भड़काने के बजाय हमारी सीमाओं की रक्षा के लिए प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने केंद्र की उसकी संवैधानिक जिम्मेदारी की भी याद दिलाई। जब आप कुर्सी पर होते हैं, तो आप लोगों को धार्मिक आधार पर नहीं बांट सकते।



#### एनएचआरसी यहां दौरा करने में तत्पर था

ममता ने आरोप लगाया कि क्या एनएचआरसी ने मणिपुर और उत्तर प्रदेश का दौरा किया? वे मुर्शिदाबाद का दौरा करने में तत्पर थे। जिस तरह 2016 में नोटबंदी की घोषणा के एक दिन बाद ऑनलाइन भुगतान मंच ने अखबारों में पहले पन्ने पर विज्ञापन दिए थे, उसी तरह एनएचआरसी ने दंगे होने के तुरंत बाद मुर्शिदाबाद का दौरा किया। यह पूर्व नियोजित था। मैंने अधिकतर साजिशों का पर्दाफाश कर दिया है, मैं मीडिया के सामने इसका पर्दाफाश करूंगी। कुछ मीडिया संस्थान बेबुनियाद बातें फैलाने में भाजपा के हाथों की कठपुतली बन गए।

#### प्रभावित परिवारों को 'जबरन' स्थानांतरित किया

बेनर्जी ने दावा किया कि भाजपा ने मुर्शिदाबाद दंगों से प्रभावित परिवारों को 'जबरन' अन्य स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया गया ताकि वे उनसे मिल न सकें। उन्होंने कहा कि भाजपा मुर्शिदाबाद दंगों से प्रभावित लोगों के परिवारों को वहां से दूर ले गयी ताकि वे मुझसे न मिल सकें। क्या यह अपहरण नहीं है? अगर मैं उनसे यहीं मिलती और उन्हें चेक सौंपती तो क्या नुकसान होता?

#### कोलकाता में भाजपा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

### पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान की जाए



पहलगाम में हाल में हुए आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान, गिरफ्तारी और निर्वासन की मांग को लेकर भाजपा ने दक्षिण 24 परगना ज़िले के जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। करीब 200 भाजपा कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री देबश्री चौधरी के नेतृत्व में प्रशासनिक भवन के पास एकत्र होकर राज्य सरकार पर आरोप लगाया कि वह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस निर्देश पर अमल नहीं कर रही है, जिसमें सभी राज्यों से पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान कर उन्हें वापस भेजने और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने को कहा गया है। चौधरी ने कहा कि हमें यकीन है कि दक्षिण 24 परगना और पश्चिम बंगाल के अन्य हिस्सों में कई पाकिस्तानी नागरिक छिपे हुए हैं।

#### पुलिस ने रोका, एक घंटे तक यातायात प्रभावित रहा

प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने 'जज कोर्ट रोड' पर बैरिकेड लगाकर रास्ता रोका, जिससे करीब एक घंटे तक यातायात प्रभावित रहा। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी। केंद्र सरकार ने कश्मीर में शांति भंग करने के लिए आतंकवादियों को समर्थन देने के लिए पाकिस्तान को दोषी ठहराया था।

## गांधी चौक पर रैली में बोले अनुराग

# भारत विरोधी गतिविधियां कीं, तो मिट जाएगा पाक



एजेंसी ▶▶ हमीरपुर

भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने पाकिस्तान पर सीमा पर अशांति फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि अगर पड़ोसी देश भारत विरोधी गतिविधियां जारी रखता है, तो उसे पूरी तरह मिटा दिया जाएगा। आतंकी हमले के विरोध में पार्टी की ओर से यहां गांधी चौक पर आयोजित जिला स्तरीय रैली को संबोधित करते हुए ठाकुर ने कहा कि भारत सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि उचित समय पर पाकिस्तान को करारा जवाब दिया जाएगा। अगर पाकिस्तान भारत विरोधी हरकतें करता रहेगा, तो उसे विश्व की राज्य व्यवस्था से पूरी तरह मिट जाएगा। शिमला में भाजपा नेताओं ने उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपा और राज्य में कानूनी या अवैध तरीके से रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों की तत्काल पहचान कर उन्हें वापस उनके देश भेजने की मांग की। लोअर बाजार क्षेत्र में पाक विरोधी नारे लगाते हुए मार्च भी निकाला।

#### कांग्रेस बेकार बयान दे रही

उन्होंने बताया कि प्रदेश के 17 स्थानों पर विरोध प्रदर्शन किए गए हैं। प्रदेश भाजपाध्यक्ष बिंदल ने कहा कि अगर राज्य सरकार पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान कर उन्हें वापस नहीं भेजती, तो भाजपा जल्द ही एक 'जागरण अभियान' चलाएगी। ठाकुर ने यह भी आरोप लगाया कि जहां एक ओर केंद्र ने पाक के खिलाफ कूटनीतिक कदम उठाते हुए भारत में रह रहे पाकिस्तानियों को वापस भेजने की प्रक्रिया तेज कर दी है। हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार इस विषय पर गंभीर नहीं है। कांग्रेस केंद्र के फैसलों का समर्थन करती है, वहीं दूसरी ओर इसके कुछ नेता अनावश्यक बयानबाजी कर रहे हैं।

#### संजौली मस्जिद विवाद पर कहा

### कब्जा जमाएंगे...पर कागज नहीं दिखाएंगे

ठाकुर ने वक्फ बोर्ड पर निशाना साधते हुए कहा कि 'कब्जा जमाएंगे पर कागज नहीं दिखाएंगे' वक्फ बोर्ड की मानसिकता बन गया है। ठाकुर ने कांगड़ा हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा कि शिमला में संजौली मस्जिद का निर्माण अवैध रूप से किया गया था और न केवल ऊपरी मंजिलें बल्कि पूरा ढांचा अनधिकृत था। वक्फ बोर्ड भूमि स्वामित्व और मस्जिद के निर्माण की अनुमति के कागजात नहीं दिखा सका और इसलिए अदालत ने शनिवार को इसे गिराने का आदेश दिया। संजौली मस्जिद उन हजारों उदाहरणों में से एक है, जहां वक्फ बोर्ड ने वैध दस्तावेजों के बिना जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया है।

## जल विवाद के बीच हरियाणा में आक्रोश

# पंजाब में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए मान सरकार के खिलाफ मटके फोड़े

एजेंसी ▶▶ कैथल

इंडियन नेशनल लोकदल ने पंजाब सरकार की ओर से हरियाणा का पानी कम किए जाने पर प्रदर्शन किया। लगभग डेढ़ किलोमीटर पैदल मार्च करते हुए लघु सचिवालय पहुंचे और सीटीएम गुरविंद्र सिंह को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं ने विरोध में पंजाब सरकार की प्रतीकात्मक शवयात्रा भी निकली। इससे पहले इनेलो कार्यकर्ता जवाहर पार्क में एकत्रित हुए। पूर्व मुख्य संसदीय सचिव एवं इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा ने इस विरोध प्रदर्शन की अगुवाई की। प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने भाग लेते हुए पंजाब केसीएम भगवंत मान के नाम के मटके भी फोड़े।



#### आप सरकार अब अराजकता फैला रही

माजरा ने कहा कि आप सरकार की पंजाब से जड़े उखड़ती हुई दिख गई हैं। दअब पंजाब से भी इस पार्टी को अपना सूपड़ा साफ होता दिख रहा है तो लोगों की भावनाओं का फायदा उठाने की फिराक में आप ने अब संघीय ढांचे को नकार कर अराजकता फैलाने का काम किया है।

#### अजय पर बरसे त्रिवेदी

### राफेल पर मजाक उड़ा कांग्रेस सेना का मनोबल तोड़ रही

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय की ओर से राफेल को लेकर दिए बयान पर भाजपा ने इसे सेना का मनोबल तोड़ने वाला बताया है। भाजपा ने कहा कि सीमा पार से पाकिस्तानी सेना गोलीबारी कर रही है, वहीं सीमा के इस पार से इंडी गठबंधन के नेता सेना को निशाना बना रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता



सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के नेताओं के बयान भारतीय सेना के मनोबल को कमजोर करने के लक्ष्य से किए जाते हैं। इंडी गठबंधन के नेता मुखौटा लगाकर यह भी कहते हैं कि वो सरकार के साथ हैं, लेकिन वैसा ही है जैसा कि पाक यहां पर अपनी गतिविधियां चलाता है।

## महाराष्ट्र के पुणे में वारदात, यवत पुलिस ने किया खुलासा

# बेटे की मौत का बदला लेने के लिए एक ही परिवार के 7 रिश्तेदारों को मौत के घाट उतारा

### 25 जनवरी 2023 को दर्ज की गई थी

एजेंसी ▶▶ पुणे

महाराष्ट्र के पुणे में एक ही परिवार के 7 लोगों की हत्या ने सनसनी मचा दी थी। जनवरी 2023 मे पुणे के दौंड तालुका में भीमा नदी से एक परिवार के 7 सदस्यों के शव बरामद किए गए। 25 जनवरी 2023 को यवत पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई। सब-इंस्पेक्टर संजय नागरगोजे को 18 जनवरी को दोपहर 12.30 बजे परगांव गांव में नदी में एक अज्ञात महिला का शव मिला था। इसके



बाद 20 जनवरी को उसी स्थान के पास एक पुरुष का शव मिला। 22 जनवरी को दो और शव मिले, जिनमें एक महिला भी शामिल थी।

#### मोबाइल फोन से खुला राज

महिला के शव पर मिले मोबाइल फोन से पुलिस को पता चला कि वह बीड जिले के गेवराई की रहने वाली संगीता मोहन पवार थी। परिवार के सदस्यों से संपर्क किया और अन्य तीन शवों की पहचान संगीता के पति मोहन उत्तम पवार, उनके दामाद शमराव पंडित फुलवारेऔर बेटी रानी फुलवारे के रूप में हुई। पुणे ग्रामीण पुलिस की जांच से पता चला कि उनकी हत्या रिश्तेदारों ने की थी। इसके बाद, हत्याओं में कथित भूमिका के लिए पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया और एक नाबालिग को हिरासत में लिया गया।

## भारतीय रेलवे ने यात्रियों के लिए चार धाम यात्रा टूर पैकेज दिया

# 16 दिन और 17 रातों की यात्रा में मिलेंगी सारी सुविधाएं

### रेलवे ने चलाई भारत गौरव डीलक्स एसी ट्रेन, मिलेगी कन्फर्म टिकट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रेलवे एक बार फिर भारत गौरव डीलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन चलाने के लिए तैयार है। चार धाम यात्रा सर्किट के लिए चलने वाली इस ट्रेन को चलाने की तैयारी कर ली है। यह स्पेशल ट्रेन बद्रीनाथ, जगन्नाथ पुरी, रामेश्वरम और द्वारकाधीश के नजदीकी स्टेशनों को कवर करेगी। ट्रेन की शुरुआत 27 मई से होगी। यह ट्रेन दिल्ली के सफरदरजंग रेलवे स्टेशन से अपना शुरू करेगी। 16 दिन और 17 रात चलने वाली इस ट्रेन को आईआरसीटीसी द्वारा ऑपरेट किया जाएगा। यात्रीगण रेलवे की वेबसाइट पर टिकट बुक कर सकते हैं। तीर्थयात्री इस दौरान इन जगहों पर भी घूमने का लुत्फ उठा सकते हैं।

#### 27 मई को शुरुआत होगी

#### ये स्थान सूची में शामिल

- बद्रीनाथ : पवित्र बद्रीनाथ मंदिर, माना गांव और जीशमठ, ऋषिकेश
- जगन्नाथ पुरी : कोणार्क सूर्य मंदिर, चंद्रभागा बीच
- रामेश्वरम और धनुषकोटि, रामनाथस्वामी मंदिर
- द्वारका जाने वाले यात्री द्वारकाधीश मंदिर, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग और बेट द्वारका के दर्शन कर सकते हैं।
- इसके अलावा ट्रेन के जरिए वाराणसी, पुणे और नासिक में ज्योतिर्लिंग मंदिर जा सकते हैं।



**होटल में ठहरना, गाइड, भोजन, इंश्योरेंस भी मिलेगा**
रेलवे ने भारत गौरव पर्यटक ट्रेनों के तहत थीम आधारित पर्यटक ट्रेनों की शुरुआत की। टूर पैकेज में ऑफ-बोर्ड ट्रैवल, होटल में ठहरना, गाइड, भोजन, इंश्योरेंस के साथ सुविधाजनक व आरामदायक सफर शामिल है। वित्त वर्ष 2024-25 में कुल 196 यात्राएं आयोजित की गईं, जिसमें 1,26,981 यात्रियों ने विभिन्न जगहों की यात्रा की।

#### ट्रेन में आधुनिक सुविधाएं

टूरिस्ट ट्रेन में कई सारे आकर्षक फीचर्स और आधुनिक सुविधाएं जैसे रेस्तरां, शावर क्यूबिकल्स आदि हैं। यानी यात्री ट्रेन में ही नहा सकते हैं। टूरिस्ट ट्रेन में एसी12 और एसी-3 कोच मिलेंगे। इस ट्रेन में सीसीटीवी सर्विलांस के जरिए अपग्रेडेड सिक्योरिटी और हर कोच के लिए अलग-अलग सिक्योरिटी गार्ड हैं।पैकेज में 3-स्टार होटल आवास, सभी शाकाहारी भोजन, दर्शनीय स्थलों की यात्रा के लिए एसी ट्रांसफ़र और टूर एस्कॉर्ट्स भी शामिल हैं।

### कृषि तथा ग्रामीण क्षेत्रों को सशक्त बनाने को केंद्र सरकार निरंतर कर रही सहयोग: उत्तराखंड सीएम

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को देहरादून में एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में राज्य में केंद्र सरकार की विभिन्न कृषि और ग्रामीण विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री धामी ने केंद्रीय मंत्री का उत्तराखंड में स्वागत किया और कृषि तथा ग्रामीण क्षेत्रों को सशक्त बनाने के लिए केंद्र सरकार के निरंतर सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।चौहान ने कहा कि किसानों को लभा दिलाने के लिए केंद्र सरकार प्रयासरत है।


**मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम मर्यादित**
Your host in the heart of India
www.mpstdc.com
पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल 462003
दूरभाष : +91 755-4027100, 2774340/42, www.mpstdc.com
क्रमांक 175/यांत्रिकी/पविनि/25 दिनांक : 05.05.2025

**निविदा सूचना 90/ 2025_STDC_421373_1**

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम- सरसी आइलैंड जिला शहडोल में 'द ब्रीदिंग फॉरेस्ट' का विकास एवं रखरखाव के कार्य। (कार्यपूर्णता का समय 04 माह)। कार्य की अनुमानित लागत राशि रु. 28.31 लाख**
वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्युमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की अंतिम तिथि 20.05.2025 समय सायं 05:00 बजे तक निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।
म.प्र. माध्यम/119922/2025 **कार्यपालन यंत्री**

### स्कूल शिक्षा विभाग ने तबादले के लिए ऑनलाइन पोर्टल जारी किया

# जीएडी ने तबादला नीति में 21 पेज की नियमावली जारी की चपरासी के तबादले भी विभागीय मंत्री के अनुमोदन से ही होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार ने तबादले में दी गई एक महीने की छूट में राज्य व जिला स्तर पर होने वाले विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों के तबादले के लिए 21 पेज की नियमावली जारी की है। सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने नियमावली में कहा कि तबादला नीति से हटकर होने वाले तबादले के प्रकरण मुख्यमंत्री के समन्वय में जाएगा।

यह ठीक उसी तरह होगा, जो तबादले में छूट से पहले साल भर होते थे। दूसरी तरफ स्कूल शिक्षा विभाग ने तबादले के लिए ऑनलाइन पोर्टल जारी किया है। इसमें आवेदन के लिए 6 से 16 मई तक का समय दिया गया है। सरकार ने तबादले पर लगे प्रतिबंध में एक मई से 30 मई तक के लिए छूट दी है। इसी अवधि में सभी विभागों में तबादले होना है। हालांकि अखिल भारतीय सेवा, न्यायिक सेवा व राज्य सेवा के अधिकारियों के साथ मंत्रालयीन सेवा के अधिकारियों व कर्मचारियों पर यह छूट लागू नहीं होगी। इन निर्देशों के अनुसार जिला व राज्य संवर्ग के तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों का जिले के भीतर तबादला कलेक्टर के माध्यम से प्रभारी मंत्री करेंगे।

### पुलिस में तबादले की यह रहेगी रूपरेखा



गृह विभाग के तहत डीएसपी से नीचे पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के तबादले पुलिस स्थापना बोर्ड की ओर से जिले में पदस्थापना का निर्णय लिया जाएगा। जिले के भीतर एसपी प्रभारी मंत्री के परामर्श के उपरांत पदस्थापना की जाएगी। डीएसपी और उससे वरिष्ठ के अधिकारियों के तबादले स्थापना बोर्ड के दिशा निर्देशों के अनुरूप विभागीय मंत्री के अनुमोदन के बाद समन्वय में मुख्यमंत्री के अनुमोदन के बाद होंगे।

### सबसे पहले तबादले अनुसूचित क्षेत्रों में होंगे

*नीति के अनुसार सबसे पहले तबादले अनुसूचित क्षेत्रों में किए जाएंगे। इन क्षेत्रों में शत प्रतिशत रिक्त पदों पर पूर्ति के बाद गैर अनुसूचित क्षेत्रों में रिक्त पदों पर तबादले होंगे। अनुसूचित क्षेत्रों में 3 वर्ष की सेवा पूरी करने के बाद ही तबादले होंगे। किंतु ऐसे तबादले उनकी जिले में पछस्थापना की वरिष्ठता के क्रम से किए जाए अर्थात जो पूर्व से पदस्थ हो, उनका तबादला पहले किया जाएगा।*

### शिक्षा विभाग ने 2022 के तबादला नीति के अनुसार कार्यक्रम जारी किया

*स्कूल शिक्षा विभाग ने तबादला नीति 2022 को ध्यान में रखकर तबादला नीति के क्रियान्वयन के लिए समय सारणी जारी की है। इस अनुसार स्वैच्छिक तबादले के लिए ऑनलाइन आवेदन करना अतिशेष शिक्षक भी स्कूल का विकल्प दे सकते हैं। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन की समयसीमा 6 से 16 मई के बीच में दी गई है। आदेश जनरेट करने की समयसीमा 20 मई तक दी गई है। ऐसे अतिशेष शिक्षक जिन्होंने स्वैच्छिक तबादले का विकल्प नहीं चुना है या विकल्प नहीं मिल पाया है उनके प्रशासनिक आधार पर तबादले होंगे।*

### सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्तियों के साथ मुख्यमंत्री ने किया रीवा न्यायालय भवन का लोकार्पण

# न्याय पाना सबका अधिकार, इसकी सहज उपलब्धता सुनिश्चित कर रही सरकारः सीएम

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ रीवा

**बोले-नए कानूनों से न्यायालयीन प्रणाली और लोकतंत्र हुआ है समृद्ध**



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि न्याय पाना देश के हर नागरिक का कानूनी अधिकार है। न्याय पाने के अधिकार की सुरक्षा करते हुए हमारी सरकार प्रदेश के हर नागरिक को सहज और सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि समय पर न्याय दिलाना एक सामाजिक सूत्र है, जिसे हम सभी को अपने-अपने दायरे में पूरी शिद्दत से निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि रियासत काल से ही रीवा क्षेत्र न्याय व्यवस्था की दृष्टि से अग्रणी रहा है। इस दिशा में रीवा में आज एक और नए युग का सूत्रपात हुआ है। डॉ यादव रविवार को रीवा में नवनिर्मित जिला न्यायालय कॉम्पलेक्स के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नवनिर्मित भवन को न्याय का मंदिर बताते हुए विश्वास जताया कि इस भवन में आने वाला हर व्यक्ति सहज, सुलभ और पूर्ण न्याय प्राप्त करेगा। डॉ यादव ने कहा कि पिछले डेढ़-दो सालों में ही न्यायालयीन व्यवस्था की बेहतरी के लिए प्रदेश में 30 से अधिक छोटे-बड़े न्यायालय भवनों का लोकार्पण किया गया है और यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

### खुशी और गौरव लेकर आई न्यायालय भवन की सौगात

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा के लिए नवीन जिला न्यायालय भवन की सौगात खुशी और गौरव लेकर आई है। रीवा ही नहीं पूरा विन्ध्य तेजी से विकास कर रहा है। न्यायालय के नवीन भवन के लोकार्पण में मुख्यमंत्री और न्यायाधीशगणों ने शामिल होकर हमारा गौरव बढ़ा दिया है। हमारी न्याय प्रणाली सुदृढ़ होगी तो हमारा लोकतंत्र भी मजबूत बनेगा। समारोह में हाईकोर्ट के पोर्टफोलियो जज संजीव सचदेवा ने कहा कि रीवा की न्यायिक प्रणाली देश के संविधान से भी पुरानी है। यहां राजशाही विन्ध्य प्रदेश के समय भी मजबूत न्याय व्यवस्था थी। रीवा हाईकोर्ट से बघेलखण्ड और बुंदेलखण्ड के 21 जिलों के प्रकरणों का निराकरण होता था। नवीन न्यायालय भवन से रीवा की न्यायालयीन परंपरा को नया आयाम मिलेगा।

### तेजी से आगे बढ़ रही सरकारः न्यायाधीश सूर्यकांत

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार सभी क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रही है। सरकार के सक्रिय सहयोग से 30 नवीन न्यायालय भवनों की सौगात मिली है। रीवा के नवीन न्यायालय भवन में न्यायालयीन प्रणाली से जुड़ी सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इससे आगामी 50 वर्षों की आवश्यकताएं पूरी हो जाएंगी। नवीन भवन में मानवीय मूल्यों की स्थापना हो और कारगर न्यायप्रणाली से निष्पक्ष न्याय मिले। देश की प्रगति के लिए मजबूत न्याय प्रणाली का होना आवश्यक है।

### स्थापत्य, आधुनिकता का अनूठा संगम

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जेके माहेश्वरी ने कहा कि रीवा में राजा विश्वनाथ सिंह ने वर्षों पहले दो न्यायालयों का गठन किया था। मेताक्षरा न्यायालय में हिन्दू धर्म की परंपराओं के अनुसार तथा धर्मसभा में धार्मिक आधार पर न्याय किया जाता था। नवीन न्यायालय भवन बघेली स्थापत्य और आधुनिकता का अनूठा संगम है।

### रीवा में विधि का इतिहास बहुत महत्वपूर्णः सतीश चंद्र

*सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश सतीश चन्द्र शर्मा ने कहा कि रीवा में विधि का इतिहास बहुत महत्वपूर्ण है। इसी माटी से निकलकर जीपी सिंह हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश तथा जस्टिस जेएस वर्मा सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बने। यहां के कई जज और अधिवक्ता हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में अपनी प्रतिभा की चमक बिखेर रहे हैं।*

### न्याय की देवी की काली पट्टी खोलना अभूतपूर्व पहल

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार न्याय पाने के इच्छुक हर व्यक्ति के लिए जिला न्यायालय में एक सकारात्मक वातावरण तैयार करने तेजी से आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न्यायिक प्रणाली को अधिक कारगर बनाने के लिए नए कानून बनाए। उन्होंने उच्चतम न्यायालय द्वारा बीते कुछ सालों में दिए गए प्रमुख निर्णयों का जिक्र करते हुए कहा कि इन निर्णयों से सबके दिलों में देश की न्याय व्यवस्था के प्रति श्रद्धा और बढ़ी है। डॉ यादव ने कहा कि देश की न्यायपालिका ने एक अहम निर्णय लेते हुए अब न्याय की देवी की काली पट्टी खोल दी है, ताकि न्याय की देवी खुली आंखों से सबको न्याय दे सके, यह एक अभूतपूर्व पहल है। उन्होंने सर्वसुविधायुक्त नए न्यायालय भवन के लिए रीवावासियों को बधाई देते हुए कहा कि सबके अधिकारों और हितों की रक्षा में यह भवन न्याय के प्रति आस्था का केंद्र बनेगा।*

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जबलपुर में किया लॉयर्स चेम्बर एवं मल्टीलेवल पार्किंग का शिलान्यास

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को जबलपुर में मप्र उच्च हाईकोर्ट के एक समारोह में लॉयर्स चेंबर और मल्टीलेवल पार्किंग के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। समारोह में सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीश जस्टिस सूर्य कांत, जस्टिस जेके माहेश्वरी एवं जस्टिस एससी शर्मा, मप्र हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सुरेश कुमार कैत, प्रशासनिक न्यायाधीश जस्टिस संजीव सचदेवा एवं महाधिवक्ता प्रशांत सिंह मौजूद थे। इसके निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग को क्रियान्वयन एजेंसी नियुक्त किया गया है। समारोह में एमपी स्टेट बार कॉउंसिल के चेयरमेन राधेलाल गुप्ता, हाईकोर्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, हाईकोट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डीके जैन, आदि उपस्थित रहे।*

### नागरिकों को नगर निगम की सेवाओं का घर बैठे मिलेगा लाभ

# मुख्यमंत्री ने रीवा सिटीजन एप का किया शुभारंभ, आम लोगों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रीवा



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को नगर पालिक निगम रीवा में निर्मित माय रीवा सिटीजन एप का शुभारंभ किया। यह एप नागरिकों की सेवा में एक स्मार्ट पहल है, जिसके माध्यम से रीवा के नागरिक नगर निगम की सेवाओं से जुड़कर घर बैठे आवश्यक सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। इस अवसर पर नगर निगम ने माय रीवा सिटीजन एप से संबंधित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया। मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ नागरिकों से संवाद कर जिले के विकास में सहभागी बनने का आह्वान किया।

### माय रीवा सिटीजन एप में यह सुविधाएं

माय रीवा सिटीजन एप में शिकायत पंजीकरण, स्वच्छता, स्ट्रीट लाइट, नाली, सड़क, सीवरेज, पेयजल सहित सेवा ट्रैकिंग और समाधान स्थिति को देखा जा सकेगा। इसके माध्यम से आमजन सुझाव, फीडबैक प्रशासन तक पहुंचा सकेंगे। जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र, संपत्तिकर, जलकर भुगतान, अनुमति एवं अनापत्ति प्रमाण-पत्र एवं ई-चालान सहित अन्य सेवाओं का लाभ ले सकेंगे। एप में शिकायत के साथ फोटो अपलोड करने, गूगल मैप आधारित स्थान चिन्हांकन, वन-स्टाप प्लेटफार्म में शिकायतों, सेवाएं, सरल एवं पारदर्शी इंटरफेस, डैशबोर्ड तथा सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का निराकरण आदि की सुविधा भी रहेगी।

### रीवा में नवीन विश्राम गृह का लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रीवा प्रवास के दौरान राजनिवास सर्किट हाउस परिसर में नवनिर्मित विश्राम गृह का लोकार्पण किया। इंडो-यूरोपियन शैली में पुर्नघनत्वीकरण योजना से 656.45 लाख रुपए की लागत से निर्मित विश्राम गृह सभी आधुनिक सुविधाओं और सुरक्षा मानकों के अनुसार बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने विधिवत पूजा-अर्चना कर नवनिर्मित विश्राम गृह का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवीन सर्किट हाउस रीवा के लिए बड़ी सौगात है। आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह भवन विश्राम करने वालों को सुखद अनुभूति देगा। उन्होंने नवीन सर्किट हाउस निर्माण के लिए उप मुख्यमंत्री शुक्ल को साधुवाद दिया। मुख्यमंत्री ने लोकार्पण के उपरांत सर्किट हाउस का अवलोकन किया और बेहतर निर्माण की प्रशंसा की।

### 2200 वर्गमीटर में बना है यह विश्राम भवन

*पुर्नघनत्वीकरण योजना में मप्र गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल ने 2200 वर्ग मीटर में नवनिर्मित विश्राम गृह में 6 स्विट रूम के साथ एक वेंटिंग एरिया, 24 सीटर मीटिंग हॉल, ड्राइंग रूम, 14 सीटर डायनिंग एरिया आदि शामिल हैं। भवन में लिफ्ट का भी प्रावधान किया गया है। इस अवसर सांसद जनार्दन मिश्र, विधायक सिरमौर दिव्यराज सिंह, विधायक मनगवां इंजीनियर नरेन्द्र प्रजापति, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी गौरव राजपूत, कलेक्टर प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय जन उपस्थित रहे।*



# मेट गाला के रेड कारपेट पर सबसे ज्यादा चमकीं प्रियंका

*लॉस एंजिल्स। न्यूयॉर्क का मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट हर साल मई के पहले सोमवार को फैशन की दुनिया का सबसे बड़ा उत्सव 'मेट गाला' आयोजित करता है। भारतीय समयनुसार इसे मंगलवार 6 मई को सुबह 3:30 बजे देखा जा सकता है। इस साल मेट गाला भारतीय सिनेमा और फैशन के लिए खास होने वाला है। क्योंकि, बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान से लेकर अभिनेत्री कियारा आडवाणी तक, कई भारतीय सितारे रेड कारपेट पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे।*

## ये भारतीय सेलेब्स भी हुए शामिल



### 2025 में भारतीय सितारे

इस साल मेट गाला में भारतीय सितारों की मौजूदगी ऐतिहासिक होगी। आइए, जानते हैं कौन-कौन शामिल हो रहा है और उनके लुक्स की क्या खासियत होगी...

***शाहरुख खान :*** बॉलीवुड के किंग खान पहली बार मेट गाला में डेब्यू करेंगे और वह पहले भारतीय पुरुष अभिनेता होंगे, जो इस रेड कारपेट पर चलेंगे। शाहरुख मशहूर डिजाइनर सब्यसाची मुखर्जी के डिजाइन किए हुए आउटफिट में नजर आएंगे। न्यूयॉर्क के जॉन एफ. कैनेडी एयरपोर्ट पर उनकी तस्वीरें पहले ही वायरल हो चुकी हैं।

***कियारा आडवाणी :*** अभिनेत्री कियारा भी मेट गाला में पहली बार शामिल होंगी और अपनी प्रेग्नेंसी के दौरान इस रेड कारपेट पर मैटरनिटी फैशन का जलवा बिखेरेंगी। वह डिजाइनर गौरव गुप्ता के स्कल्पचरल आउटफिट में नजर आएंगी, जो थीम के साथ उनकी खूबसूरती को और निखारेगा। कियारा ने न्यूयॉर्क में अपने होटल से एक छोटे से ब्लैक आउटफिट के केक की तस्वीर शेयर कर अपने लुक का हिंट दिया है।

***प्रियंका चोपड़ा :*** मेट गाला की मेहमान प्रियंका इस बार अपनी पांचवीं उपस्थिति दर्ज कराएंगी, वह मेट गाला में सबसे ज्यादा शामिल होने वाली भारतीय कलाकार हैं। इस बार वह फ्रेंच फैशन हाउस बालमैन के डिजाइनर ओलिवियर रूस्टिंग के साथ रेड कारपेट पर चलेंगी और बुल्गारी के हाई-जूलरी कलेक्शन से सजी होंगी।

***दिलजीत दोसांझ :*** पंजाबी सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ भी मेट गाला में पहली बार हिस्सा लेंगे। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर 'फर्स्ट टाइम' लिखकर और मेट गाला का बैग दिखाकर अपने डेब्यू की पुष्टि की। दिलजीत के फैशन सेंस को देखते हुए, फैंस को उनके पंजाबी स्टाइल और ग्लोबल फैशन के फ्यूजन की उम्मीद है।



### सबसे पहले शामिल हुईं प्रियंका

मेट गाला में भारतीय सितारों की बढ़ती हिस्सेदारी भारत के ग्लोबल सॉफ्ट पावर को दिखाता है। प्रियंका चोपड़ा ने 2017 में इसकी शुरुआत की और तब से भारतीय डिजाइनरों जैसे सब्यसाची, प्रबल गुरुंग, राहुल मिश्रा और गौरव गुप्ता ने वैश्विक मंच पर अपनी छाप छोड़ी है। इस साल शाहरुख खान और दिलजीत दोसांझ जैसे एक्टर्स की एंट्री 'इंडियन मेन फैशन' को भी ग्लोबल स्पॉटलाइट में लाएगी। कियारा आडवाणी का मेटरनिटी लुक एक फैशन स्टेटमेंट होगा। वहीं, प्रियंका का लगातार पांचवीं बार शामिल होना उनकी ग्लोबल स्टारडम और फैशन सेंस को पेश करेगा।

### 2017 से अब तक शामिल हुए कई सितारे

#### ट्रेंच कोट ड्रेस में किया डेब्यू

*2017:* प्रियंका ने राल्फ लॉरेन के ट्रेंच कोट ड्रेस में डेब्यू किया, जिसमें लंबी ट्रेल थी। उनके साथ निक जोनस भी थे और यह उनकी लव स्टोरी की शुरुआत थी।

*2018:* थीम 'हैवनली बॉडीज' के लिए उन्होंने राल्फ लॉरेन की मरून वेलवेट गाउन और गोल्ड बीज्ड हुड पहना था।

*2019:* 'कैंपः नोट्स ऑन फैशन' थीम में प्रियंका ने डायर की सिल्वर गाउन और सिल्वर-फ्रॉस्टेड मेकअप के साथ सबको चौंकाया था।

*2023:* वालेंटिनो की ब्लैक गाउन और बुल्गारी जूलरी में प्रियंका थीम 'कार्ल लेगरफेल्डः ए लाइन ऑफ ब्यूटी' में छा गई थीं।

#### सिल्क स्लिप ड्रेस पहनी थी

*2017:* दीपिका ने प्रबल गुरुंग की सिल्क स्लिप ड्रेस पहनी थी।

*2018:* 'हीवेनली बॉडीज' थीम में दीपिका ने प्रबल गुरुंग की रेड गाउन में स्टनिंग लुक दिया।

*2019:* 'कैंप' थीम में दीपिका ने जैक पॉसन की बार्बी-इंस्पायर्ड पिंक गाउन में सबका ध्यान खींचा था।

#### ईशा अंबानी

*2017:* ईशा ने क्रिश्चियन डायर की गाउन में डेब्यू किया।


*2024:* थीम 'द गार्डन ऑफ टाइम' में उन्होंने प्रबल गुरुंग की साड़ी-गाउन में भारत के ट्रेडिशन को ग्लोबल स्टेज पर पेश किया।

### मेट गाला क्या है?

मेट गाला को 'फैशन का ऑस्कर' भी कहा जाता है, न्यूयॉर्क के मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट के कॉस्ट्यूम इंस्टीट्यूट के लिए फंड जुटाने वाला एक वार्षिक आयोजन है। 1948 में शुरू हुआ यह इवेंट पहले एक साधारण डिनर पार्टी था, लेकिन अब यह फैशन, कला और संस्कृति का सबसे बड़ा मंच बन चुका है। हर साल एक खास थीम के इर्द-गिर्द सितारे अपने डिजाइनर आउटफिट्स में रेड कारपेट पर अनोखे अंदाज में नजर आते हैं। यह आयोजन न केवल फैशन की दुनिया में नए ट्रेंड्स सेट करता है, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक मुद्दों पर भी चर्चा का केंद्र बनता है। पिछले साल इस इवेंट ने म्यूजियम के लिए 26 मिलियन डॉलर से ज्यादा की राशि जुटाई थी।


### इस साल की थीम और ड्रेस कोड...

***इस साल मेट गाला की थीम है :*** 'सुपरफाइनः टेलरिंग ब्लैक स्टाइल्स'। जो ब्लैक फैशन शैली और उनके सांस्कृतिक प्रभाव पर आधारित है। यह थीम मोनिका एल. मिलर की किताब स्लेव्स टू फैशनः ब्लैक डैंडीज्म एंड द स्टाइलिंग ऑफ ब्लैक डायस्पोरिक आइडेंटिटी से ली है। यह थीम 18वीं सदी के यूरोपीय फैशन से लेकर आधुनिक समय तक ब्लैक डैंडीइज्म की यात्रा को दिखाएगी, जिसमें रंगों, सिल्हूट्स और एक्सेसरीज जैसे टोपी, छड़ी, ब्रोच और पॉकेट स्क्वायर की बारीकियों पर जोर होगा। ड्रेस कोड 'टेलर्ड फॉर यू' मेहमानों को ट्रेडिशनल मेल ड्रेस में रचनात्मक बदलाव करने की आजादी देता है।



## 9 मई को रिलीज होगी 'भूल चूक माफ'

**मुंबई।** हाल ही में राजकुमार राव और वामिका गब्बी की बहुचर्चित फिल्म 'भूल चूक माफ' का बोनस ट्रेलर निर्माताओं द्वारा रिलीज किया गया है, जो दर्शकों के लिए एक तोहफा है। इस ट्रेलर में अभिनेता अपनी शादी के लिए तमाम उपायों को करते नजर आ रहे हैं और वह अपनी हल्दी की ही रश्म में फंसे दिख रहे हैं। करण शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म 'भूल चूक माफ' 9 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में राजकुमार राव और वामिका गब्बी के अलावा सीमा पाहवा अहम किरदार में हैं। एक मिनट 21 सेकेंड के इस बोनस ट्रेलर की शुरुआत में वामिका शादी के लिए राजकुमार राव को भगा लाती हैं। इसके बाद 'ट्रेलर में राजकुमार राव शादी करने के लिए तमाम उपायों को करते नजर आते हैं, जैसे सरकारी नौकरी खोजना, गाय को रोटी के साथ गुड़ खिलाना आदि।



## 10 नए चेहरों को लांच करेंगे आमिर...

**मुंबई।** 2007 की सुपरहिट फिल्म 'तारे जमीन पर' का सीक्वल है 'सितारे जमीन पर'। 'सितारे जमीन पर' का पहला पोस्टर देखते ही फैंस में फिल्म को लेकर उत्साह और अधिक बढ़ गया है। यह फिल्म 20 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पोस्टर में आमिर खान के साथ 10 नए चेहरे भी नजर आए, जिससे साफ है कि फिल्म की कहानी से लेकर स्टार कास्ट भी अनोखी होगी। इन 10 एक्टर्स में अरूष दत्ता, गोपी कृष्ण वर्मा, सम्वित देसाई, वेदांत शर्मा, आयुष भंसाली, आशीष पेंडसे, ऋषि शाहानी, ऋषभ जैन, नमन मिश्रा और सिमरन मंगेशकर शामिल हैं। आमिर खान 2025 में बॉलीवुड में वापसी कर रहे हैं। उन्हें आखिरी बार 2022 में फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' में देखा गया था। अब वह 'सितारे जमीन पर' लेकर आ रहे हैं।

## धर्मेंद्र ने शायरी के जरिए बताया जिंदगी का पाठ...


**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र ने एक से बढ़कर एक फिल्में दीं और अपने किरदार से लोगों का दिल जीता। वह फिल्मों और अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए फैंस से जुड़े रहते हैं। हिंदी सिने जगत के इस बड़े स्टार ने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने अपने फैंस को खास संदेश देते दिखे। धर्मेंद्र ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में वह अपने घर में बैठे दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने ब्लैक कलर की शर्ट और जींस पहनी हुई है। वीडियो में वह कैमरे की ओर देखते हुए एक शेर पढ़ते हैं, जो उर्दू और हिंदी में है। एक्टर कहते हैं, 'मौका दिया मुकद्दर ने, दिल दिमाग एक हुए... नेकी भी साथ हुई, मेहनत और मशक्कत की मंजिलें तय होती गईं... और हम सुर्खुरू हुए।' इस शेर का मतलब यह है कि किस्मत से तो बहुत कुछ तय होता है, लेकिन मेहनत जरूरी है, जिंदगी में अच्छा व्यवहार और नीयत रखना भी उतना ही जरूरी है, तभी इंसान सम्मान का हकदार होता है। उनके इस वीडियो पर लोग जमकर कमेंट कर रहे हैं। बेटी ईशा देओल ने कमेंट में रेड हार्ट इमोजी भेजे। कबड्डी खिलाड़ी राहुल चौधरी ने भी कमेंट में रेड हार्ट इमोजी की झड़ी लगा दी। वहीं, एक यूजर ने कमेंट में उनके लिए एक शेर लिखा – 'मेहनत वो चिंगारी है जो तकदीर के अंधेरे को भी रोशन कर देती है आपके हर कतरा-ए-पसीने में एक नया सवेरा छुपा है!'



### अभी भी फिल्मों में हैं सक्रिय

हाल ही में बेटी ईशा ने पापा धर्मेंद्र और मां हेमा को शादी की 45वीं सालगिरह की बधाई दी थी। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर उनकी कुछ पुरानी तस्वीरें शेयर की थीं, जिसमें धर्मेंद्र और हेमा अपनी दोनों बेटियों ईशा और अहाना के साथ दिखे। ईशा ने कैप्शन में लिखा, 'हैप्पी एनिवर्सरी मम्मा और पापा। आप मेरी दुनिया हैं। मैं आपसे प्यार करती हूं।' धर्मेंद्र अभी भी फिल्मों में सक्रिय हैं। 2024 में कृति सेनन और शाहिद कपूर स्टारर 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' में भी उन्होंने अहम भूमिका निभाई है।

### टीवी मसाला



## गौतमी कपूर ने किया था छेड़छाड़ का सामना

**नई दिल्ली।** टीवी एक्ट्रेस गौतमी कपूर के साथ बहुत कम उम्र में छेड़छाड़ की घटना हुई थी।एक अजनबी शख्स ने उनके साथ बस में गंदी हरकत की थी। इस घटना ने एक्ट्रेस को बहुत डरा दिया था और फिर वह तुरंत बस से उतर गई थीं। उस वक्त गौतमी लगभग 12 साल की थीं। हाल ही में गौतमी कपूर ने उन्होंने अपने स्कूल के दिनों में हुई इस घटना का जिक्र किया और बताया कि उस वक्त उनकी मां ने उन्हें बहुत सपोर्ट किया था। इसके अलावा मां ने उन्हें गलत के खिलाफ आवाज उठाने की बात कही थी। एक्ट्रेस ने कहा कि वह मुंबई से भावनात्मक रूप से जुड़ी हुई हैं। उनका मानना है कि मुंबई काफी सुरक्षित है और इस शहर ने उन्हें सब कुछ दिया है। गौतमी ने यह भी बताया कि अपने कॉलेज के दिनों में वह बस से सफर करती थीं। दरअसल, वह पांच साल की उम्र से ही बस से ट्रैवल कर रही थीं, क्योंकि उनके परिवार के पास कोई गाड़ी नहीं था। इंटरव्यू के दौरान गौतमी से पूछा गया कि क्या उन्होंने कभी कोई अप्रिय घटना का सामना किया है, तो उन्होंने बताया, 'यह तब हुआ जब मैं छठी क्लास में थी। एक आदमी ने पीछे से मेरी पैंट के अंदर हाथ डाल दिया था। मैं बहुत छोटी थी, इसलिए मुझे समझने में कुछ समय लगा कि क्या हो रहा है। मैं बहुत डर गई थी और तुरंत बस से उतर गई। पूरी सिचुएशन को समझने में मुझे 15-20 मिनट लगे। मैं यही सोचती रही कि क्या वह आदमी मेरा पीछा कर रहा है। गौतमी ने बताया कि जब यह घटना हुई, तब वह अपने स्कूल की यूनिफॉर्म में थी. उन्होंने कहा, 'जब मैं घर पहुंची तो अपनी मां को इस बारे में बताने से बहुत डर रही थी। मुझे लगा कि वह मुझे डांटेंगी। जब मैंने उन्हें बताया तो उन्होंने कहा कि क्या तुम पागल हो? तुम्हें मुड़कर उसे थप्पड़ मारना चाहिए था या उसका कॉलर पकड़ लेना चाहिए था। उन्होंने मुझसे कहा कि अगर कोई ऐसा कुछ करे, तो उसका हाथ कसकर पकड़ लो, जोर से चिल्लाओ और कभी घबराओ मत। अगर तुम्हें डर लगे, तो अपने पास पेपर स्प्रे रखो और उसे उनके चेहरे पर छिड़क दो या फिर अपना जूता उतारकर मारो। तुम्हें कुछ नहीं होगा। बिल्कुल भी नहीं डरना चाहिए।

## टी-सीरीज के साथ मिलकर भक्ति संगीत को बढ़ावा देंगे मनोज मुंतशिर...



***मुंबई।*** *टी-सीरीज ने मनोज मुंतशिर और उनकी पत्नी निर्माता नीलम मुंतशिर शुक्ला के साथ सहयोग करने का फैसला किया है। टी-सीरीज ने प्रार्थना भक्ति संगीत लेबल के साथ सहयोग की घोषणा की है, जो सनातन भक्ति संगीत को समर्पित है। टी-सीरीज और प्रार्थना भक्ति संगीत लेबल के बीच का यह सहयोग सनातन धर्म को समर्पित है। यह संगीत के माध्यम से भारत की कालातीत आध्यात्मिक परंपराओं को पुनर्जीवित करने का एक प्रयास है। इसके साथ टी-सीरीज गुलशन कुमार भजन परंपरा को आगे बढ़ाने का प्रयास करेगी। भक्ति संगीत की परंपरा को आगे ले जाने के अलावा 'प्रार्थना - द साउंड ऑफ सनातन' नई और उभरती हुई संगीत प्रतिभाओं को मंच भी देगा। यह लेबल सक्रिय रूप से नई आवाजों और संगीतकारों की तलाश करेगा और उन्हें बढ़ावा देगा जो भक्ति संगीत के प्रति लगाव रखते हैं। साथ ही भारत की संस्कृति को बढ़ाने के प्रयास में हैं। इस सहयोग को लेकर भूषण कुमार ने कहा, 'इस साझेदारी के जरिए हम अपने पिता गुलशन कुमार जी के भक्ति संगीत को सेवा के रूप में देखने के नजरिए का सम्मान करते हैं। हम एक ऐसी जगह बनाने के लिए उत्साहित हैं जहां परंपरा और नई प्रतिभा दोनों ही एक साथ रह सकें।*

### एक्टर के निधन पर काका ने कही थी दिल छू लेने वाली बात

## संजीव कुमार और राजेश खन्ना के बीच थी कोल्ड वॉर

***नई दिल्ली।*** *राजेश खन्ना और संजीव कुमार हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के सबसे शानदार एक्टर्स माने जाते हैं। दोनों ने ही अपने कॅरियर की शुरुआत लगभग साथ में ही की थी। फिल्मी दुनिया के इस सफर में एक सुपरस्टार बन गया और दूसरा अलग और जानदार किरदारों से तारीफें बटोरता रहा। दोनों इंडियन थिएटर असोसिएशन से जुड़े हुए थे। नाटकों में काम कर रहे थे। एक ही समय के दो टॉप के एक्टर्स ,लेकिन दोनों के बीच न तो दोस्ती हुई और न ही दुश्मनी। हां, एक -दूसरे के व्यवहार से जरूर दिक्कतें होती थीं। इनके बीच की कोल्ड वॉर कभी खुलकर सामने नहीं आई।*

### राजेश की गर्लफ्रेंड से जुड़ा था संजीव का नाम

एक और रिपोर्ट के मुताबिक उन दिनों अंजू और संजीव कुमार के बीच अच्छा रिश्ता बन गया था, जिससे राजेश खन्ना को दिक्कतें होने लगी थी। इस बारे में खुद एक्ट्रेस ने अपने पुराने इंटरव्यू में बात करते हुए संजीव कुमार के साथ अपने रिश्ते को बेबुनियाद बताया था।



### संजीव कुमार को घमंडी लगते थे काका

रिपोर्ट के मुताबिक संजीव कुमार को राजेश खन्ना घमंडी लगते थे। दरअसल, ये वो वक्त था जब राजेश खन्ना की जिंदगी में एक्ट्रेस अंजू महेंद्रू थीं। काका अक्सर उनसे मिलने फिल्मों के सेट पर जाया करते थे। उन दिनों अंजू, संजीव कुमार के साथ फिल्म महंगा सौदा नाम की फिल्म में काम कर रही थीं। हर बार की तरह राजेश खन्ना, अंजू से मिलने सेट पर आते थे, प्रेमिका से मुलाकात करते और चले जाते थे। काका का ये बर्ताव फिल्म के सेट पर किसी को भी पसंद नहीं था। संजीव कुमार इन्हीं कुछ वजहों के चलते उन्हें घमंडी भी समझते थे।

### फिर भी साथ में किया काम

राजेश खन्ना और संजीव कुमार के बीच चल इस कोल्ड वॉर के बाद भी दोनों ने जीपी सिप्पी की फिल्म बंधन में साथ काम किया। दोनों एक-दूसरे के साथ प्रोफेशनल तारीके से पेश आए। ऐसी भी खबरें थीं कि फिल्म आनंद में अमिताभ बच्चन का किरदार संजीव कुमार निभाने वाले थे। लेकिन, राजेश खन्ना ने एक्टर की परफॉरमेंस के डर से वो रोल अमिताभ बच्चन को दिया गया। फिल्म आनंद के दौरान वाली इस घटना को उनकी गर्लफ्रेंड रही एक्ट्रेस अंजू महेंद्रू ने स्वीकार किया था। एक्ट्रेस ने बताया था कि राजेश खन्ना हमेशा से संजीव कुमार से इनसिक्योर महसूस करते थे। हालांकि, इसके बाद दोनों ने फिल्म आपकी कसम में साथ में काम किया था।

### अंतिम विदाई

ऐसी भी खबरें हैं की जब संजीव कुमार का निधन हुआ तो राजेश खन्ना अपनी सभी फिल्मों की शूटिंग छोड़कर उन्हें अंतिम विदाई देने पहुंचे थे। एक्टर ने संजीव कुमार के अंतिम विदाई के दौरान कहा था, 'मैं अपने प्रिय सहकर्मी को श्रद्धांजलि देने आया हूं। हरिभाई (संजीव कुमार) एक बेहतरीन एक्टर थे, एक एक्टर के एक्टर।'

## बारिश सिर पर कछुआ गति से चल रही सफाई

# 90 दिन में हनुमानताल की नहीं निकल पाई सिल्ट

जबलपुर।

करीब 2 दशक से अधिक के इंतजार के बाद वह समय आया कि हनुमानताल साफ होना शुरू हुआ। लेकिन विभागीय लापरवाही और ठेकेदार की उदासीनता के चलते हनुमानताल की सफाई पर गहरा संकट मंडरा रहा है। 90 दिन पहले हनुमानताल खाली होना शुरू हुआ, लेकिन आज की तारीख तक सिल्ट साफ करने का काम व्यवस्थित रूप से शुरू नहीं हुआ। अब कुल 40 दिन शेष हैं, क्योंकि 15 जून से बारिश दस्तक दे देगी और हनुमानताल दोबारा भर जाएगा। वहीं, यदि उससे पहले मौसम ने करवट ली तो इतना कीचड़ हनुमानताल में बन जाएगा कि सफाई 200 गुना मुश्किल हो जाएगी। लेकिन हैरानी की बात यह है कि सामान्य सी बात जो सड़क पर ठेला लगाने वाले भी जानता है, उससे जिम्मेदार विभाग और उनके दक्ष अधिकारी आंखें मूंदे हुए हैं। अब देखना दिलचस्प होगा कि जिन नेताओं ने तालाब सफाई के नाम पर वाहवाही लूटी है, वे सफाई का काम पूरा कराने में कितनी दिलचस्पी लेते हैं। फिलहाल तो यही लग रहा है कि ठेकेदार बारिश आने का इंतजार कर रहा है।



### तल तक पहुंचना जरूरी

तालाब साफ करने की सामान्य प्रक्रिया यही है कि पानी खाली करने के बाद जेसीबी आदि से खुदाई की जाती है और सिल्ट व गंदगी निकाली जाती है। इस प्रक्रिया को यदि ईमानदारी से किया जाए, तो कम से कम 2 जेसीबी मशीनें 45 दिन तक काम करेंगी, तब सिल्ट निकलेगी। अभी जो सख्त परत दिख रही है, वह सूरज की गर्मी के कारण सिल्ट पर आई कठोरता है। जब उसे खोदना शुरू किया जाएगा, तब अंदर से वर्षों से जमा कीचड़ और गंदगी निकलना शुरू होगी। जब उसे पूरी तरह साफ किया जाएगा, तभी तालाब का तल दिखाई देगा। यदि तल तक पहुंचे बिना तालाब को दोबारा भर दिया गया या बारिश से स्वतः भर गया, तो यह सफाई सिर्फ खाना पूर्ति साबित होगी। समस्या जस की तस बनी रहेगी, बल्कि और विकराल हो जाएगी।

### सूख जाएंगी बोरिंग

जानकार बताते हैं कि हनुमानताल के चारों तरफ 500 मीटर के क्षेत्र में जितनी भी बोरिंग हैं, वे सभी हनुमानताल पर निर्भर हैं। हनुमानताल जब बारिश का पानी सोखता है, तभी इन क्षेत्रों का भूजल स्तर ऊपर आता है। लेकिन जब तल पर सिल्ट और गंदगी की मोटी परतें जम जाती हैं, तो पानी सोखने की प्रक्रिया धीमी हो जाती है। इसी वजह से बीते कुछ समय में इन क्षेत्रों में बोरिंग सूखने या भूजल स्तर गिरने की शिकायतें आ रही हैं। यदि इस बार भी बिना खुदाई और सिल्ट सफाई के तालाब भर गया, तो स्थिति चिंताजनक हो जाएगी।

### युद्ध स्तर पर काम जरूरी

चूंकि पहले ही 90 दिन गंवाए जा चुके हैं, मई का पहला सप्ताह भी बीत चुका है, Aवहीं जून में कब बारिश शुरू हो जाए इसका भरोसा नहीं। ऐसे में यदि वास्तव में हनुमानताल को साफ करना है, तो युद्ध स्तर पर काम करने की जरूरत है। पूरी मशीनरी के साथ जब 30 दिन दिन-रात कार्य होगा, तभी जाकर हनुमानताल की सिल्ट और गंदगी की मजबूत परत हटेगी और तल तक पहुंचा जा सकेगा।

### खत्म हो रही झिर

क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि हनुमानताल में अपनी झिरें (प्राकृतिक जलस्त्रोत) हैं जो लगातार तालाब में जलस्तर बनाए रखती थीं। लेकिन वर्षों से जमा होती गंदगी और सिल्ट की सतह ने इन झिरों को बंद कर दिया है, जिससे तालाब का जलस्तर अब केवल बारिश के पानी पर निर्भर हो गया है। यदि तालाब की सफाई ईमानदारी से की जाए, तो ये झिरें फिर से सक्रिय हो सकती हैं और पूरे शहर को लाभ होगा। लेकिन जिस तरह से वर्तमान में काम हो रहा है, उससे ऐसी उम्मीद कम ही दिख रही है।

## छेड़छाड़ के मामले में न्यायालय ने किया युवक को दोषमुक्त

**जबलपुर।** जिला न्यायालय जबलपुर की न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी विशेष न्यायाधीश महिला संबंधी अपराध की अदालत ने युवती के साथ घर में घुसकर हुई छेड़छाड़ की घटना के मामले में आरोपी अधिवक्ता के तर्क सुनने के बाद न्यायालय ने संज्ञान लेते हुए उपरोक्त मामले में अपराध विवरण चार्ज में सुनवाई करते हुए छेड़छाड़ की धारा 354 से दोषमुक्त कर दिया है मामले का विवरण इस प्रकार है कि दीक्षितपुरा निवासी वंदना लखेरा ने थाने पहुंचकर शिकायत की थी और बताया था कि क्षेत्र में ही रहने वाले मकान बनाने वाले ठेकेदार विजय सोनी ने युवती के घर में घुसकर दुष्कर्म का प्रयास किया था,अभियुक्त की ओर उपस्थित होकर अधिवक्ता तरुण शुक्ला द्वारा न्यायालय के समक्ष तर्क पेश करते हुए बताया गया कि युवती ने दिनांक 11/2/2024 को थाने पहुंचकर उक्त घटना का होना बताया गया था परंतु पुलिस जांच में उपरोक्त घटना की जांच पर ऐसी कोई घटना का ना होना पाया गया, लेकिन युवती के द्वारा दबाव बनाकर अभियुक्त के ऊपर दिनांक 17/2/2024 को मामला दर्ज करवा दिया गया था, पर जब न्यायालय में धारा 164 के कथन करवाए गए तो युवती ने स्वयं स्वीकार कर लिया कि विजय सोनी ने युवती से कोई जोर जबरदस्ती का प्रयास नहीं किया गया, इन सभी बातों को लेकर युवक के अधिवक्ता की ओर प्रस्तुत किये गए तर्कों को सुनने के पश्चात न्यायालय में पेश किये गए तर्कों को सही मानते हुए न्यायालय ने युवती के साथ छेड़छाड़ या दुष्कर्म के प्रयास की कोई घटना का नहीं होना पाया गया, और छेड़छाड़ के आरोप से युवक को दोषमुक्त कर दिया मामले में अभियुक्त की ओर से अधिवक्ता तरुण शुक्ला, कपिल राजपूत ने न्यायालय में पैरवी की गई।

## ओएफजे में कमलेश कुमार ने संभाला जीएम का कार्यभार

**जबलपुर।** भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय, आयुध निर्माणी संगठन के वर्ष 1997 बेच के आईओएफएस अधिकारी कमलेश कुमार ने रक्षा मंत्रालय के उपक्रम यंत्र इंडिया लिमिटेड की महत्वपूर्ण यूनिट आयुध निर्माणी जबलपुर महाप्रबंधक के रूप में पदभार संभाल लिया है। महाप्रबंधक कमलेश कुमार,(एवीएनएल की इकाई) वाहन निर्माणी जबलपुर से ट्रांसफर होकर आयुध निर्माणी जबलपुर का पदभार ग्रहण किया। आयुध निर्माणी संगठन में महाप्रबंधक कमलेश कुमार की छवि एक कुशल और सफल अधिकारी रूप में है वे अपने संस्थान के प्रति समर्पित व अनुशासन प्रिय अधिकारी रूप में जाने जाते है।

## राशि अदायगी को लेकर पारित डिक्री का पालन न करने पर कोर्ट सख्त

# पवन केटर्स के संचालक के खिलाफ कुर्की वारंट जारी

जबलपुर।

डेरी से सामग्री क्रय करप उसकी राशि का भुगतान न करने के मामले में पूर्व में दिये गये आदेश और पारित डिक्री का पालन न किये जाने के मामले को अदालत ने गंभीरता से लिया। व्यवहार न्यायाधीश सुश्री श्रृद्धा पटेल ने सुनवाई दौरान पाया कि अनावेदक ने उक्त फैसले के खिलाफ अपील दायर की है, लेकिन अपील पर कोई स्थगन न होने को मद्देनजर रखते हुए अदालत ने पवन केटर्स के संचालक पवन गुप्ता के खिलाफ कुर्की वारंट जारी करने के आदेश दिये है।

दरअसल यह मामला दीपक कुमार रजक ने अधिवक्ता संजय शर्मा के माध्यम से दायर किया। जिसमें कहा गया कि आवेदक दिव्यांश डेरी एवं बेकरी का संचालन करता है। वहीं अनावेदक मदनमहल रतननगर निवासी पवन गुप्ता पिता रामेश्वर गुप्ता केटर्स का काम करता है। जो कि आवेदक की डेरी से दूध, दही, पनीर व अन्य सामग्री का क्रय करता रहा और चैक व नगद के माध्यम से राशि भुगतान करता रहा। कई मर्तबा अनावेदक उधारी पर भी सामग्री लेता रहा। जब राशि एक लाख के पार हो गई तो आवेदक ने राशि भुगतान के लिये कहा, जब राशि भुगतान नही की गई, तो न्यायालय की शरण ली गई। उक्त मामले को लेकर अगस्त 2024 में अदालत ने 83 हजार रुपये की राशि डिक्री दिनांक से छह फीसदी ब्यॉज के साथ भुगतान के निर्देश अनावेदक पवन गुप्त को दिये थे।

### नहीं किया राशि का भुगतान

वादी के अधिवक्ता संजय शर्मा ने बताया कि अदालत के आदेश के बावजूद भी अनावेदक ने राशि का भुगतान नहीं किया। जिस पर निष्पादन की कार्यवाही के लिये आवेदन पेश किया गया। जिस पर अनावेदक की ओर से अदालत के उक्त फैसले के खिलाफ अपील दायर की गई। विचारण न्यायालय के समक्ष श्री शर्मा ने तर्क पेश किया कि अपील पर अब तक कोई स्थगन नहीं है, यह सिर्फ निष्पादन की कार्यवाही को टालने के लिये उस पर जोर दिया जा रहा है। पूरे मामले का अवलोकन करने के बाद न्यायालय ने अनावेदक के आवेदन को निरस्त कर उसके खिलाफ कुर्की वारंट जारी करने के निर्देश दिये।

### हाईकोर्ट का निर्देश

## 10 वर्ष से अधिक की सेवा देने वाले दैवेभो को नियमितिकरण का लाभ देने पॉलिसी बनाएं

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिए हैं कि 10 वर्ष से अधिक की सेवा देने वाले सभी दैवेभो को नियमितिकरण का लाभ देने सुप्रीम कोर्ट की गाईडलाइन के तहत पॉलिसी बनाएं। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने मुख्य सचिव को इसके लिए एक स्क्रूटनी कमेटी बनाने के निर्देश दिए हैं। ये कमेटी प्रदेश के सभी विभागों में कार्यरत उन दैवेभो कर्मियों की जांच करेगी जिन्होंने 10 वर्ष से अधिक की सेवाएं दी हैं। हाईकोर्ट ने इस आदेश की कॉपी राज्य के मुख्य सचिव को आवश्यक कार्रवाई एवं अनुपालन के लिए भेजने के निर्देश दिए।



जबलपुर निवासी लोक निर्माण विभाग में दैवेभो के रूप में कार्यरत अशोक कुमार व अन्य की ओर से 2023 में याचिका दायर कर नियमितिकरण की मांग की थी। याचिका में दलील दी गई थी कि उनके बाद नियुक्त हुए कई कनिष्ठ कर्मियों को को नियमित कर दिया गया है, लेकिन उनका दावा निरस्त कर दिया गया। मामले पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से उप महाधिवक्ता स्वप्निल गांगुली ने बताया कि सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागों के प्रमुख सचिवों को पत्र लिखकर 10 साल से अधिक सेवा कर चुके दैवेभो या अस्थाई कर्मचारियों की अनियमित (अवैधानिक नहीं) को नियमित करने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। ऐसे कर्मचारियों की जानकारियां एकत्र की जा रही हैं।

### हिस्ट्रीशीटर रज्जाक के गुर्गे फ्रांसिस को अग्रिम जमानत नहीं

**जबलपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश महिमा कछवाहा की अदालत ने हिस्ट्रीशीटर अब्दुल रज्जाक के गुर्गे नवन होम्स अभिनंदन कालोनी, तिलहरी निवासी फ्रांसिस फर्नांडिंस की अग्रिम जमानत अर्जी निरस्त कर दी। मामला जमीन क्रय-विक्रय विवाद से संबंधित है। अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक अनिल तिवारी ने अग्रिम जमानत का विरोध किया। उन्होंने दलील दी कि आरोप गंभीर प्रकृति का है। इस तरह के मामले में अग्रिम जमानत का लाभ देने से समाज में गलत संदेश जाएगा। साथ ही आवेदक साक्ष्यों को भी प्रभावित कर सकता है। कोर्ट ने तर्क से सहमत होकर अर्जी निरस्त कर दी।

## 15 मई तक शत प्रतिशत हितग्राहियों की ई-केवायसी पूर्ण करें: जिला आपूर्ति नियंत्रक

**जबलपुर।** जिला आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि म.प्र. शासन, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय ने एनएफएसए अन्तर्गत सम्मिलित समस्त पात्र हितग्राहियों की ई-केवायसी करने के लिए निर्देश जारी किए है। ई-केवायसी कराने से शेष हितग्राहियों को अवसर देते हुए शासन के निर्देशानुसार अभियान की तिथि बढ़ाकर 15 मई की गई है। ई-केवायसी करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस संबंध में गोहलपुर अनुविभाग अन्तर्गत राशन दुकान संचालित करने वाले विक्रेताओं की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में विक्रेताओं को निर्देश दिए गए कि वे शतप्रतिशत हितग्राहियों की ई-केवायसी समय सीमा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। जिन हितग्राहियों का पीओएस मशीन में अंगूठा न लग पाने के कारण ई-केवायसी नहीं हो पा रही है, उनके लिए मेरा ई-केवायसी ऐप बनाया गया है, जिसमें हितग्राही के चेहरे से ई-केवायसी की जा सकेगी। विक्रेताओं को निर्देश दिए गए कि, वे जिन हितग्राहियों की मृत्यु हो गई या शादी होने के कारण बाहर चले गए है उनके नाम काटने के लिए सूची खाद्य कार्यालय में तत्काल जमा करायें। इस कार्य में लापरवाही, उदासीनता बरतने वाले विक्रेताओं के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत प्रवृत्त म.प्र. सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश, 2015 के तहत कार्रवाई की जाएगी।




# निर्माण कार्य के दौरान टूटी नगर निगम की पाइप लाइन



जबलपुर।

स्टेट पी.डब्लू.डी. के द्वारा मेडिकल से तिलवारा मार्ग पर सड़क के किनारे खुदाई के दौरान विभाग के ठेकेदार द्वारा लगाई गई जेसीबी मशीन के द्वारा नगर निगम की पाइप लाइन तोड़ दी गई थी, जिसके कारण नागरिकों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। जबकि नगर निगम के सहायक यंत्री द्वारा स्टेट पीडब्लूडी के ठेकेदार को एवं उनके प्रतिनिधि को खुदाई न करने के साथ-साथ तोड़फोड़ न करने के संबंध में अवगत करा दिया गया था परन्तु ठेकेदार द्वारा मनमानी करते हुए लापरवाही पूवर्क कार्य कराया गया, जिसके कारण नगर निगम की छवि धूमिल हुई है। उक्त जानकारी आज सुधार कार्य स्थल पर पाइप लाइन टूटने और सुधार कार्य देखने पहुंची निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव को जल विभाग के अधिकारियों ने दी। इस अवसर पर निगमायुक्त प्रीति यादव ने जल विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सुधार कार्य में जो भी राशि का व्यय आयेगा उसकी वसूली संबंधित ठेकेदार से करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें साथ ही नागरिकों को पेयजल आपूर्ति के लिए वैकल्पिक व्यवस्था को मजबूत करें। निगमायुक्त श्रीमती यादव ने नागरिकों की सुविधा के लिए पेयजल आपूर्ति के संबंध में सूचना देने तथा शिकायत करने के लिए हेल्प लाइन नम्बर 0761-2611611 जारी किया गया है।

निगमायुक्त ने बताया कि सुधार कार्य तेज गति से चल रहा है, शीघ्र ही सुधार कार्य कराकर शहर के नागरिकों को भरपूर पेयजल की आपूर्ति कराई जायेगी। उन्होंने बताया कि सुधार कार्य के दौरान भी नागरिकों को पेयजल संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### पूजा अर्चना की तथा प्रदेश वासियों की सुख-समृद्धि की कामना की

# मुख्यमंत्री ने किये भगवान विष्णु वराह के दर्शन

**हरिभूमि जबलपुर।**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सोमवार की शाम मझौली पहुँचे और यहाँ भगवान विष्णु वराह के दर्शन किये। उन्होंने यहाँ विष्णु वराह मंदिर में पूजा अर्चना की तथा प्रदेश वासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन एवं धार्मिक न्यास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी, सांसद आशीष दुबे, विधायक अजय विश्नोई भी इस अवसर पर उनके साथ थे। मुख्यमंत्री डॉ यादव मंडला जिले में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद हेलीकॉप्टर से मझौली पहुँचे थे। मझौली स्थित खेल मैदान में बने अस्थाई हेलीपेड पर पहुँचने पर संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, सांसद आशीष दुबे, विधायक अजय विश्नोई, भाजपा के जिला ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

जिला मुख्यालय जबलपुर से लगभग 45 किलोमीटर दूर मझौली स्थित विष्णु वराह मंदिर का निर्माण 11 वीं शती में किया गया था। कालांतर में ध्वस्त हुये कल्चुरी कालीन इस मंदिर का 18 वीं शती में पुनर्निर्माण किया गया। बताया जाता है कि इस मंदिर में स्थापित भगवान विष्णु वराह की प्रतिमा विश्व की सबसे बड़ी और एकमात्र ऐसी प्रतिमा है जिसकी पूजा होती है। इस विशाल प्रतिमा को भी 11 वीं शती में मंदिर के गर्भ गृह में स्थापित किया गया था। धार्मिक एवं पौराणिक महत्व का विष्णु वराह मंदिर कला की दृष्टि से भी उत्कृष्ट है और राज्य सरंक्षित स्मारकों में शामिल है।





## लक्ष्मी नारायण यज्ञ में पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव

**सिहोरा।** निकटवर्ती ग्राम रिंवझा में 9 मई तक भारत के महान कथा वाचक अनिरुद्धाचार्य जी महाराज के सानिध्य में चल रहे श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ एंव सप्त दिवसीय भागवत कथा में सोमवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव पहुंचे उन्होंने जहां व्यासपीठ का पूजन कर पुण्य लाभ अर्जित कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की वहीं यज्ञ के सहयोगी बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पांडे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने उनका भव्य स्वागत किया। मुख्यमंत्री मझौली में विष्णु बराह भगवान के दर्शन कर रवाना हुए।



## भजन बिना नर फीको

**जबलपुर।** स्वामी महेन्द्रानन्दजी के नेतृत्व में हो रहे श्री शिवसमाराधना महायज्ञ व श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञानयज्ञ के पञ्चम दिवस में पवई धाम सरकार को कथा श्रवण कराते हुए इन्देश उपाध्याय ने भगवान बाल कृष्ण की अद्‌भुत लीलाओं का वर्णन किया। महाराज श्री कहते है कि अविद्या ही पूतना है, अपने गुणों पर गर्व होना ही पूतना है और मात्र छः दिन के होने पर ही बालकृष्ण ने पूतना का वध कर दिया। भगवान कितने दयालु है कि जो पूतना भगवान को को मारने आई थी उसे भगवान ने माता की गति प्रदान कर दी। वाणी का सदुपयोग तभी होगा जब इससे भगवान के निर्मल यशचरित्र का किया जाए। कान इसलिये ही मिले है कि इनसे भगवान की लीलाकथा का श्रवण कराया किया जाए। हाथ सत्कर्म करने को, मन सत चिन्तन करने को पैर भगवद्‌धाम जाने को, स्मृति भगवदस्मरणको सिर भगवद्‌चरणों में झुकने को और दृष्टि सारे जग में एकमात्र ब्रहम का दर्शन करने को ही हमें मिले है । शकटासुर वध, नामकरण-लीला, माखन चोरी लीला, गोवर्धन धरण लीला आदि का वर्णन इंद्रेश जी ने किया । 7 मई 2025 तक यह कथा पवई धाम सरकार, पाटन में चलेगी। मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री मोहन यादव का पवई आगमन मौसम खराब होने के कारण मझौली से पवई नहीं पहुंच पाए क्योंकि हेलीकॉप्टर को वहां पहुंचने में असुविधा थी इस कारण उपस्थित भक्तगणों को उन्होंने मोबाइल के द्वारा श्री बलराम यादव के मोबाइल पर संबोधन किया एवं महाराज से आशीर्वाद लिया एवं ना पहुंच पाने का खेद व्यक्त किया। मंच संचालन जितेंद्र पचौरी ने किया। सर्वेश पचौरी (पटेल) की मुख्य यजमान ने भागवत कथा श्याम मनोहर पचौरी मुख्य यज्ञ यजमान, सह यजमान लाल सिंह यादव, राकेश पचौरी, योगेश गोर मथुरा इन्द्र सिंह यादव, प्रमोद पलहा, बलराम यादव आयोजन प्रभारी, हरकृष्ण पचौरी अध्यक्ष आयोजन समिति, नवनीत माहेश्वरी, विष्णु शंकर जी पटेल गोरी शंकर तिवारी, मनोज पटेल, आनंद पटेल,गोविंद पटेल, मुकुल पचौरी, मदन मोहन पचौरी, देवेंद्र सिंह, नितिन भाटिया, कौशल किशोर सूरी, किरण मलहोत्रा आदि ने श्रीमद्‌भागवत पूजन किया।



## एकीकृत शासकीय कन्या हाईस्कूल में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ



**जबलपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर एवं खेल युवा कल्याण, विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एकीकृत शासकीय कन्या हाई स्कूल व्हीकल में 01 मई से 30 मई तक ग्रीष्मकालीन कबड्डी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ शिव यादव संस्कार कांवड़ यात्रा संस्थापक के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर संस्था प्रमुख गिरीश मेराल द्वारा स्वागत किया गया। संस्था की क्रीड़ा प्रभारी पुष्पा रघुवंशी द्वारा उपस्थित हेमलता तिवारी, चन्दा सोनी, मंजीत सामल, नीनू सिंह एवं एनसीसी प्रभारी शिक्षक/ शिक्षिकाओं का स्वागत किया गया। ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लिया। पुष्पा रघुवंशी (गोलू) के कुशल मार्ग निर्देशन में सभी प्रतिभागी प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

## बौद्धिक संपदा दिवस पर व्याख्यान आयोजित

**सिहोरा।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग द्वारा बौद्धिक संपदा दिवस के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस आयोजन का विषय था आईपी एंड म्यूजिक, फील द बीट ऑफ आईपी। कार्यक्रम के प्रारंभ में रसायन शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुनु आर.के.मैथ्यू द्वारा बौद्धिक संपदा का अर्थ एवं उससे जुड़े अधिकारों के महत्व के बारे में विचार साझा किए गए। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ संदीप कुर्मी सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र तथा डॉ राहुल कुमार शर्मा सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र उपस्थित थे। डॉ कुर्मी ने बौद्धिक संपदा अधिकार के प्रकार, पेटेंट, कॉपीराइट, और ट्रेडमार्क जैसे प्रमुख बिंदुओं पर विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की। डॉ शर्मा ने विज्ञान के क्षेत्र में बौद्धिक संपदा अधिकार की उपयोगिता तथा रिसर्च में नेगेरिज्ज्म से संबंधित जानकारी विद्यार्थियों के मध्य साझा की। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार श्रीवास्तव के संरक्षण में तथा सहायक प्राध्यापक डॉ.जे पी सोयाम और डॉ. संगीता सिन्हा के सहयोग से संपन्न हुआ। रसायन शास्त्र एवं अर्थशास्त्र के स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं ने इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दी।

## जिया उल हक अपनी वालिदा के साथ हज यात्रा पर रवाना



**सिहोरा।** हज मुसलमानों का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन है यह इस्लाम की पाँच मौलिक बुनियादों में से एक है यह शारीरिक और आर्थिक रूप से सक्षम हर मुसलमान के लिए फ़र्ज़ या ज़रूरी है यही वजह है कि हर साल एक तय समय पर दुनिया भर से मुस्लिम देशों के लाखों पुरुष और महिलाएं हज करने के लिए सऊदी अरब के शहर मक्का में जुटते है। सिहोरा के वार्ड नंबर 4 निवासी जिया उल हक अपनी वालिदा बतूलन बी के साथ 42 दिन की हज यात्रा पर सिहोरा से रवाना हुए। सभी ने उनको मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मौलाना शाकिर मिसबाही, नसीम उल हक, फैज आलम शाह, मंसूर मंसूरी, फरहान आलम शाह, शेख साबिर, हाजी इंदाज शाह, हाजी सुबराती, साकिन मकरानी, नईम उलहक, शेरु शाह, हनीफ भाई आदि उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में घायल वृद्ध महिला की मौत

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अतंर्गत ओरियेंटल कॉलेज के पास पाटन बाईपास में सड़क दुर्घटना में घायल एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार आईटीआई नई बस्ती निवासी 68 वर्षीय वैजंती बाई को गत दिवस 12 बजे ओरियेंटल कॉलेज के पास पाटन बाईपास में सड़क दुर्घटना में घायल होने के उपरांत बेटी भगवती बाई द्वारा इलाज के लिए हैदराबाद ओमेगा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान सोमवार की सुबह 7.10 बजे वैजंती बाई की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

## युवक ने फांसी लगाई

**जबलपुर।** पनागर थाना अतंर्गत लोहिया पुल ग्राम इमलई में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार लोहिया पुल ग्राम इमलई निवासी 35 वर्षीय रंजीत उर्फ पप्पू कोल ने गत रात लगभग 9 बजे कच्चे मकान में लगे बांस बल्ली से साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

## शराब के लिये रुपए नहीं देने पर पत्नी को चाकू मारा

**जबलपुर।** बेलबाग थाना अतंर्गत ओम सांई दुर्गा मंदिर कंजड़ मोहल्ला में शराब पीने के लिए पैसे नहीं मिलने पर एक पति ने अपनी पत्नी पर सब्जी काटने वाले चाकू से हमला कर घायल कर दिया। बेलबाग पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ओम सांई दुर्गा मंदिर कंजड़ मोहल्ला निवासी श्रीमति नम्रता जाट का पति रितेश जाट गत शाम 4.30 बजे शराब पीने के लिए पैसों की मांग करने लगा, उसने मना की और अपनी नानी के घर चली आई तो उसका पति भी उसके पीछे पीछे नानी के घर के आकर शराब के लिए रुपए मांगने लगा, मना करने पर नानी के घर बाहर गालीगलौज करते हुए मारपीट कर दी और सब्जी काटने वाले चाकू से उसके माथे व हाथ की कलाई पर हमला कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 118(1), 119(1), 351(2) बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## बिना नंबर की कार में पिस्टल लेकर घूम रहा आरोपी पकड़ाया

**जबलपुर।** गोरखपुर थाना अतंर्गत एमजीएम स्कूल के पास बिना नंबर की कार में पिस्टल लेकर घूम रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक पिस्टल, एक कारतूस, मोबाइल और बिना नंबर की कार जब्त की है। गोरखपुर थाना प्रभारी नितिन कमल ने बताया कि गत दिवस मुखबिर की सूचना पर एमजीएम स्कूल के पास हाथीताल तरफ से आ रही सफेद रंग की टोयटा कोरोला एल्टिस बिना नंबर की कार में देशी पिस्टल लेकर घूम रहे एचआईजी 12 यूनियन बैंक पास धनवंतरीनगर थाना संजीवनीनगर निवासी 30 वर्षीय कार चालक विवेक चक्रवर्ती उर्फ छोटू को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1 पिस्टल, 1 कारतूस, 1 आईफोन एवं बिना नम्बर की टोयोटा कार जप्त की है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

### जुआ सट्टा, शराब के अवैध कारोबारियों की धरपकड़

**जबलपुर।** शहर पुलिस ने जुआ, सट्टा खिलाने वालों एवं अवैध मादक पदार्थ, अवैध हथियार, के कारोबार में लिप्त आरोपियों के साथ साथ चोरी, नकबजनी, एवं मारपीट करने वालें आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया हैं। कंट्रोलरुम से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में आदतन अपराध करने वाले 3 आरोपियों के विरूद्ध धारा 129 बी.एन.एस.एस. (110 जा.फौ.) के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 57 व्यक्तियों के विरूद्ध 126/135 (3) बी.एन.एस.एस (107/116 जा.फौ.) के तहत, एवं 6 व्यक्तियो के विरूद्ध धारा 170 बी.एन.एस.एस (151 जा.फौ.) के तहत की गयी है, इसी प्रकार पिछले कई वर्षो से फरार 4 गैरम्यादी, 4 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है तथा 10 व्यक्तियों के विरूद्ध 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 25 पाव देशी/अंग्रेजी एवं 10 लीटर कच्ची शराब, जप्त की गयी तथा 5 व्यक्तियो के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 1 तलवार, 4 चाकू जप्त किये गये।




**श्रीमती कुलदीप कौर ओबेराय-** आईडियल स्टेट नर्मदा रोड निवासी श्री प्रभजोत सिंह ओबेराय की धर्मपत्नी श्रीमती कुलदीप कौर ओबेराय (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती बैजंती बाई अहिरवार-** आईटीआई माढ़ोताल नई बस्ती निवासी श्री ओरे लाल अहिरवार की धर्मपत्नी श्रीमती बैजंती बाई अहिरवार (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री राम किशन धानुक-** कंटगा सदर निवासी श्री राम किशन धानुक (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री श्याम पाल-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री श्याम पाल (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती माया श्रीवास्तव-** पचमठा मंदिर के पास गढ़ा निवासी श्री मदन श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती माया श्रीवास्तव (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विनोद कुमार राजपूत-** हाथीताल नर्मदा भवन के पास निवासी श्री विनोद कुमार राजपूत (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री रोहित यादव-** सैनिक सोसायटी शक्तिनगर निवासी श्री विजय यादव के पुत्र श्री रोहित यादव (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शांति बाई कोरी-** अधारताल धनी कुटिया के पास निवासी श्री बसोरी लाल कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती शांति बाई कोरी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मोती लाल चांडक-** जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री मोती लाल चांडक (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती भारती देवी लालवानी-** नारायण चौक द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री मुरारी लाल लालवानी की धर्मपत्नी श्रीमती भारती देवी लालवानी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362160

**खबर संक्षेप**

### एयरटेल की बी2बी इकाई ने बीएनडी पेश की



**नई दिल्ली।** भारती एयरटेल की बी2बी इकाई (कंपनी द्वारा व्यवसायों को दी जाने वाली सेवा) ने सोमवार को उद्यमों के लिए 'बिजनेस नेम डिस्प्ले' पेश करने की घोषणा की। जिसकी मदद से अगर कोई उद्यम आउटगोइंग कॉल करेगा, तो जिस व्यक्ति को कॉल की गई है, उसकी स्क्रीन पर उस उद्यम का ब्रांड नाम दिखाई देगा।

### अकासा एयर ने बेड़े में बोइंग 737 मैक्स-8 किया शामिल



**मुंबई।** घरेलू विमानन कंपनी अकासा एयर ने अपने बेड़े में एक और बोइंग 737 मैक्स-8 विमान को शामिल करने की सोमवार को घोषणा की। इससे उसके बेड़े में इन विमान की संख्या बढ़कर 28 हो गई। बोइंग 737 मैक्स 8-200 विमान एक मई को आइसलैंड के रास्ते अमेरिकी विमान प्रमुख की सिएटल सुविधा से बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचा।

### रुपया 24 पैसे बढ़कर 84.33 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट और घरेलू शेयर बाजार में सकारात्मक रुख के चलते सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 24 पैसे बढ़कर 84.33 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.45 पर खुला और डॉलर के मुकाबले 84.10 के दिन के उच्चतम स्तर और 84.47 के निम्नतम स्तर के बीच घूमता रहा।

### मैरिको ने दो साल के लिए बढ़ाया सीईओ का कार्यकाल



**नई दिल्ली।** दैनिक उपभोग का घरेलू समान अनाने वाली कंपनी मैरिको ने अपने प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सौगत गुप्ता का कार्यकाल अगले दो साल के लिए बढ़ा दिया है। मैरिको के पास सफोला, पैराशूट और लिवॉन जैसे लोकप्रिय ब्रांड का स्वामित्व है। 2007 में भारत के कारोबार के सीईओ के रूप में पदोन्नत किया गया था।

### ओबेरॉय रियलटी ने 970 करोड़ रुपए के लक्जरी अपार्टमेंट बेचे



**मुंबई।** ओबेरॉय रियल्टी ने घरों की मजबूत मांग के बीच मुंबई के गोरेगांव में अपनी एकीकृत टाउनशिप परियोजना में 970 करोड़ रुपये के लक्जरी अपार्टमेंट बेचे हैं। कंपनी ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी है। कंपनी ने कहा कि उसने 30 अप्रैल को गोरेगांव में अपनी टाउनशिप परियोजना 'ओबेरॉय गार्डन सिटी' में 'एलिसियन टॉवर डी' की पेशकश की है।

### यूनिटी स्मॉल बैंक का लाभ 83 फीसदी उछला



**नई दिल्ली।** यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक का मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 83 प्रतिशत बढ़कर 264 करोड़ रुपये हो गया। सेंट्रम फाइनेंशियल सर्विसेज-प्रवर्तित इस लघु वित्त बैंक ने एक साल पहले इसी अवधि में 144 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक ने एक बयान में कहा कि पिछली तिमाही में उसकी कुल आय एक साल पहले के 438 करोड़ रुपये के मुकाबले उल्लेखनीय रूप से बढ़कर 977 करोड़ रुपये हो गई।

# हुंडई की क्रेटा पहले भी नंबर 1 थी, अब भी! इस कार को टक्कर देने वाला कोई नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हुंडई के लिए भारतीय बाजार में क्रेटा अब तक का सबसे सफल मॉडल है। यह कॉम्पैक्ट सी-सेगमेंट एसयूवी लगभग एक दशक से हुंडई का सबसे ज्यादा बिकने वाला मॉडल है। और यह अभी भी बाजार में अपनी पकड़ बनाए हुए है। लगातार दूसरे महीने, हुंडई क्रेटा देश का सबसे ज्यादा बिकने वाला पैसेंजर व्हीकल बन गया है। मार्च में भी क्रेटा सेल में नंबर 1 थी और अप्रैल में भी ये टॉप पर रही। इस साल अप्रैल में, हुंडई ने देशभर में 17,016 यूनिट्स क्रेटा की डिलीवरी की, जिससे एनुअल ग्रोथ दर 10.2 प्रतिशत रही। अप्रैल 2024 में, दक्षिण कोरियाई कार निर्माता ने 15,447 यूनिट्स क्रेटा की डिलीवरी की। मार्च 2025 में, हुंडई ने डीलरशिप्स को 18,059 यूनिट्स एसयूवी की डिलीवरी की।

- 2025 के पहले चार महीनों में 69,914 यूनिट्स का उत्पादन हुआ

**हुंडई क्रेटा भारतीय बाजार में सबसे सफल मॉडल**

**हमारे लिए गर्व की बात**

इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, तरुण गर्ग, वाइस प्रेसिडेंट और चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल), ने कहा: "भारतीय बाजार में हुंडई क्रेटा की निरंतर प्रभुत्व भारतीय ग्राहकों द्वारा ब्रांड पर रखे गए विश्वास और प्यार का प्रतिबिंब है। लगातार दो महीने तक सभी सेगमेंट में सबसे ज्यादा बिकने वाली कार और 2025 के पहले चार महीनों में उद्योग में सबसे ज्यादा बिकने वाली एसयूवी होना हमारे लिए गर्व की बात है।"



**फेसलिफ्टेड क्रेटा**

अब दूसरे जनरेशन में, हुंडई ने पिछले साल जनवरी में फेसलिफ्टेड क्रेटा लांच की थी। इसमें पिछले मॉडल की तुलना में कई डिजाइन और फीचर अपग्रेड्स शामिल थे। इसमें पैनोरमिक सनरूफ, 10.25-इंच टचस्क्रीन, 10.25-इंच डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, कनेक्टेड कार टेक, वेंटिलेटेड फ्रंट सीट्स, इलेक्ट्रॉनिक पार्किंग ब्रेक विद ऑटो होल्ड फंक्शनलिटी, 360-डिग्री कैमरा, छह एयरबैग्स, और लेवल 2 एडीएएस जैसी सुविधाएं शामिल हैं।

*पैसेंजर व्हीकल वॉल्यूम का 70.9 प्रतिशत :* इसके साथ, हुंडई के एसयूवी का हिस्सा उसके कुल पैसेंजर व्हीकल वॉल्यूम का 70.9 प्रतिशत हो गया है। इसे अन्य मॉडलों जैसे वेन्यू, एक्सटर, अल्काजार और टक्सन ने भी समर्थन दिया है। पहली बार 2015 में लांच हुई, हुंडई ने भारत में 1.2 मिलियन से अधिक यूनिट्स क्रेटा का उत्पादन किया है।


*तीन इंजन विकल्पों के साथ :* हुंडई क्रेटा तीन इंजन विकल्पों के साथ आती है। 1.5-लीटर नैचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल यूनिट, 1.5-लीटर डीजल यूनिट, और 1.5-लीटर टर्बोचार्ज्ड पेट्रोल यूनिट। ट्रांसमिशन विकल्पों में 6-स्पीड मैनुअल, 6-स्पीड ऑटोमैटिक, आईवीटी और 7-स्पीड डीसीटी ऑटोमैटिक यूनिट शामिल हैं।

## रेटिंग एजेंसी मूडीज ने जारी की रिपोर्ट

# तनाव बढ़ने से पाकिस्तान की वृद्धि पर पड़ेगा असर, भारत अपेक्षाकृत रहेगा अछूता : मूडीज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रेटिंग एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने 'भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव से पाकिस्तान की वृद्धि पर असर' शीर्षक से सोमवार को रिपोर्ट जारी की। इसमें कहा गया कि उसे भारत की आर्थिक गतिविधियों में कोई बड़ा व्यवधान उत्पन्न होने के आसार नहीं दिखते क्योंकि पाकिस्तान के साथ उसके आर्थिक संबंध बहुत मामूली हैं।



*भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने से भारत में कोई बड़ी आर्थिक बाधा उत्पन्न नहीं होगी। हालांकि, यह पाकिस्तान के लिए झटका होगा क्योंकि इससे उसका विदेशी मुद्रा भंडार दबाव में आ सकता है और उसकी वृद्धि दर प्रभावित हो सकती है।*



### भारत की कुल निर्यात में हिस्सेदारी 0.5 से भी कम

वर्ष 2024 में भारत के कुल निर्यात में इसकी हिस्सेदारी 0.5 प्रतिशत से भी कम रही थी। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादियों के पर्यटकों पर किए हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी। भारत ने पहलगाम में हुए नरसंहार के पीछे तीन पाकिस्तानी नागरिकों सहित पांच आतंकवादियों की पहचान की है ।

### पाक की आर्थिक स्थिरता बाधित होगी

मूडीज ने कहा, '' भारत के साथ तनाव निरंतर बढ़ने से पाकिस्तान की वृद्धि पर असर पड़ेगा और सरकार के मौजूदा राजकोषीय समेकन में बाधा आएगी, जिससे पाकिस्तान की व्यापक आर्थिक स्थिरता हासिल करने की प्रगति बाधित होगी।'' इस बात पर भी गौर करने की जरूरत है कि पाकिस्तान की वृहद आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है, वृद्धि दर धीरे-धीरे बढ़ रही है, मुद्रास्फीति घट रही है और आईएमएफ कार्यक्रम में निरंतर प्रगति के बीच विदेशी मुद्रा भंडार में भी वृद्धि हो रही है।

### आईएमएफ वित्तपोषण व्यवस्था का मूल्यांकन करेगा

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का कार्यकारी बोर्ड नौ मई को पाकिस्तानी अधिकारियों से मिलने वाला है, जिसमें जलवायु परिवर्तन ऋण कार्यक्रम के तहत पाकिस्तान के लिए 1.3 अरब अमेरिकी डॉलर की नई वित्तपोषण व्यवस्था का मूल्यांकन किया जाएगा। यह मौजूदा सात अरब अमेरिकी डॉलर के 'राहत' पैकेज का भी मूल्यांकन करेगा।

### भारत आईएमएम से पाक को दिए धन की जांच के लिए कहेगा

सूत्रों ने बताया कि भारत आईएमएफ सहित वैश्विक बहुपक्षीय एजेंसियों से पाकिस्तान को दिए गए धन व ऋण की फिर से जांच करने के लिए कहेगा। मूडीज ने कहा कि भारत में वृहद आर्थिक स्थितियां स्थिर रहेंगी, जो मजबूत सार्वजनिक निवेश तथा स्वस्थ निजी खपत के बीच धीमी लेकिन अब भी उच्चस्तर की वृद्धि से मजबूत होंगी।

- पाक का विदेशी मुद्रा भंडार दबाव में आ सकता है
- पाकिस्तान की वृद्धि दर भी हो सकती है प्रभावित
- भारत की आर्थिक गतिविधियों में कोई व्यवधान नहीं आएगा

*पाक के लिए बाहरी धन जुटाना होगा कठिन :* मूडीज ने कहा, '' तनाव लगातार बढ़ने से पाकिस्तान की बाह्य वित्तपोषण तक पहुंच बाधित हो सकती है तथा उसके विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव पड़ सकता है जो अगले कुछ वर्षों के लिए उसके बाह्य ऋण भुगतान की जरूरतों को पूरा करने के लिए आवश्यक स्तर से काफी कम है।''

*भारत के राजकोषीय ताकत पर भार पड़ेगा :* रेटिंग एजेंसी ने कहा, '' स्थानीय तनाव में निरंतर वृद्धि के परिदृश्य में, हम भारत की आर्थिक गतिविधियों में बड़े व्यवधान के आसार नहीं देखते हैं, क्योंकि पाकिस्तान के साथ भारत के आर्थिक संबंध बहुत मामूली हैं। हालांकि, उच्च रक्षा खर्च संभावित रूप से भारत की राजकोषीय ताकत पर भार डालेगा और इसके राजकोषीय समेकन को धीमा कर देगा।''

# एप्पल इंडिया की बिक्री मार्च तिमाही में 25 प्रतिशत बढ़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- साइबर मीडिया रिसर्च ने जारी की रिपोर्ट
- भारतीय बाजार में चीनी स्मार्टफोन वीवो का रहा दबदबा

भारत में एप्पल के आईफोन की आपूर्ति में जनवरी-मार्च तिमाही 2025 में सालाना आधार पर 25 प्रतिशत बढ़ोतरी दर्ज की गई। इस दौरान इसकी बाजार हिस्सेदारी भी बढ़कर आठ प्रतिशत हो गई।

साइबरमीडिया रिसर्च (सीएमआर) की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक, चीन की स्मार्टफोन विनिर्माता वीवो की जनवरी-मार्च 2025 तिमाही में भारत के समग्र स्मार्टफोन बाजार में सबसे अधिक 20 प्रतिशत हिस्सेदारी रही। इसके साथ ही भारतीय स्मार्टफोन बाजार में इसमें अपना दबदबा कायम रखा। वहीं दक्षिण कोरिया की कंपनी सैमसंग 18 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ भारतीय बाजार में दूसरे और शाओमी 13 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ तीसरे स्थान पर रही। रिपोर्ट के मुताबिक, शाओमी की हिस्सेदारी में सालाना आधार पर शीर्ष पांच में शामिल कंपनियों में से सबसे अधिक 37 प्रतिशत की गिरावट आई। यह किफायती और 'वैल्यू-फॉर-मनी' स्मार्टफोन दोनों खंडों में चुनौतियों को दर्शाती है। ओप्पो स्मार्टफोन की बिक्री सालाना आधार पर आठ प्रतिशत बढ़ी और इसकी बाजार हिस्सेदारी 12 प्रतिशत पर पहुंच गई। वहीं मोटोरोला ने सालाना आधार पर 53 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। रिपोर्ट के मुताबिक, जनवरी-मार्च तिमाही में भारत में 5जी स्मार्टफोन की आपूर्ति कुल बाजार का 86 प्रतिशत रही, जो सालाना आधार पर 14 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

### चिपसेट बाजार पर मीडियाटेक का दबदबा

नोकिया ब्रांड का स्वामित्व रखने वाली कंपनी एचएमडी की बिक्री इस तिमाही में छह प्रतिशत घटने के बावजूद बाजार हिस्सेदारी 19 प्रतिशत रही। मीडियाटेक ने 46 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ भारत के स्मार्टफोन चिपसेट बाजार पर अपना दबदबा कायम रखा। क्वालकॉम ने 35 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ प्रीमियम स्मार्टफोन खंड (25,000 रुपये से अधिक मूल्य के) का नेतृत्व किया।

# चालू वित्त वर्ष में रेपो दर में कुल 1.5 प्रतिशत तक कटौती संभव

- एसबीआई रिसर्च के एक अध्ययन में कहा गया
- केंद्रीय बैंक को रेपो में आधा फीसदी की कटौती करनी चाहिए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) चालू वित्त वर्ष में मुद्रास्फीति को काबू में रखने के साथ ही नीतिगत दरों में कुल 1.25-1.5 प्रतिशत तक कटौती कर सकता है। एसबीआई रिसर्च के एक अध्ययन में सोमवार को यह अनुमान जताया गया।

इसमें सुझाव दिया गया कि केंद्रीय बैंक को रेपो में आधा प्रतिशत की बड़ी कटौती करनी चाहिए, क्योंकि यह अधिक प्रभावी होगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति में तेज गिरावट हुई है और यह मार्च, 2025 में 67 महीने के निचले स्तर 3.34 प्रतिशत पर आ गई है। खाद्य मुद्रास्फीति में तेजी से सुधार के चलते ऐसा संभव हो सका। भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग की 'मुद्रास्फीति और दर कटौती प्रक्षेप पथ' शीर्षक वाली शोध रिपोर्ट में कहा गया कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए चालू कीमतों पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि 9-9.5 प्रतिशत की सीमा में रहने की उम्मीद है। ऐसे में कम वृद्धि और कम मुद्रास्फीति को देखते हुए नीतिगत दरों में कटौती के लिए एक अच्छी गुंजाइश बनती है।


**बीते वर्ष में लौह अयस्क उत्पादन 4.3 फीसदी बढ़ा**



**नई दिल्ली।** देश का लौह अयस्क उत्पादन बीते वित्त वर्ष 2024-25 में 4.3 प्रतिशत बढ़कर 28.9 करोड़ टन रहा है। खान मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी। लौह अयस्क का उत्पादन 2023-24 में 27.7 करोड़ टन रहा था। लौह अयस्क के उत्पादन में निरंतर वृद्धि उपयोगकर्ता उद्योग यानी इस्पात में मजबूत मांग की स्थिति को दर्शाती है। मैंगनीज अयस्क का उत्पादन 2024-25 में बढ़कर 38 लाख टन हो गया, जो 2023-24 में 34 लाख टन था। प्राथमिक एल्युमीनियम उत्पादन 2023-24 के 41.6 लाख टन (एलटी) से बढ़कर पिछले वित्त वर्ष में 42 लाख टन हो गया। परिष्कृत तांबे के उत्पादन में 12.6 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जो 2023-24 के 5.09 लाख टन से बढ़कर 2024-25 में 5.73 लाख टन हो गया। भारत दूसरा सबसे बड़ा एल्युमीनियम उत्पादक है।

# पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक ने नीतिगत ब्याज दर घटाई

एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद



पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक ने खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी आने के बीच सोमवार को नीतिगत ब्याज दर को एक प्रतिशत घटाकर 11 प्रतिशत कर दिया। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) ने कहा कि उसकी मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने ब्याज दर को 12 प्रतिशत से घटाकर 11 प्रतिशत करने का फैसला किया है। पाकिस्तान में अप्रैल महीने में मुद्रास्फीति 0.3 प्रतिशत थी, जिसके बाद कई लोग मुख्य उधारी दर में कटौती किए जाने का अनुमान जता रहे थे। पाकिस्तान का केंद्रीय बैंक लगातार नीतिगत दर में कटौती कर रहा है और जून 2024 से अब तक इसे 22 प्रतिशत से 10 प्रतिशत तक घटा चुका है। गेहूं, प्याज, आलू और कुछ दालों जैसे प्रमुख खाद्य पदार्थों की कीमतों में कमी के साथ ही बिजली और ईंधन शुल्क में कटौती के कारण खुदरा महंगाई घटी है।

# सेंसेक्स-निफ्टी इस साल के उच्चतम स्तर पर

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी
- विदेशी कोषों का निवेश जारी
- कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आई

विदेशी कोषों का निवेश जारी रहने और कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में तेज गिरावट आने के बीच सोमवार को स्थानीय शेयर बाजारों में लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में तेजी रही और दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स एवं निफ्टी इस साल के अपने उच्चतम स्तर पर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 294.85 अंक यानी 0.37 प्रतिशत चढ़कर 80,796.84 अंक पर बंद हुआ। यह चार महीनों से अधिक समय का इसका उच्चतम बंद स्तर है। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 547.04 अंक बढ़कर 81,049.03 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी भी 114.45 अंक 24,461.15 अंक पर पहुंच गया।

सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), पावर ग्रिड, आईटीसी, टाटा मोटर्स, एशियन पेंट्स और हिंदुस्तान यूनिलीवर भी लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, कोटक महिंद्रा बैंक में 4.57 प्रतिशत की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। निजी क्षेत्र के इस बैंक का वित्त वर्ष 2024-25 की मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 7.57 प्रतिशत गिर गया है। इसके अलावा भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, टाइटन और इंडसइंड बैंक के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए। जियोजीत इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''बाजार ने अपनी सकारात्मक गति को बनाए रखा है, हालांकि आशावाद थोड़ा कम हुआ है। अप्रैल में निरंतर विदेशी प्रवाह और रिकॉर्ड जीएसटी संग्रह आर्थिक गतिविधियों में मजबूती को दर्शाता है, जिससे हल्की उम्मीद पैदा होती है।

### अदाणी समूह की कंपनियों के शेयर उछले

गौतम अदाणी के प्रतिनिधियों के रिश्वतखोरी की जांच में आपराधिक आरोपों को खारिज करने की मांग को लेकर अमेरिकी प्रशासन के अधिकारियों से मुलाकात की खबरों के बाद कंपनियों के शेयरों में उछाल दर्ज किया गया। बीएसई पर अदाणी टोटल गैस के शेयर में 11.01 प्रतिशत, अदाणी एंटरप्राइजेज में 6.96 प्रतिशत, अदाणी ग्रीन एनर्जी में 6.61 प्रतिशत, अदाणी पोर्ट्स में 6.29 प्रतिशत और अदाणी पावर में 5.96 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई

# सोना 550 रुपए उछला, चांदी में 400 रुपए की गिरावट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- सोना बढ़कर 97 .350 रुपए प्रति 10 ग्राम
- चांदी घटकर 96,700 रुपए प्रति किलोग्राम रह गई

वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 550 रुपये बढ़कर 97,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत शुक्रवार को 96,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी सोमवार को 550 रुपये बढ़कर 96,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। पिछले सत्र में सोने की कीमत 96,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। हालांकि, चांदी 400 रुपये टूटकर 96,700 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी का भाव 97,100 रुपये प्रति किलोग्राम रहा था। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हाजिर सोना 46.34 डॉलर बढ़कर 3,286.83 डॉलर प्रति औंस हो गया। कोटक सिक्योरिटीज में एवीपी-जिंस शोध कायनात चैनवाला ने कहा, ''मंगलवार से शुरू होने वाली अमेरिकी फेडरल रिजर्व की दो दिवसीय फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक से पहले डॉलर में नरमी के कारण सोना 3,280 डॉलर प्रति औंस हो गया।''

### फेड के निर्णय पर बाजार की नजर

चैनवाला ने कहा, ''...बाजार प्रतिभागी फेडरल रिजर्व के चेयरमैन, जेरोम पावेल की निर्णय के बाद की प्रेस कॉन्फ्रेंस पर सतर्कता से नजर रख रहे हैं।

# चौथी तिमाही में कोफोर्ज का लाभ 16.5 फीसदी बढ़ा



**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी समाधान प्रदाता कोफोर्ज ने सोमवार को बताया कि पिछले वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 16.5 प्रतिशत बढ़कर 261 करोड़ रुपये हो गया। एक साल पहले की समान अवधि में उसने 224 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था। समीक्षाधीन तिमाही में परिचालन आय सालाना आधार पर 47 प्रतिशत बढ़कर 3,410 करोड़ रुपये हो गई जो 2023-24 की चौथी तिमाही में 2,318 करोड़ रुपये थी।

## वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी छमाही में सोने की कीमतों में वृद्धि देखी गई

# रिजर्व बैंक ने दूसरी छमाही में 25 टन सोना बढ़ाया

एजेंसी ▶▶| मुंबई

- केंद्रीय बैंक के पास भंडार में 879 .59 टन सोना है

भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तवर्ष 2024-25 की दूसरी छमाही में अपने भंडार में लगभग 25 टन सोना बढ़ाया है। इस अवधि में सोने की कीमतों में वृद्धि देखी गई थी। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। केंद्रीय बैंक के पास अब अपने भंडार में 879.59 टन सोना है, जबकि सितंबर 2024 के अंत में उसके पास 854.73 टन सोना था। वित्तवर्ष 2024-25 में, केंद्रीय बैंक ने अपने भंडार में सोने की मात्रा 57 टन और बढ़ाई, जिस अवधि के दौरान सोने की कीमतों में 30 प्रतिशत की तेजी देखी गई थी। यह पिछले सात वर्षों में सबसे बड़ी वार्षिक वृद्धि है।अर्धवार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीय रूप से संग्रहीत कीमती धातु की मात्रा मामूली रूप से बढ़कर 511.99 टन हो गई।



*स्थानीय तिजोरियों में 510.46 टन सोना :* स्थानीय तिजोरियों में संग्रहीत सोने की कुल मात्रा 30 सितंबर तक 510.46 टन थी, जो 31 मार्च, 2024 को 408 टन से अधिक है। वैश्विक स्तर पर बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के समय हो रही सोने की आवाजाही को वर्ष 1991 के बाद से भारत द्वारा किए गए सोने की सबसे बड़ी आवाजाही में से एक कहा गया था।

### कुल विदेशी मुद्रा भंडार में सोना का हिस्सा बढ़ा

रिपोर्ट में कहा गया है कि कुल विदेशी मुद्रा भंडार में सोने का हिस्सा छह महीने पहले 9.32 प्रतिशत से बढ़कर मार्च 2025 के अंत तक 11.70 प्रतिशत हो गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि कुल विदेशी मुद्रा भंडार सितंबर 2024 के अंत के 705.78 अरब डॉलर से घटकर मार्च 2025 में 668.33 अरब डॉलर रह गया।

### भंडार 10.5 माह के आयात जरुरतों को पूरा करने पर्याप्त

ये भंडार अब 10.5 महीने के आयात जरुरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त हैं, जबकि सितंबर 2024 में यह 11.8 महीने की जरुरतों को पूरा करने की स्थिति से कम है।

### 348.62 टन सोना बैंक ऑफ इंग्लैंड के पास जमा

स्थानीय तिजोरियों में रखे सोने के अलावा, 348.62 टन सोना बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (बीआईएस) के पास था और 18.98 टन सोना जमा के रूप में रखा गया था। यह ध्यान योग्य है कि वित्तवर्ष 2025 की पहली छमाही में, रिजर्व बैंक ने स्थानीय तिजोरियों में बड़ी मात्रा में सोना स्थानांतरित किया था।

चिंतन

# भारत के लेकर 'उपदेशक' दृष्टिकोण नहीं रखे यूरोप

भारत ने यूरोप को आईना दिखाया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने हाल के वर्षों में भारत के प्रति यूरोप के व्यवहार में कथनी व करनी में फर्क को रेखांकित करते हुए दो टूक कहा कि, भारत को व्यवहारिक साझेदार चाहिए, उपदेशक नहीं चाहिए। जब से रूस व यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू हुआ है तब से यूरोप भारत पर रूस को लेकर दबाव बनाता रहा है, लेकिन रूस के साथ यूरोप के संबंध में ही दोहरापन रहा है। पहलगाम आतंकी हमले पर भी यूरोप व ब्रिटेन के बयानों में निंदा से अधिक नसीहत है। आर्कटिक सर्किल इंडिया फोरम 2025 में रविवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत के साथ गहरे संबंधों के लिए यूरोप को कुछ संवेदनशीलता और पारस्परिक हितों का प्रदर्शन करना होगा। जयशंकर ने भारत व रूस के बीच यथार्थ की धरातल पर सामंजस्यपूर्ण संबंधों का उदाहरण देकर यूरोप को उसका अक्स दिखाया कि भारत को लेकर यूरोप का दृष्टिकोण व्यवहारिक होना चाहिए। यूरोप को समझना होगा कि रूस को शामिल किए बिना रूस-यूक्रेन युद्ध का समाधान खोजने की कोई भी कोशिश विफल ही होगी। यूरोपीस संघ (ईयू) में जर्मनी और फ्रांस बड़े देश हैं। दोनों देश भारत से रूस के खिलाफ सख्त रुख की मांग करते रहे हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध में दोनों देशों ने भारत से रूस पर प्रतिबंध लगाने का दबाव बनाया, लेकिन भारत ने रूस के साथ यथार्थवादी रवैया रखा। ये दोनों देश ऐसे हैं, जो खुद रूस से गैस लेते रहे। वर्ष 2023 तक दोनों मुल्कों ने बेल्जियम और नीदरलैंड्स के रास्ते रूसी गैस खरीदी और भारत को रूस से तेल न लेने की नसीहत दी। जयशंकर ने यूरोप के इसी तरह के दोहरे रवैये की पोल खोली। पहलगाम हमले पर यूरोप के एक बड़े पक्ष की चुप्पी या फिर संयम बरतने की नसीहत भारत को नागवार गुजरी है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में गत 22 अप्रैल को आतंकवादियों के कायराना हमले में 26 पर्यटक समेत 27 लोग मारे गए थे। इस हमले की जिम्मेदारी कश्मीर में ऑपरेशनल दरेजिसटेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली। टीआरएफ पाकिस्तान स्थित आतंकी गुट लश्करे तैयबा के छद्म गुट हैं। इसके बाद भी यूरोप की तरफ से पहलगाम आतंकी हमले की निंदा और पीड़ित भारत के प्रति समर्थन में उदारता नहीं देखी गई। यूरोपीय संघ की विदेश मामलों की नेता काजा कैलास ने 2 मई को अपने बयान में भारत और पाकिस्तान से संयम बरतने की अपील की। पहलगाम हमले के बाद ईयू के ये बयान पाकिस्तान की ओर ज्यादा झुका हुआ है। यूरोप की ये पुरानी समस्या रही है कि वह हमलावर और पीड़ित में फर्क नहीं कर पा रहा है। अगर यूरोप भारत की सुरक्षा चिंताओं की परवाह नहीं करेगा, भारत के ट्रेड हितों की अनदेखी करेगा, तो भारत यूरोप का उपदेश क्यों सुनेगा। यूरोपीय संघ से अलग ब्रिटेन ने भी यूक्रेन व रूस जंग में तटस्थ रहने पर भारत की आलोचना की थी। यूक्रेन पर हमले के बाद बोरिस जॉनसन ने भारत से रूस से रिश्ते तोड़ लेने की अपील की थी, जबकि 21वीं सदी का भारत औपनिवेशिक काल से काफी आगे निकल चुका है। भारत का स्वतंत्र व गुटनिरपेक्ष विदेश नीति है। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद यूरोप खुद ही यूक्रेन युद्ध पर एक्सपोज हो चुका है। यह सही है कि यूरोप के अधिकांश देशों से दशकों से भारत के बेहतर रिश्ते हैं, पर यूक्रेन व रूस से जंग के बाद यूरोप के तेवर भारत के प्रति भूराजनीतिक परिदृश्य और वैश्विक व्यापार के नजरिये से व्यवहारिक नहीं थे। इस जंग को लेकर ट्रंप के बदले रुख से यूरोप बैकफुट पर आ गया है, वह जंग समर्थक दिख रहा है, जबकि उसे जंग को समाप्त कराने की दिशा में प्रयासरत दिखना चाहिए। यूरोप को अपनी कथनी व करनी को लेकर आत्मचिंतन करना चाहिए।

भोपाल कांड
डॉ. मोनिका शर्मा



# शोषण के भयावह दुष्चक्र को तोड़ने में सजगता आवश्यक

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में एक कॉलेज में छात्राओं के शारीरिक शोषण और फिर ब्लैकमेलिंग की घटना से जुड़े सभी पहलू भयावह हैं। ध्यातव्य है कि आरोपियों ने न केवल योजनागत रूप से अंजाम दिए गए अपने कुत्सित कर्मों को स्वीकार कर लिया है, बल्कि उनके मोबाइल और लैपटॉप में इसके सबूत भी सामने आए हैं। फोन में अश्लील वीडियो में 10-15 लड़कियों के वीडियो मिले हैं। शोषण के चक्रव्यूह में सोच-समझकर हिंदू लड़कियों को फंसाने और उनका शोषण करने के बाद ब्लैकमेल कर जिस्मफरोशी के धंधे में धकेलने की बात सामने आई है। बाकायदा गिरोह बनाकर छात्राओं का शोषण करने वालों के इस समूह में कई लोग शामिल हैं। पुलिस ने छह से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया है,जबकि कई आरोपी अभी फरार हैं। मामला मध्यप्रदेश के कई शहरों और कोलकाता एवं बिहार तक फैला है। देशभर के परिवारों को भयभीत करने वाले इस मामले में सामने में आया है कि पहले पहचान छिपाकर सहज मित्रता की गई। बाद में शारीरिक संबंधों का वीडियो बना डरा-धमकाकर शोषण का सिलसिला जारी रखा गया। जांच में सामने आया है कि छात्राओं को नशा देकर उनके अश्लील वीडियो निकाले गए। पूछताछ में यह भी सामने आया है कि मानसिक रूप से कमजोर करने और अपने नियंत्रण में रखने के लिए कई लड़कियों को जान बूझकर नशे की लत लगाई गई। ज्ञात हो कि यह कांड सामने आने के बाद राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और महिला आयोग ने भी मामले का संज्ञान लिया है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने भोपाल पुलिस से रिपोर्ट मांगी है। वहीं राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई करने की बात कही है। हाल के बरसों में तय रणनीति तहत स्कूल-कॉलेज की छात्राओं के साथ जालसाजी और शोषण के कई मामले सामने आए हैं। कुछ समय पहले राजस्थान के ब्यावर में 6 नाबालिग बच्चियों को ब्लैकमेल कर देह शोषण और धर्म बदलने का दबाव बनाने के मामले में बड़ा खुलासा हुआ था। भोपाल में हुए इस मामले में भी शारीरिक शोषण के अलावा कई दुर्भाव भरी हरकतें की गईं। पीड़िताओं को ब्लैकमेल कर अपने दोस्तों से मिलने के लिए मजबूर किया गया। पीड़िताओं के मुताबिक नशा करने धर्म परिवर्तन के लिए दबाव डाला गया। बुर्का पहनकर तस्वीर भेजने को विवश किया गया। लड़कियों ने ऐसी तस्वीरें भेजी भी हैं, जिनसे जुड़े चैट्स आरोपियों के फोन से मिले हैं। इतना ही नहीं शारीरिक शोषण के वीडियो विदेश में बेचे जाने का भी आरोप है। मामले से जुड़ी इन बातों पर गौर करने से पता चलता है कि ऐसी सुनियोजित साजिश केवल शारीरिक शोषण का मामला नहीं है। आपराधिक मानसिकता के पीछे दुर्भाव भरी स्याह सोच भी मौजूद है। यही पक्ष ऐसी घटनाओं की भयावहता को और बढ़ा देता है। दरअसल, झूठ की बुनियाद पर मित्रता और फिर शोषण के अंधकार में धकेलने के ऐसे मामले समग्र समाज को चिंता में डालते हैं। आपसी भरोसे के रीतने का परिवेश बनाते हैं। धार्मिक स्वतंत्रता वाले हमारे देश में छात्राओं के साथ हुई यह धोखाधड़ी कई मोर्चों पर सोचने को विवश करती है। तकनीक के गलत इस्तेमाल से लेकर धार्मिक स्वतंत्रता के हनन से जुड़े प्रयास तक ऐसी घटनाएं समाज में दरार डालने का भी काम करती हैं। ज्ञात हो कि आरोपियों के खिलाफ पोक्सो अधिनियम, मध्य प्रदेश धर्म स्वतंत्रता अधिनियम, भारतीय न्याय संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। देश के हर परिवार को स्तब्ध कर देने वाले इस मामले में कुत्सित प्रवृत्ति के लोगों को कड़ी सजा मिलना आवश्यक है। साथ ही बेटियों के स्वजनों को भी सजग रहने दरकार है। ऐसी घटनाएं समय रहते घर की बेटियों के मन-मस्तिष्क को सही दिशा देने का पहलू भी लिए हैं। बेटियां शोषण के किसी दुष्चक्र में फंस जाने पर पहले ही पड़ाव पर अपनी परेशानियां साझा कर सकें, इतना भरोसा तो परिवारजन अपनी बेटी को अवश्य दें। नकली पहचान के साथ बहला-फुसलाकर शोषण करने के ऐसे मामलों पर लगाम लगाने के लिए स्थानीय लोगों, अभिभावकों और प्रशासनिक अमले की साझी कोशिशें ही कारगर हो सकती हैं। इस दुष्चक्र को तोड़ने के लिए समग्र समाज की सजगता आवश्यक है।

((लेखिका स्वतंत्र पत्रकार व विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# विश्व में चीनी माल की बाढ़ संभव




टैरिफ वार आर्थिकी
प्रो. अश्वनी महाजन

हालांकि, अमेरिका को छोड़कर भारत समेत किसी भी देश ने चीन पर टैरिफ नहीं बढ़ाया है, लेकिन अधिकांश देश, चीन द्वारा की जाने वाली डंपिंग से चिंतित हैं, जिससे उनके घरेलू उद्योग को नुकसान हो रहा है। डंपिंग को अंतरराष्ट्रीय व्यापार में दुरुपयोग माना जाता है। चीन ने डंपिंग की इस कला में महारत हासिल कर ली है, इसे अंतरराष्ट्रीय व्यापार में हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जाता है, जिसका उद्देश्य आयात करने वाले देशों के घरेलू उद्योग को खत्म करना है। हम न केवल चीन से उत्पन्न होने वाले चीनी सामानों पर बल्कि बाहर कारखानों द्वारा उत्पादित सामानों पर भी अंकुश लगाने के लिए अमेरिका के नए प्रस्तावित कानूनों से संकेत ले सकते हैं।

हालांकि, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा के एक सप्ताह से भी कम समय में, 8 अप्रैल, 2025 को 75 देशों पर अपने पारस्परिक टैरिफ को रोक दिया, लेकिन इस रोक में एकमात्र अपवाद था चीन, जिस पर ट्रंप ने पहले 125 प्रतिशत टैरिफ लगाया, जिसे बाद में बढ़ाकर 245 प्रतिशत कर दिया गया है, जिसे हम 'दंडात्मक टैरिफ' भी कह सकते हैं, क्योंकि चीन ने ट्रंप द्वारा पारस्परिक टैरिफ का जवाब देने का विकल्प चुना है। एक्स पर अपने पोस्ट में ट्रंप ने कहा, 'चीन ने विश्व के बाज़ारों के प्रति जो सम्मान नहीं दिखाया है, उसके आधार पर, मैं संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा चीन पर लगाए जाने वाले टैरिफ को तत्काल प्रभाव से बढ़ाकर 125% कर रहा हूं। उम्मीद है कि निकट भविष्य में किसी समय चीन को एहसास होगा कि संयुक्त राज्य अमेरिका और अन्य देशों को लूटने के दिन अब टिकाऊ या स्वीकार्य नहीं हैं।'

हालांकि, अमेरिका को छोड़कर भारत समेत किसी भी देश ने चीन पर टैरिफ नहीं बढ़ाया है, लेकिन अधिकांश देश, चीन द्वारा की जाने वाली डंपिंग से चिंतित हैं, जिससे उनके घरेलू उद्योग को नुकसान हो रहा है। डंपिंग को अंतरराष्ट्रीय व्यापार में दुरुपयोग माना जाता है। चीन ने डंपिंग की इस कला में महारत हासिल कर ली है, इसे अंतरराष्ट्रीय व्यापार में एक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जाता है, जिसका उद्देश्य आयात करने वाले देशों के घरेलू उद्योग को खत्म करना है और एक बार जब कोई देश चीनी सामग्रियों पर निर्भर हो जाता है, तो फिर उसका शोषण शुरू हो जाता है। सक्रिय दवा सामग्री (एपीआई) का मामला चीनी डंपिंग और शोषण का ज्वलंत उदाहरण हैं। 2004 के बाद, पेनिसिलिन जी और फोलिक एसिड सहित कई प्रकार की एपीआई को भारतीय बाजारों में बेहद कम कीमतों पर डंप किया गया। इस खेल में न केवल भारतीय एपीआई उद्योग को खत्म कर दिया गया, बल्कि देश की स्वास्थ्य सुरक्षा को भी खतरे में डाल दिया गया। मार्च में, भारत ने घरेलू उद्योगों को चीनी डंपिंग से बचाने के लिए चार चीनी वस्तुओं- सॉफ्ट फेराइट कोर, वैक्यूम इंसुलेटेड फ्लास्क, एल्यूमीनियम पन्नी और ट्राइक्लोरो आइसोसायन्यूरिक एसिड पर एंटी-डंपिंग शुल्क लगाया था। एंटी-डंपिंग शुल्क 276 अमेरिकी डॉलर से लेकर 1,732 अमेरिकी डॉलर प्रति टन तक है और यह पांच साल के लिए है। इससे पहले 2024 में ही, व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) द्वारा दायर एंटी-डंपिंग जांचों में से 79 प्रतिशत चीनी उत्पादकों के खिलाफ दायर की गई थीं। यह ध्यान देने योग्य है कि डीजीटीआर भारत में व्यापार उपायों की जांच और सिफारिश करने के लिए जिम्मेदार शीर्ष निकाय है, जो अन्य उपायों के साथ-साथ डंपिंग रोधी शुल्क लगाने की भी सिफारिश करता है। चीन पहले से कहीं ज्यादा डंप क्यों करेगा? कारण यह है कि अमेरिकी टैरिफ के बाद, चीन के लिए अमेरिका को इतनी आसानी से निर्यात करना मुश्किल हो जाएगा; इसलिए, चीन अपने उत्पादों को अन्य बाजारों में डंप करने के लिए मजबूर होगा। सर्वप्रथम चीन के पास बहुत अधिक अतिरिक्त उत्पादन क्षमता है, जिससे अधिशेष उत्पादन




होता है। कुछ बाजारों में बेचने की क्षमता, चीन को अन्य बाजारों में समान सामग्री डंप करने के लिए मजबूर करती है। चीन का ध्यान हमेशा निर्यात आधारित विकास पर रहा है, जिसे सरकार का समर्थन प्राप्त है। दूसरे, चीनी कंपनियों को अन्य रूपों में सब्सिडी और सरकारी सहायता मिलती है, जिससे वे अपने उत्पादों को कृत्रिम रूप से कम कीमतों पर बेच पाते हैं। तीसरे, व्यापार तनाव भी वैकल्पिक बाजारों पर किसी तरह नियंत्रण करने के चीनी खेल का हिस्सा है। चीनी डंपिंग को लेकर आशंकाएं बेवजह नहीं हैं। अतीत में ऐसे कई उदाहरण सामने आए हैं, जब चीन ने भारत समेत विदेशी बाज़ारों में डंपिंग की अनैतिक प्रथा अपनाई। अतीत में, हमारा एपीआई उद्योग, इलेक्ट्रॉनिक और टेलीकॉम उद्योग, कपड़ा और परिधान उद्योग, खिलौना उद्योग और कई अन्य उद्योग चीनी डंपिंग का शिकार रहे हैं। सरकार के ठोस प्रयासों के बावजूद, ये उद्योग चीन से अनुचित प्रतिस्पर्धा की छाया से बाहर नहीं आ पाए। उल्लेखनीय है कि अमेरिका लंबे समय से चीनी आयात पर अंकुश लगाने का प्रयास कर रहा है। हालांकि, ट्रंप के कार्यकाल में चीन को अपने निर्यात को अन्य तरीकों से बदलने का कोई मौका न देने के उद्देश्य से ठोस प्रयास किए गए हैं, ताकि ट्रंप के टैरिफ से बचा जा सके। इस संदर्भ में अमेरिकी सीनेट ने दो विधेयक पेश किए हैं, नीदर परमानेंट नॉर नार्मल ट्रेड रिलेशंस अधिनियम (पीएनटीआर अधिनियम) और एक्सिंग नॉन मार्केट टैरिफ इवेजन एक्ट (एएनटीई अधिनियम)। पहला पीएनटीआर चीन से आयात पर केंद्रित है और दूसरा एएनटीई अन्य देशों में माल का उत्पादन करने वाली चीनी फर्मों को लक्षित करता है, जबकि पीएनटीआर अधिनियम चीन से सीधे आने वाले माल को प्रतिबंधित करेगा और एएनटीई अधिनियम वियतनाम, मलेशिया, इंडोनेशिया और थाईलैंड जैसे देशों में चीनी स्वामित्व वाली फैक्ट्रियों से आने वाले माल को प्रतिबंधित करेगा, इसलिए नए कानूनों के माध्यम से अमेरिका उन सभी संभावित माध्यमों को बंद करने की कोशिश कर रहा है, जिनसे चीन अमेरिका में अपने उत्पादों को बेचने की कोशिश कर सकता है। भारत द्वारा चीनी डंपिंग को रोकने के लिए विभिन्न तरीकों के बावजूद, चीनी आयात पर निर्भरता लगातार बढ़ रही है। वित्त वर्ष 2024-25 में, अप्रैल से फरवरी के बीच के पहले 10 महीनों में, चीन से भारत का आयात एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 10.4% बढ़कर 103.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया। दूसरी ओर, चीन को निर्यात 15.7% घटकर 12.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर रह गया। इससे जाहिर तौर पर चीन के साथ व्यापार घाटा बढ़ गया है।

चीनी डंपिंग को रोकने के लिए और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है। अब जब भारत दुनिया के लिए विनिर्माण केंद्र बनने की आकांक्षा रखता है, तो वह चीन से डंपिंग के किसी भी नए दौर को बर्दाश्त नहीं कर सकता, क्योंकि यह उसके आत्मनिर्भर भारत के सपने को खतरे में डाल सकता है। हमें न केवल चीन को भारतीय बाजारों में अपने माल की डंपिंग के अनैतिक और अवैध तरीकों का उपयोग करने से रोकने के लिए अपनी प्रशासनिक मशीनरी को सुव्यवस्थित करना होगा। जब भी भारत ने एंटी-डंपिंग शुल्क या सुरक्षा उपायों या किसी अन्य तरीके का इस्तेमाल किया है, तो चीन ने इसे टालने की कोशिश की है। उत्पाद संशोधन, अवशोषण, परिहार, या और कई अन्य तरीके। चीन भी आसियान और अन्य देशों के माध्यम से अपने माल को पुनः भेज रहा है। चीनी सामानों पर अंकुश लगाने के नई दिल्ली के प्रयासों को विफल करने के लिए, चीन ने अपने कारखानों को अन्य देशों में स्थानांतरित कर दिया है। हम न केवल चीन से उत्पन्न होने वाले चीनी सामानों पर बल्कि बाहर स्थापित चीनी कारखानों द्वारा उत्पादित सामानों पर भी अंकुश लगाने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के नए प्रस्तावित कानूनों से संकेत ले सकते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## आत्मसंयम योग में स्थित रहें



संकलित
दर्शन

विपरीत परिस्थिति में ही योग की प्रामाणिकता सिद्ध होती है। संयम की प्रामाणिकता भी योग से ही सिद्ध होती है। हमारी ज्ञानेंद्रियां तथा कर्मेंद्रियां अपनी अर्जित शक्ति को बाहर की ओर खर्च कर रही हैं। योग द्वारा उसका एकत्रीकरण किया जाता है। योग चाहे ध्यान के रूप में हो या व्यायाम-प्राणायाम के रूप में, उसकी शक्ति को एकत्र करके हम शक्ति का उपयोग कहां करते हैं, वास्तविक योग वह है। रावण भी बहुत बड़ा योगी था, पर उसने अपने योग से प्राप्त शक्ति से भगवान की योगमाया सीता जी का हरण करके योग का दुरुपयोग किया। जब तक आत्मसंयम योग जीवन में न आ जाए, तब तक क्रियात्मक योग केवल शरीर संवर्धन के ही कार्य आएगा। हम जीवन के किसी भी क्षेत्र में अतिरेकवादी दृष्टिकोण के दुराग्रही न होकर संतुलित होकर मध्य स्थिति में रहकर आत्मसंयम योग में स्थित रहें। हमारे शरीर में जो मध्य प्रदेश है, वही हृदय प्रदेश है। हाथ-पांव के रूप में नीचे कर्म प्रदेश है तथा विचार के रूप में सिर में विवेक प्रदेश है। जिसे विवेक स्वीकार कर ले और कर्मयोग से जिस शक्ति को अर्जित किया हो, उसे हृदय प्रदेश के मध्य सिंहासन पर बैठाया जाता है। सब कुछ ईश्वर को समर्पित कर देना ही महायोग है। शरीर का योग यदि भगवान से जुड़कर ध्यान योग बन जाए और योग से प्राप्त शक्तियों का उपयोग हम हनुमान जी, श्रीभरत जी और श्री लक्ष्मण जी की तरह सेवा के लिए करें तो योग प्राणीमात्र की सेवा का उपादान बनकर सहजयोग बन जाएगा।

## धैर्य से काम लेने में ही समझदारी



संकलित
प्रेरणा

एक बार महात्मा बुद्ध अपने कुछ शिष्यों के साथ एक गांव में भ्रमण कर रहे थे। उन दिनों कोई वाहन नहीं हुआ करते थे सो लोग पैदल ही मीलों की यात्रा करते थे। ऐसे ही गांव में घूमते हुए काफ़ी देर हो गयी थी। बुद्ध जी को काफ़ी प्यास लगी थी। उन्होंने अपने एक शिष्य को गांव से पानी लाने की आज्ञा दी। जब वह शिष्य गांव में अंदर गया तो उसने देखा वहां एक नदी थी जहां बहुत सारे लोग कपड़े धो रहे थे कुछ लोग नहा रहे थे तो नदी का पानी काफ़ी गंदा सा दिख रहा था। शिष्य को लगा कि गुरु जी के लिए ऐसा गंदा पानी ले जाना ठीक नहीं होगा, ये सोचकर वह वापस आ गया। महात्मा बुद्ध को बहुत प्यास लगी थी इसीलिए उन्होंने फिर से दूसरे शिष्य को पानी लाने भेजा। कुछ देर बाद वह शिष्य लौटा और पानी ले आया। महात्मा बुद्ध ने शिष्य से पूछा कि नदी का पानी तो गंदा था फिर तुम साफ पानी कैसे ले आए। शिष्य बोला की प्रभु वहां नदी का पानी वास्तव में गंदा था लेकिन लोगों के जाने के बाद मैंने कुछ देर इंतजार किया। और कुछ देर बाद मिट्टी नीचे बैठ गई और साफ पानी उपर आ गया। बुद्ध यह सुनकर बड़े प्रसन्न हुए और बाकी शिष्यों को भी सीख दी कि हमारा ये जो जीवन है यह पानी की तरह है। जब तक हमारे कर्म अच्छे हैं तब तक सब कुछ शुद्ध है, लेकिन जीवन में कई बार दुख और समस्या भी आते हैं जिससे जीवन रूपी पानी गंदा लगने लगता है। कुछ लोग पहले वाले शिष्य की तरह बुराई को देख कर घबरा जाते हहैं, वह जीवन में कभी आगे नहीं बढ़ पाते।

## सटाका




## आज की पाती


### बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर बढ़ी सुगबुगाहट

बिहार में विधानसभा चुनाव होना है। चुनाव प्रचार के लिए हर पार्टी के नेता मैदान में डटे हुए है। बिहार में एनडीए की सरकार है। पार्टी को भरोसा है कि इस बार भी सीएम नीतीश कुमार की सरकार बनेगी। चुनाव का बिगुल बजते ही पार्टियां हमलावर हो गई है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि बिहार में विकास ,कानून व्यवस्था और भाईचारा चाहिए, वो मिल रहा है। नीतीश कुमार के राज में विकास की गंगा बह रही है।उधर, कांग्रेस ने एनडीए पर निशाना साधते हुए कहा कि वे संविधान बदलना चाहते है। प्रोपोगेंडा फैलाना कांग्रेस को पहले भी भारी पड़ा था। कांग्रेस के पास वैसे भी सत्तारूढ़ सरकार को घेरने के कोई मुद्दे नही है। कांग्रेस पिछले सभी चुनावो में जीरो पर अटकी हुई थी।

*- कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर

### पेरू की सोने की खदान से अपहृत 13 श्रमिक मृत मिले



पेरू में सोने की प्रमुख खदान से करीब एक सप्ताह पहले अपहृत किए गए 13 सुरक्षा गार्ड के शव रविवार को बरामद किए गए। उनकी मौत ऐसे समय में हुई है, जब दक्षिण अमेरिकी देश के महत्वपूर्ण खनन उद्योग में हिंसा बढ़ गई है। पेरू के गृह मंत्रालय ने यह जानकारी दी। सोने की खदान, ला पोडेरोसा की ओर से कहा गया कि खोज और बचाव दल ने रविवार को खदान में कर्मचारियों के शव बरामद किए। कंपनी ने उनके अपहरण का आरोप अनौपचारिक खनन कर्मियों पर लगाया, जो कथित तौर पर आपराधिक गिरोहों से जुड़े थे। आरोप है कि इन खनन कर्मियों ने 26 अप्रैल को सोने की खदान पर घात लगाकर हमला किया था। पेरू के आंतरिक मंत्रालय ने कहा कि उसने इन जघन्य अपराधों के लिए जिम्मेदार लोगों का पता लगाने और उन्हें पकड़ने के लिए विशेष पुलिस बल तैनात किया है। पेरू की राजधानी लीमा स्थित निजी कंपनी ला पोडेरोसा ने कहा कि पेरू के सुदूर उत्तर-पश्चिमी शहर पाटाज़ में खदान पर नियंत्रण के लिए लड़ रहे आपराधिक समूहों ने 1980 में कंपनी के परिचालन शुरू करने के बाद से अब तक कंपनी के 39 श्रमिकों की हत्या कर दी है, जिनमें वर्तमान में मारे गए 13 श्रमिक भी शामिल हैं।

## ऑफ बीट

### क्या विटामिन डी से रोका जा सकता है कोलोरेक्टल कैंसर




कम विटामिन डी स्तर को लंबे समय से कोलोरेक्टल कैंसर होने के उच्च जोखिम से जोड़ा जाता रहा है। विटामिन डी के कम रक्त स्तर वाले लोगों में उच्च स्तर वाले लोगों की तुलना में सीआरसी होने का जोखिम 31 प्रतिशत अधिक था। इसी तरह, एक अन्य अध्ययन में विटामिन डी युक्त आहार का सेवन करने वाले व्यक्तियों में सीआरसी जोखिम 25 प्रतिशत कम होने की बात सामने आयी। सबसे अधिक विटामिन डी का सेवन करने वाली महिलाओं में सबसे कम सेवन करने वाली महिलाओं की तुलना में कोलोरेक्टल कैंसर विकसित होने का जोखिम 58 प्रतिशत कम था। विटामिन डी सूर्य के प्रकाश की प्रतिक्रिया में त्वचा में संश्लेषित होता है और पूरे शरीर में पाए जाने वाले विटामिन डी रिसेप्टर्स (वीडीआर) के माध्यम से अपने जैविक प्रभाव डालता है, जिसमें बृहदान्त्र ऊतक भी शामिल है। सक्रिय होने पर, ये रिसेप्टर सूजन, प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया और कोशिका वृद्धि से संबंधित जीन गतिविधि को विनियमित करने में मदद करते हैं जो कैंसर होने की मुख्य प्रक्रियाएं होती हैं। प्रीक्लीनिकल अध्ययनों से पता चला है कि विटामिन डी (कैल्सीट्रिऑल) का सक्रिय रूप सूजन को दबा सकता है।

## ट्रेंड

### खिलाड़ियों को शुभकामनाएं



बिहार में आयोजित हो रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को शुभकामनाएं। यह मंच आपकी सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा को सामने लाए और सच्ची खेल उत्कृष्टता को बढ़ावा दे।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### प्रेस की स्वतंत्रता खतरे में



प्रेस की स्वतंत्रता अभूतपूर्व खतरे का सामना कर रही है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का समर्थन कर सकती है- या इसे दबा सकती है। पक्षपातपूर्ण एल्गोरिदम, सरासर झूठ और नफरत फैलाने वाले भाषण इंटरनेट पर बारूदी सुरंग हैं।

-एंटोनियो गुतारेस, यूएन महासचिव

### पाक की हिम्मत



पाक आतंकवादियों ने हमारे 26 निर्दोष लोगों को मार दिया, सबने एक आवाज में कहा "मोदीजी घर में घुसकर आतंकवादियों को मारो पीओके वापस लो।" मोदीजी बिहार चुनाव में व्यस्त हो गये। पाक की हिम्मत देखिए वो एलओसी फायरिंग कर रहा है।

-संजय सिंह, आप नेता

### कोशिश करें, आगे बढ़ें



अगर आपको नहीं पता कि आप क्या चाहते हैं तो यह पता लगाना आपका मिशन होना चाहिए। स्पष्टता सोचने से नहीं आती, यह काम करने से आती है। गलत रास्ता भी आपको अटके रहने से कहीं ज्यादा सिखाएगा। कोशिश करें। आगे बढ़ें। सीखें। मदद करें। कुछ करें।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# पृथ्वी के पास हो सकते हैं ढेरों 'मिनीमून', वैज्ञानिकों ने खोजा 2024 पीटी 5

## 7.24 किमी प्रति घंटे की गति से पृथ्वी के आसपास चल रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पृथ्वी के आसपास छोटे-छोटे चट्टानी टुकड़ों की एक पूरी आबादी हो सकती है, जिन्हें 'मिनीमून' कहा जाता है। हाल ही में खोजा गया 2024 पीटी5 नाम का एक छोटा चट्टानी टुकड़ा, जो पिछले साल मिनीमून के रूप में पहचाना गया, संभवतः चंद्रमा से टूटकर निकला है। यह टुकड़ा लाखों साल पहले चंद्रमा पर किसी बड़े टक्कर के कारण अंतरिक्ष में आया होगा। यह खोज इस बात का संकेत देती है कि पृथ्वी के पास चंद्रमा के ऐसे कई टुकड़े घूम रहे हो सकते हैं।

प्लैनेटरी साइंटिस्ट टेडी करेटा ने मार्च में टेक्सास में हुई 56वीं लूनर एंड प्लैनेटरी साइंस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अगर सिर्फ एक ऐसा टुकड़ा होता तो यह दिलचस्प होता लेकिन यह अकेला मामला नहीं है। लेकिन अब दो टुकड़े मिले हैं, तो हमें यकीन है कि यह एक पूरी आबादी हो सकती है। 2024 पीटी5 की खोज अगस्त 2024 में दक्षिण अफ्रीका के खगोलविदों ने की थी। यह टुकड़ा पृथ्वी के पास बहुत धीमी गति से सिर्फ 7.24 किलोमीटर प्रति घंटे (2 मीटर प्रति सेकंड) चल रहा था। इसकी खोज के बाद टेडी करेटा और उनके साथी निक मॉस्कोविट्ज़ ने इसे लोवेल डिस्कवरी टेलीस्कोप से अध्ययन किया।

2016 में भी मिला था कामो'ओलेवा नाम का टुकड़ा

ऐसे कई टुकड़े हैं जो पृथ्वी के पास चक्कर लगा रहे



### 2055 में फिर पृथ्वी के करीब आएगा

*2024 पीटी5 को सितंबर 2024 में मिनीमून कहा गया क्योंकि यह कुछ समय के लिए पृथ्वी के साथ चला। टेडी करेटा इसे हाईवे पर चल रही दो गाड़ियों से तुलना करते हैं। पृथ्वी अपनी लेन में तेजी से चल रही है, जबकि 2024 पीटी5 धीमी गति से सूरज के करीब वाली लेन में था। 2024 में यह पृथ्वी की लेन में आ गया। कुछ समय तक साथ चला। सितंबर के अंत तक यह फिर अपनी लेन में चला गया। अनुमान है कि 2055 में यह फिर से पृथ्वी के करीब होगा।*

### यह टुकड़ा आकार में सिर्फ 8 से 12 मीटर

*शोधकर्ताओं का मानना है कि 2024 पीटी5 तब बना जब चंद्रमा पर कोई बड़ा पिंड टकराया होगा। इस टक्कर से चंद्रमा का कुछ हिस्सा टूटकर अंतरिक्ष में चला गया। शोधकर्ता इस टुकड़े की संरचना का अध्ययन करके यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि यह चंद्रमा के किस गड्ढे (क्रेटर) से आया है। स्टडी में बताया कि यह टुकड़ा सिर्फ 8 से 12 मीटर (26 से 39 फीट) का है। यानी काफी छोटा है।*

### पहले भी मिल चुका है ऐसा ही एक टुकड़ा

2024 पीटी5 चंद्रमा का दूसरा टुकड़ा है जो वैज्ञानिकों ने खोजा है। इससे पहले 2016 में खोजा गया कामो'ओलेवा नाम का टुकड़ा भी 2021 में चंद्रमा से जोड़ा गया था। कामो'ओलेवा बड़ा है। इसे अंतरिक्ष में कॉस्मिक किरणों और सौर विकिरण से ज्यादा नुकसान हुआ है, जिसका मतलब है कि यह शायद 2024 पीटी5 से ज्यादा समय से अंतरिक्ष में है। इनकी कक्षा भी अलग है। कामो'ओलेवा एक क्वासी-सैटेलाइट की तरह है, जो पृथ्वी के पास कई चक्कर लगाता है, लेकिन इसके चारों ओर नहीं घूमता। दूसरी ओर, 2024 पीटी5 समय-समय पर पृथ्वी की कक्षा में आता-जाता है।

### चंद्रमा के दूसरी और 22 किमी चौड़ा गड्ढा

वैज्ञानिक कामो'ओलेवा को चंद्रमा के जियोर्डानो ब्रूनो क्रेटर से जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं, जो चंद्रमा के दूसरी तरफ 22 किलोमीटर चौड़ा गड्ढा है। अगर और ऐसे टुकड़े मिलते हैं, तो यह पुष्टि हो सकती है कि चंद्रमा के कई टुकड़े पृथ्वी के पास घूम रहे हैं। यह शोध जनवरी में द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स में प्रकाशित हुआ था।

## खबर संक्षेप

### फीनिक्स में हमलावरों ने नौ लोगों को मारी गोली



**फीनिक्स।** अमेरिका में एक बार फिर गोलीबारी की घटना ने सभी को हिलाकर रख दिया है। इस बार एक रेस्तरां में फायरिंग हुई है। वारदात में नौ लोगों को गोली लगी है। पुलिस ने बताया कि रविवार रात फीनिक्स के उपनगरीय इलाके में स्थित एक रेस्तरां में नौ लोगों को गोली मारी गई। ग्लेनडेल पुलिस विभाग के अधिकारी मोरोनी मेंडेज ने घटनास्थल पर ब्रीफिंग के दौरान बताया कि पुलिस को एल कैमरन गिगांटे मैरिस्कोस एंड स्टीकहाउस में शाम करीब 7:45 बजे गोली चलने की सूचना मिली।

### मस्क ने एक्स पर अपना नाम गोर्कलोन रस्ट रखा



**वॉशिंगटन।** इलॉन मस्क ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपना डिस्प्ले नाम बदलकर 'गोर्कलोन रस्ट' कर लिया है। साथ ही उन्होंने अपनी प्रोफाइल फोटो भी बदल दी है। मस्क ने ग्रोक नाम के अपने एआई चैटबॉट के पैरोडी अकाउंट एटगोर्क को टैग करते हुए लिखा- हैलो एटगोर्क, मैंने अपनी प्रोफाइल फोटो तुम्हारी प्रोफाइल फोटो जैसी कर ली है, कैसा लगा? इस पर एटगोर्क अकाउंट ने जवाब दिया- ठीक लग रही है, लेकिन क्या मेरा पूरा चेहरा ही कॉपी करना जरूरी था?

## राजनाथ सिंह और जापानी रक्षा मंत्री के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक

# जापान ने आतंकवाद की निंदा की, भारत को एकजुटता के साथ पूर्ण समर्थन की पेशकश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को नई दिल्ली में भारत-जापान रक्षा मंत्रिस्तरीय बैठक में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने पहलगाम हमले के बाद जापान की तरफ से मिले समर्थन पर आभार व्यक्त किया। रक्षा मंत्री ने जापान के रक्षा मंत्री जनरल नाकातानी के साथ द्विपक्षीय बैठक की। दोनों पक्षों के बीच वर्तमान क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया। साथ ही द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और गहरा करने के तरीकों पर भी चर्चा की गई। दोनों पक्षों ने भारत-जापान रक्षा औद्योगिक सहयोग को बढ़ावा देने के तौर-तरीकों पर भी विचार-विमर्श किया।

भारत-जापान रक्षा मंत्रिस्तरीय बैठक में शामिल होने के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं जापान सरकार का पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के साथ मजबूत एकजुटता दिखाने के लिए धन्यवाद करता हूं। मैं इस अवसर पर भारत-जापान रक्षा संबंधों को गहरा करने में आपके बड़े योगदान की सराहना करता हूं। रक्षा मंत्री के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल एक्स से इस मुलाकात का ब्योरा दिया गया।

रक्षा सहयोग को और मजबूत करने पर सहमत | क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा पर की बातचीत



### दोनों देशों के बीच विशेष साझेदारी

राजनाथ सिंह ने एक्स पर लिखा कि नई दिल्ली में जापान के रक्षा मंत्री जनरल नाकातानी जेन से मिलकर बहुत खुशी हुई। भारत और जापान के बीच विशेष, रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी है। द्विपक्षीय बैठक के दौरान हमने रक्षा सहयोग और क्षेत्रीय सुरक्षा पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने किसी भी प्रारूप में आतंकवाद की निंदा की और सीमा पार खतरों का मुकाबला करने के लिए सहयोग और संयुक्त प्रयासों को बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। नाकातानी जेन ने पहलगाम हमले के मद्देनजर भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की और भारत को पूर्ण समर्थन देने की पेशकश की।

### रक्षा और सुरक्षा संबंधों के महत्वपूर्ण स्तंभ

राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत और जापान के बीच दीर्घकालिक मित्रता है। 2014 में इस सहयोग को विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी में शामिल करने के बाद दोनों देशों की इस मित्रता ने नई गति प्राप्त की है। रक्षा और सुरक्षा दोनों देशों के बीच संबंधों के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। रणनीतिक मामलों पर बढ़ते समन्वय के कारण हाल के वर्षों में भारत और जापान के बीच रक्षा आदान-प्रदान को बल मिला है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र की शांति, सुरक्षा और स्थिरता के मुद्दों पर साझा दृष्टिकोण से इसका महत्व बढ़ रहा है।

### छह महीने के भीतर दूसरी बैठक

यह मुलाकात लाओ पीडीआर में आसियान रक्षा मंत्रियों की 'मीटिंग-प्लस' के अवसर पर नवंबर में हुई उनकी पहली मुलाकात के बाद छह महीने के भीतर दोनों रक्षा मंत्रियों के बीच दूसरी बैठक थी। उस बैठक में, सिंह और जनरल नकातानी ने दोनों देशों की सेनाओं के बीच अधिक अंतर-संचालन के लिए आपूर्ति और सेवा समझौते के पारस्परिक प्रावधान पर विचार-विमर्श किया था। यदि पारस्परिक आपूर्ति एवं सेवा समझौता हो जाता है, तो इससे दोनों देशों की सेनाओं को उपकरणों की मरम्मत और आपूर्ति के लिए एक-दूसरे के ठिकानों का उपयोग करने की सुविधा मिलने के साथ ही समग्र रक्षा सहयोग को बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। माना जाता है कि दोनों पक्षों ने पूर्वी और दक्षिणी चीन सागर के रणनीतिक जलक्षेत्र में स्थिति की भी समीक्षा की, जहां बीजिंग अपनी सैन्य स्थिति बढ़ा रहा है।

### जापानी प्रतिनिधिमंडल की असम सीएम से चर्चा



जापान के हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव्स के अध्यक्ष नुकागा फुकुशिरो के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को असम की तीन दिवसीय यात्रा पूरी की। उन्होंने सीएम हिमंत विश्व शर्मा से मुलाकात की और आपसी हितों के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। बाद में राज्यपाल और असम विधानसभा अध्यक्ष द्वारा उनके सम्मान में आयोजित रात्रिभोज में भाग लिया। प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को अमीनगांव में एक आगामी जापान-सहायता प्राप्त कौशल प्रशिक्षण केंद्र और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), गुवाहाटी तथा जगीरोड में टाटा के प्रस्तावित सेमीकंडक्टर संयंत्र का दौरा किया। सीएम ने रविवार को कहा कि फरवरी में उनके जापान दौरे के बाद से यह राज्य का चौथा उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल दौरा था।

## खालिस्तानी आतंकी दल्ला से जुड़ा मामला

# राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली की 10 जगहों पर एनआईए की छापेमारी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी (एनआईए) के अधिकारियों ने राजधानी दिल्ली, राजस्थान और हरियाणा के 10 जगहों पर छापेमारी की है। इस छापेमारी के दौरान एनआईए की टीम ने पिछले साल हुई गोलीबारी की घटना की जांच की है। कनाडा स्थित खालिस्तानी आतंकवादी अर्श दल्ला से जुड़े 2024 के नीमराणा होटल फायरिंग हमले के पीछे की साजिश की गहराई से जांच की गई। ये जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने की है। एनआईए की टीम ने शनिवार को राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली के 10 स्थानों पर छापेमारी की है। पिछले साल 8 सितंबर को होटल हाईवे किंग के परिसर के चारों ओर 35 गोलियां बरसाई गई थीं। लोगों को आतंकित करने और धमकाने के उद्देश्य से ऐसा किया किया गया था। बाद में दोनों हमलावरों की पहचान बांबिया गिरोह के सदस्यों के रूप में की गई, जिनका दल्ला के आतंकवादी-गैंगस्टर नेटवर्क से संबंध था। इन दहशतगर्दों ने प्रतिबंधित हथियारों का इस्तेमाल किया था और होटल के मालिक और मैनेजर को जबरन वसूली के लिए धमकाया भी था। मैनेजर को पहले भी अंतरराष्ट्रीय नंबरों से कई धमकी भरे कॉल आ चुके थे।

### एनआईए ने जब्त किए थे कई उपकरण

दिसंबर में मामले को अपने हाथ में लेने वाली एनआईए ने हिंसक आपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा देने में लगे आरोपियों और संदिग्धों के परिसरों में की गई तलाशी के दौरान कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और अन्य आपत्तिजनक सामग्री जब्त की थी। एनआईए की जांच के अनुसार, ये आरोपी/संदिग्ध नामित आतंकवादी अर्श दल्ला और उसके सहयोगी दिनेश गांधी के इशारे पर वित्तीय सहायता प्रदान करने और हिंसा और आतंक के कृत्यों को अंजाम देने में शामिल थे।

### धन जुटाने के लिए वारदात को दिया गया अंजाम

एनआईए की जांच से पता चला कि दल्ला के सहयोगी प्रतिबंधित खालिस्तानी आतंकवादी संगठनों के लिए धन जुटाने के लिए इस तरह के आतंकवादी और हिंसक कृत्यों के माध्यम से जबरन वसूली का सहारा ले रहे हैं। इन गैंगस्टरों और उनके सहयोगियों द्वारा व्यवसायियों और अन्य टार्गेट की पहचान की गई थी, जो टार्गेट को बड़ी रकम का भुगतान करने के लिए धमकाते और मजबूर करते थे। देश में सक्रिय आतंकवादी और गैंगस्टर सिंडिकेट की पहचान करने और उन्हें खत्म करने के एनआईए के प्रयासों के तहत आरसी 01/2024/एनआईए/जेपीआर मामले की जांच जारी है।

## दक्षिण-पश्चिम चीन में आया तूफान

# पर्यटक नौकाएं पलटीं, नौ लोगों की हुई मौत, एक अब भी लापता

एजेंसी ▶▶ बीजिंग



चीन की सबसे लंबी नदी यांग्त्जी की एक सहायक नदी वू में अचानक आए तूफान में बारिश और ओलावृष्टि के बाद चार नौकाएं पलट गईं। हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई और एक लापता हो गया। सरकारी प्रसारक सीसीटीवी ने बताया कि रविवार दोपहर को गुइझोउ प्रांत के दर्शनीय क्षेत्र में तेज हवाओं के कारण 80 से अधिक लोग वू नदी में गिर गए। शुरुआती रिपोर्टों में कहा गया था कि दो पर्यटक नौकाएं पलट गईं, लेकिन सोमवार को कहा कि चार नौकाएं हादसे का शिकार हुईं। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि अन्य दो नौकाओं में कोई पीड़ित था या नहीं। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने लापता लोगों को खोजने और घायलों की देखभाल के लिए पूरी ताकत से प्रयास करने का आह्वान किया। शी के प्रशासन ने चीन के परिवहन क्षेत्र में ऐसे हादसों को रोकने के लिए कई अभियान चलाए हैं। हालांकि, ओवरलोडिंग, खराब रखरखाव वाले वाहन और सुरक्षा उपकरणों की कमी ने उन अभियानों पर भारी पड़ रहे हैं। पलटी हुई दो नावों में से प्रत्येक में लगभग 40 लोग सवार थे और वे ओवरलोड नहीं थीं।

## सेना तैनाती से इनकार पर मेक्सिको पर बिफरे ट्रंप

# शिनबाम नशा तस्करों से डरी हुई, वे सीधा सोच नहीं सकती

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को बताया कि मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने मैक्सिको में अमेरिकी सैनिकों की तैनाती के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। ट्रंप ने इस पर नाराजगी जताई और आरोप लगाया कि शिनबाम मैक्सिको के ताकतवर नशा तस्करों से डर गई हैं।

ट्रंप का यह बयान क्लाउडिया शिनबाम के उस बयान के एक दिन बाद सामने आया है, जिसमें क्लाउडिया ने बताया कि ट्रंप, मैक्सिको में अमेरिकी सैनिकों की तैनाती का दबाव बना रहे हैं। हालांकि क्लाउडिया ने इससे इनकार कर दिया था। ट्रंप ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि वे (क्लाउडिया शिनबाम) नशा तस्करों से बेहद डरी हुई हैं कि वे सीधा सोच भी नहीं सकतीं। ये ही इनकार की वजह है। हालांकि वह एक अच्छी महिला हैं। ट्रंप प्रशासन ने नशा तस्करी रोकने के लिए मैक्सिको से लगती दक्षिणी सीमा पर सेना की तैनाती बढ़ाई है। साथ ही अवैध अप्रवासियों को रोकने के लिए भी सेना की भूमिका बढ़ाई गई है। शिनबाम ने कहा था कि संप्रभुता बिक्री के लिए नहीं है। संप्रभुता को प्यार किया जाता है और उसकी रक्षा की जाती है।

## चिनाब नदी पर बने सलाल बांध के सभी गेट बंद

# जल स्तर में आई गिरावट, स्थानीय लोग बोले- 'हम सरकार के साथ'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने चिनाब नदी पर बने बगलिहार बांध और सलाल बांध को बंद कर दिया है। सलाल बांध के गेट बंद होने के बाद से सोमवार को रियासी जिले में चिनाब नदी के जलस्तर में काफी गिरावट देखने को मिली है। वहीं, रामबन में चिनाब नदी पर बगलिहार जलविद्युत परियोजना बांध के जल प्रवाह को भी रोका गया। स्थानीय व्यक्ति दिनेश और राधेश्याम ने कहा कि हमें खुशी है कि सरकार ने पाकिस्तान की तरफ पानी का प्रवाह रोक दिया है। जिस तरह से पहलगाम में हमारे पर्यटकों को मारा गया, पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब मिलना चाहिए। वह जो भी निर्णय लेंगे हम सरकार के साथ हैं।

### पुंछ के सुरनकोट में गोला-बारूद बरामद



जलस्तर कम होने के बाद नदी में टहलते लोग

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में स्थानीय पुलिस और सेना की रोमियो फोर्स ने सुरनकोट गांव में संयुक्त अभियान के दौरान एक संदिग्ध आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ किया। इस ठिकाने से गोला-बारूद और अन्य सामान बरामद किया गया है। पुंछ पुलिस ने संदिग्ध ठिकाने की तस्वीरें जारी की हैं। अधिकारियों के अनुसार, यहां से पांच इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी), कई रेडियो सेट, तार, दूरबीन और कंबल बरामद किए गए हैं।

### आतंकवादी इंसान नहीं: मौलाना मदनी

जमीयत उलेमा-ए-हिंद (अरशद मदनी गुट) के प्रमुख मौलाना अरशद मदनी ने रविवार को पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि ऐसे हमले करने वाले आतंकवादी इस्लाम के सिद्धांतों से अनजान हैं और उन्हें इंसान नहीं माना जा सकता। मदनी ने कहा कि सरकार को आतंकवाद को उसके स्रोत पर रोकना चाहिए ताकि भविष्य में ऐसे हमले न हों। उन्होंने कहा कि अगर सरकार को सौ प्रतिशत यकीन है कि कश्मीर में सिर्फ हमलावरों के घर ढहाए गए तो यह कार्रवाई उचित है, लेकिन केवल संदेह के आधार पर ऐसी कार्रवाई गलत होगी। उन्होंने जोर दिया कि जमीयत शांतिप्रिय संगठन है।

## केआईआईटी में छात्रा की मौत, तीन महीनों में यह दूसरा मामला

# नेपाली संसद ने की भारत से उच्च स्तरीय बातचीत की मांग

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल की संसद के निचले सदन (प्रतिनिधि सभा) ने सोमवार को देश की सरकार से भारत के साथ उच्च स्तरीय कूटनीतिक वार्ता करने की मांग की है, ताकि ओडिशा के कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी (केआईआईटी) में पढ़ने वाली नेपाली छात्रा की मौत की जांच की जा सके। इससे एक दिन पहले नेपाल की संसद के ऊपरी सदन (नेशनल असेंबली) ने भी इसी प्रकार की सिफारिश सरकार को दी थी। प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष देवराज घिमिरे ने सोमवार को सरकार को यह निर्देश जारी किया कि वह भारत सरकार से इस विषय में उच्च स्तरीय संवाद शुरू करे। बता दें, मृतका प्रिसा साह, कंप्यूटर साइंस की पहली वर्ष की बीटेक छात्रा थी। वह मई के मध्य में छुट्टी के लिए नेपाल लौटने की योजना बना रही थी, लेकिन 1 मई को वह अपने हॉस्टल के कमरे में मृत पाई गई। केआईआईटी में यह पिछले तीन महीनों में किसी नेपाली महिला छात्रा की दूसरी मौत है।

### छात्रा की मौत संवेदनशीलता और जिम्मेदारी से जुड़ा मुद्दा

### सरकार के साथ कूटनीतिक संवाद शुरू करें



घिमिरे ने कहा कि ओडिशा, भारत में केआईआईटी में पढ़ने वाली नेपाली छात्रा प्रीसा साह की मौत के विषय में माननीय सदस्यों द्वारा तत्काल ध्यानाकर्षण में उठाई गई चिंता पर सदन की गंभीर नजर है। पढ़ाई के लिए विदेश गए छात्रों की एक के बाद एक रहस्यमय मौतें, देश की संवेदनशीलता और जिम्मेदारी से जुड़ा एक गंभीर मुद्दा है। मैं सरकार को निर्देश देता हूं कि वह इस मामले में गहरी रुचि ले और भारत सरकार के साथ उच्चतम स्तर पर कूटनीतिक संवाद शुरू करे, ताकि सच्चाई सामने आ सके।

### पहलगाम आतंकी हमले के बाद

### पाकिस्तान के 12 सैन्य अफसर ट्रेनिंग लेने के लिए पहुंचे नेपाल

पाकिस्तान की सेना के 12 अधिकारी 12 दिवसीय सैन्य प्रशिक्षण के लिए काठमांडू पहुंचे हैं। भारत के जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद जारी तनाव के बीच यह घटना सामने आई है। इसे लेकर नेपाली सेना ने एक बयान में कहा कि यह अधिकारी पाकिस्तान सेना के नेशनल सिक्योरिटी एंड वार कॉलेज के हैं। पाकिस्तान के नेशनल डिफेंस यूनिवर्सिटी के मातहत रहे यह अधिकारी एयर कोमोडोर साद मंसूर अंसारी के नेतृत्व में नेपाल आए हैं। नेपाली सेना के माउंटेन वारफेयर कॉलेज में इन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा। नेपाल के लोग पाकिस्तान के सैन्य अधिकारियों को प्रशिक्षण देने के फैसले से आश्चर्यचकित हैं। नेपाली सेना के अवकाश प्राप्त ब्रिगेडियर जनरल विनोज बस्नेत ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच इस तरह के तनाव के बीच नेपाल द्वारा पाकिस्तानी सेना के अधिकारियों को बुलाना रणनीतिक रूप से सही नहीं है।

## हमास पर दबाव बनाने की तैयारी

# गाजा में सैन्य अभियान तेज करेगा इजराइल, सुरक्षा कैबिनेट ने दी मंजूरी

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव



इजराइल ने सोमवार को गाजा पट्टी के पूरे हिस्से पर कब्जा करने और अनिश्चित समय तक वहां बने रहने की योजना को मंजूरी दे दी। इजराइल के दो अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार के शीर्ष मंत्रियों की एक प्रभावशाली सुरक्षा कैबिनेट ने सोमवार सुबह बैठक में गाजा में अभियान तेज करने पर चर्चा की। इस योजना के तहत अधिक फिलिस्तीनी क्षेत्र पर दावा किया जाएगा।

वहीं, इस पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक विरोध सामने आ सकता है। इजराइल के अधिकारियों ने कहा कि इस योजना में 'पट्टी पर कब्जा करना और क्षेत्रों को नियंत्रण में लेना' शामिल है। इस योजना में चरमपंथी हमास समूह को मानवीय सहायता वितरित करने से रोकने की भी कोशिश की जाएगी, जिसके बारे में इजराइल का कहना है कि इससे गाजा में समूह का शासन मजबूत होगा। अधिकारियों ने कहा कि इस योजना में हमास के ठिकानों पर शक्तिशाली हमले करना भी शामिल है।

## खबर संक्षेप

### ग्रीष्मकालीन मार्शल आर्ट खेल प्रशिक्षण शिविर का भव्य शुभारंभ

**जबलपुर**। मानव क्रीड़ा एवं कला एकेडमी ऑफ इंडिया के संस्थापक अंतरराष्ट्रीय मार्शल आर्ट प्रशिक्षक राजकुमार यादव ने बताया कि मानव क्रीड़ा एवं कला एकेडमी ऑफ इंडिया, जिला जुजित्सु संघ जबलपुर एवं जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी ग्रीष्मकालीन मार्शल आर्ट खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 04 मई से 15 जून तक किया जा रहा है। ग्रीष्मकालीन मार्शल आर्ट खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ मानव क्रीड़ा एवं कला एकेडमी ऑफ इंडिया की मुख्य शाखा रॉक फोर्ड सोफ्टसोल परिसर महानद्दा मदन महल जबलपुर में किया गया। शुभारंभ अवसर पर उत्कर्ष गुप्ता संचालक रॉक फोर्ड सोफ्टसोल कम्प्यूटर एकेडमी जबलपुर, गुड्डू नवीं प्रतिनिधि उपनेता प्रतिपक्ष नगर निगम जबलपुर, अंकित श्रीवास्तव चीफ एडिटर न्यूज स्टार चैनल, आदित्य तिवारी प्रदेश अध्यक्ष भारतीय हिंदू सेना, राहुल देब यूट्यूबर डियर जबलपुर से नाम से प्रख्यात, मंचासीन रहे। संस्था संस्थापक अंतरराष्ट्रीय मार्शल आर्ट प्रशिक्षक राजकुमार यादव ने बताया कि ग्रीष्मकालीन मार्शल आर्ट प्रशिक्षण शिविर में प्रतिदिन शाम 5 बजे से 7:30 बजे तक ताइक्वांडो (कोरियन कराते), जु-जित्सु (जैपनीज मार्शल आर्ट), कराते खेल प्रशिक्षण खिलाड़ियों को प्राप्त होगा। हमारी संस्था के अनुभवी प्रशिक्षकों मुख्य प्रशिक्षक राजकुमार यादव अंतरराष्ट्रीय मार्शल आर्ट खेल प्रशिक्षक, प्रकाश यादव वरिष्ठ प्रशिक्षक, प्रशिक्षक जयराज चौधरी, प्रशिक्षिका शिवानी बेन, मोहित यादव, हर्ष यादव एवं आशुतोषी सोनी के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान कर खिलाड़ियों की खेल प्रतिभा को निखारा जाएगा।

### फूटी पाइप लाइन का कांग्रेस पार्षद दल ने किया निरीक्षण

**जबलपुर**। गर्मियों कीविकराल स्थिति में जब नागरिकों को जल आपूर्ति की सबसे अधिक आवश्यकता होती है, ऐसे समय में रमनगरा जल आपूर्ति संयंत्र से जुड़ी लापरवाहियों और बुनियादी ढांचे की अनदेखी जनता के लिए भारी संकट बन गई है। रमनगरा स्थित मुख्य जल आपूर्ति पाइपलाइन विगत दो माह में तीसरी बार फूट चुकी है, जिससे आधे शहर में गंभीर जल संकट व्याप्त हो गया है।आज इस गंभीर स्थिति पर संज्ञान लेते हुए कांग्रेस पार्षद दल ने नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा के नेतृत्व में वरिष्ठ पार्षद अनुपम जैन, पार्षद मुकीमा याकूब अंसारी, पार्षद वकील अंसारी और समाजसेवी अभिषेक पाठक ने बाजनामठ क्षेत्र के समीप फूटी हुई पाइप लाइन का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत कांग्रेस पार्षद दल ने व्याप्त अनियमितताओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन भी किया।नेता प्रतिपक्ष श्री अमरीश मिश्रा ने कहा कि "यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हर वर्ष पाइप लाइन फूटने से आधा शहर प्यासा रह जाता है। यह कोई आकस्मिक घटना नहीं, बल्कि नगर निगम की आमजन के प्रति उदासीनता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। जनता का धैर्य अब जवाब दे रहा है। यदि जल्द ही इस दिशा में स्थायी समाधान नहीं लाया गया, तो कांग्रेस पार्षद दल आंदोलन करने को बाध्य होगा।

### सिमोन पटेल खेलो इंडिया नेशनल तैराकी में तकनीकी अधिकारी नियुक्त

**जबलपुर**। भारत सरकार खेल मंत्रालय द्वारा भारतीय तैराकी संघ के निर्देशन में 01 से 09 मई तक गया (बिहार) में आयोजित हो रही खेलो इंडिया जूनियर तैराकी प्रतियोगिता 2025 में संस्कारधानी जबलपुर के प्रतिभावान तैराक एवं रैफरी सिमोन पटेल तकनीकी अधिकारी बनाए गए। सिमोन की



इस सफलता पर मप्र तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा, सचिव जय वर्मा, सहसचिव सीमांत द्विवेदी, सहसचिव सुनील कुमार पटेल, संजय पटेल, अध्यक्ष जिला तैराकी संघ जबलपुर, जमना प्रसाद पटेल, उमेश पटेल, नवराज सिंह, एनआईएस राजीव कुमार सिंह, नीतेश कछवाहा, शिवम पटेल, शिवम श्रीवास्तव, नंदन बर्मन, आदि ने बधाई प्रेषित की।

# भक्तों का कल्याण करती हैं बगलामुखी माता: सुबुध्दानन्द महाराज



**जबलपुर**। बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर, स्थित भगवती पीतांबरा माँ बगलामुखी माता जी का भव्य-दिव्य प्राकट्योत्सव जगद्गुरु शंकराचार्य पीठद्वयाधीश्वर महाराज श्री के निजी सचिव ब्रह्मचारी श्री सुबुध्दानन्द जी महाराज एवं ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानन्द जी महाराज के परम सन्निध्य में मनाया गया।माँ भगवती पीतांबरा बगलामुखी माता जी के सहस्त्र नामों से आम्रफल, लड्डू एवं द्राक्षा (किशमिश) से सहस्त्रार्चन, विशेष पूजन एवं महाआरती की गई ।ब्रह्मचारी श्री सुबुध्दानन्द महाराज ने बताया कि स्वतंत्र तंत्र के अनुसार भगवती बगलामुखी के प्रदुभार्व की कथा इस प्रकार है-सतयुग में सम्पूर्ण जगत को नष्ट करने वाला भयंकर तूफान आया। प्राणियो के जीवन पर संकट को देख कर भगवान विष्णु चिंतित हो गये। वे सौराष्ट्र देश में हरिद्रा सरोवर के समीप जाकर भगवती को प्रसन्न करने के लिये तप करने लगे। श्रीविद्या ने उस सरोवर से बगलामुखी रूप में प्रकट होकर उन्हें दर्शन दिया तथा विध्वंसकारी तूफान का तुरंत स्तम्भन कर दिया। बगलामुखी महाविद्या भगवान विष्णु के तेज से युक्त होने के कारण वैष्णवी है। मंगलयुक्त चतुर्दशी की अर्धरात्रि में इसका प्रादुर्भाव हुआ था। श्री बगलामुखी को ब्रह्मास्त्र के नाम से भी जाना जाता है। बगलामुखी माता भक्तों का कल्याण करती हैं और शत्रुओं से उनकी रक्षा करती हैं। पूजन में भारत सिंह यादव, मधु यादव संदीप जैन, बी.के. पटेल, श्याम चौदाहा, सुधांशु गुप्ता, आलोक तिवारी , मनोज सेन आदि उपस्थित थे

### भजन से जागृत होती है मानव कल्याण की भावना

जबलपुर।श्री राम चरित मानस मंगलकारी है, राम बने दूल्हा, जागो रे बजरंगबली, राम लला आ गए, जैसे मधुर भजन कला बीथिका में प्रस्तुत किये गए. भजन से मानवीय कल्याण की भावना जागृत होती है। रामायण भजनावलि में इंजी. डॉ. दुर्गेश ब्यौहार 'दर्शन' ने मानस की चौपाइयों को आधार मानकर भाव प्रधान सृजन किया है। यह कृति उनके भक्त और कवि हृदय की समवेत प्रस्तुति है। तद्आशय के उद्गार पाथेय, गूँज, सुर ताल एवं मधुर पल संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कवि गायक इंजी. डॉ. दुर्गेश ब्यौहार 'दर्शन' की भक्ति भावमय काव्य कृति 'रामायण भजनावलि ' का विमोचन करते हुए अतिथियों ने व्यक्त किए। समारोह श्रीमती शीलवती ब्यौहार के सानिध्य में हुआ। मुख्य अतिथि जगतगुरु रामरंगी द्वाराचार्य, डॉ. स्वामी नृसिंह देवाचार्य जी महाराज थे। आपने कहा कि कवि आनंद के साथ ज्ञान का प्रदाता होता है। काव्य से आनंद और दिशा दोनों मिलती है। अध्यक्षता डॉ. हरिशंकर दुबे ने की। सारस्वत अतिथि आचार्य भगवत दुबे, विशिष्ट अतिथि डॉ. अखिलेश गुमास्ता रहे। कुशल संचालन राजेश पाठक 'प्रवीण', मंजु गोरे एवं नेहा खरे ने किया

# भक्ति से प्राप्त होते हैं भगवान



### व्यासपीठ से सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री के उद्गार, पंजाब बैंक कालोनी में श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ

**जबलपुर**। भगवत प्राप्ति के तीन मार्ग बतलाए गए हैं। पहला कर्म मार्ग, दूसरा ज्ञान मार्ग एवं तीसरा भक्ति मार्ग। तीनों मार्गो में से भगवत प्राप्ति का सबसे सरल भक्ति मार्ग है। निष्काम भक्ति से भगवान अपने भक्तों पर शीघ्र प्रसन्न हो जाते हैं। श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने से मन में भक्ति जागृत होती है और यही हमको मोक्ष के मार्ग पर अग्रसर करती है।

उक्त उद्गार भागवत कथा प्रवक्ता शिव मंदिर कचनार सिटी (बड़े शंकर जी) विजय नगर के मुख्य आचार्य एवं मां दक्षिणेश्वरी धाम के संस्थापक सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने पंजाब बैंक कालोनी में प्रारंभ हुई श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस व्यासपीठ से व्यक्त किए। व्यासपीठ एवं देवी देवताओं का पूजन अर्चन पंडित अमित उपाध्याय, संजय शास्त्री, भूपेंद्र शास्त्री ने संपन्न कराया। कथा के प्रारंभ में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान अहिल्या शुक्ला, राकेश शुक्ला, राजेश शुक्ला, नरेश, नीलेश, राजेश्वरी, निर्मला, रचना, स्वर्णलता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे।

#### सनातन के ग्रंथों में समाहित है जीवन सार

इस अवसर पर जगद्गुरु स्वामी राघव देवाचार्य ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा और राम चरित मानस हमको जीवन जीना सिखाती हैं। जीवन का सार सनातन के ग्रंथों में समाहित है। बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए प्रारंभ से ही इन्हीं धर्म ग्रंथों का अध्ययन कराना चाहिए।

# मध्य प्रदेश की ड्यूबॉल टीम पहुंची फाइनल में



**जबलपुर**। आठवीं ड्यूबॉल फेडरेशन कप का आयोजन करमली (गोवा) में 03 से 05 मई तक किया गया। इस प्रतियोगिता में देश की 8 टॉप टीम ने भाग लिया है। जिसमें मध्य प्रदेश की टीम भी शामिल है। मध्य प्रदेश टीम ने अपने पूल के सभी मैच जीतते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पूल के पहले मैच में तमिलनाडु से 01/01 बराबर का मैच खेलकर पूल का दूसरा मैच हरियाणा को 06/00 से हराकर पूल टॉप किया। सेमी फाइनल में विदर्भ को 03/01 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। मध्य प्रदेश की ड्यूबॉल टीम कैप्टन पलक चंसोरिया, महक जायसवाल, खुशी बेन, तनवी सतनामी, तनुजा सेन, साक्षी कोरी, अंशिका जंघेला, नैना साहू, किस्मत राठौर, प्रियंका सहपुरिया, पूर्णिमा श्रीवास्तव, अनुप्रिया श्रीवास, सुहानी कुशवाहा हैं। टीम के प्रशिक्षक हरमिंदर सिंह ढिल्लो हैं। टीम के इस प्रतियोगिता के प्रदर्शन के लिए सचिव रजनीश जैन, एस बाथम, सनातन धर्म स्कूल प्राचार्य श्रीमती मौल श्री दुबे, श्री गुरु नानक पूर्व प्रशिक्षक रणजीत कौर, कुलदीप कौर, सेंट्रल एकेडमी डायरेक्टर डी.के. शुक्ला, सैंट अलायसियस स्पोर्ट्स ऑफिसर हरीश दुबे, डॉ. रोहित वर्मा, गगनदीप वालिया, प्रमोद विश्वकर्मा, राजेश यादव, संगीता तिवारी, दुर्गा तिवारी, अनीता साहू, मनसुख राजपूत ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

# लाल किले पर फहरा दिया था निशान साहिब

### जस्सा सिंह रामगढ़िया जयंती पर प्रेमनगर गुरुद्वारा में आयोजन

जबलपुर।



जबलपुर सिख रामगढ़िया एसोसिएशन के तत्वावधान में मुगलकाल में दिल्ली फतह करने वाले महान सिख योद्धा जरनैल महाराजा जस्सा सिंह रामगढ़िया की 302 वीं शताब्दी जयंती उमंग और उल्लास के साथ मनाई गई। यहां भव्य कीर्तन समागम में रागी जत्था भाई बलजीत सिंह, रामगढ़िया वूमन सेल एवं रागी जत्था भाई सुमीत सिंह ने वीरोचित गुरुवाणी शबद गायन कर गुरु स्तुति की। कथाकार ज्ञानी गुरमीत सिंह, यू एस ए, ने बताया कि परम शूरवीर महाराणा जस्सा सिंह ने मुगल काल में भारी सिख सेना के साथ ईसवी 1783 में दिल्ली फतह की और लाल किले पर विजयी पताका के रूप में निशान साहिब लहरा कर नव इतिहास रच दिया। मुगलों के साथ ही उन्होंने आक्रमणकारी अफगानों के हमलों से भी भारतवर्ष की रक्षा की। इसमें हजारों सिख योद्धाओं की शहादत हुई । कार्यक्रम का संचालन रणजीत सिंह भामरा ने तथा आभार प्रदर्शन अध्यक्ष सरबजीत सिंह रील ने किया । पश्चात गुरु का अटूट लंगर वितरित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष सरबजीत सिंह रील उपाध्यक्ष हरजिंदर सिंह भोमराह ,सुखविंदर सिंह रील्ह,गुरमिंदर सिंह नंद्रा, सचिव गुरमीत सिंह वीरू बाबराह,सहसचिव हरजोत सिंह साहिब,कोषाध्यक्ष- रणधीर सिंह बहाडा सह कोषाध्यक्ष- हरजीत सिंह नंद्रा, कुलदीप सिंह बंसल,रवींद्र सिंह रील,गुरुद्वारा प्रेमनगर प्रबंधक कमेटी का सराहयनीय योगदान रहा।



# माता सीता प्राकट्य नवमी पर संकीर्तन प्रभातफेरी आज

**जबलपुर**। श्री राधा नाम संकीर्तन सेवा मंडल के तत्वाधान में श्री सीता नवमी महोत्सव" प्रभात फेरी का आयोजन, डॉ सुधीर स्वामी के सानिध्य में, विवेक कला मंदिर से, साठिया कुआं, फूटाताल चौराहा, खटीक मोहल्ला, राम जानकी मंदिर, सराफा चौराहा, श्री छोटे महावीर, कोतवाली, दरहाई, विवेक कला मंदिर में आरती के साथ किया जाएगा ।

### राममंदिर मदनमहल में आयोजन

सीता नवमी पर श्रीराम मंदिर मदन महल में श्री राम मंदिर महिला समिति द्वारा सामूहिक 108 हनुमान चालीसा पाठ,भजन संध्या, भोग प्रसादी शाम 6 बजे से भजन संध्या, तत्पश्चात 152 वा अखंड सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं मंगल धार्मिक मिलाप में 7 बजेः आरती 7.15 बजे : श्री नर्मदा अष्टक, 7.30 बजे : सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ 7.45 बजे : श्री हनुमान जी की आरती, श्री राम जी स्तुति 8.00: प्रसाद वितरण प्रसाद (भोग) वितरण होगा।

# आध्यात्मिककरण का अभाव ही सभी प्रकार के आंतरिक एवं बाहरी द्वंदों का कारण है: बीके भावना बहन



**जबलपुर**। ब्रह्मा कुमारीज शिव स्मृति भवन भंवरताल जबलपुर में सुरक्षा प्रभाग के लिए आयोजित, तनाव मुक्त जीवन जीने की कला में अपने विचार व्यक्त करते हुए सारिका पांडे (रिटा. एडि. एसपी) ने कहा कि, हमारे कर्म से किसी का नुकसान न हो, इसका हमें ध्यान रखना चाहिए।

सोनल पांडे टीआई रेल पुलिस ने कहा कि राजयोग का अभ्यास सबको जरूर करना चाहिए, उन्होंने स्वयं भी सात दिवसीय राजयोग का कोर्स करने की प्रतिज्ञा की। नरेश बरसइया रीडर रेल पुलिस ने कहा कि संस्था से अवश्य जुड़ना चाहिए। गोपाल राजपूत डीसीबी प्रभारी रेलवे पुलिस ने यहाँ बुलाने के लिए धन्यवाद दिया। राज योगिनी बीके भावना बहिन ने कहा कि परमात्मा से रिश्ता जोड़ना ही राजयोग है, इससे कर्म में कुशलता आती है। समस्याओं का समाधान सहज हो जाता है, साथ ही उन्होंने बताया कि आध्यात्मिककरण का अभाव ही सभी प्रकार के आंतरिक एवं बाहरी द्वंदों का कारण है। सभी ने पुलवामा में शहीद हुए जवानों को शांति का दान देते हुए श्रद्धांजलि दी। अंत में बीके वर्षा बहिन ने जीवन में आध्यात्म की महत्ता को विस्तार से स्पष्ट किया।



# जबलपुर रेलवे स्टेशन से हज यात्रियों का जत्था रवाना हुआ

**जबलपुर**। लाल बहादुर शास्त्री वार्ड के बड़ा मदार छल्ला पानी की टंकी के पास रहने वाले फिरोज कंजा, रुखसाना बी जो की मक्का मदीना हज के लिए रवाना हो रहे हैं जिनके परिवार वालों एवं मोहल्ले वालों ने हाजियों का इस्तकबाल किया जिसमें कूलर व्यवसाई पुत्र महफूज अंसारी, बबलू मास्टर, बाबू सलाम, असलम टेलर, जावेद, फिरोज, हैदर, महफूज आदि पारिवारिक लोगों ने हाजियों को इत्र लगाकर, मिठाई खिलाकर एवं गजरा पहनाकर उनका इस्तकबाल किया। हज पर रवाना होने वाले फिरोज कंजा, रुखसाना बी ने हज यात्रा में रवानगी के लिए खुशी जाहिर की एवं बताया कि खुदा के घर में पहुंचकर हम अपने शहर, प्रदेश, देश में अमन चैन एवं शांति की दुआ करेंगे, हाजियों को रवाना करने के लिए जबलपुर रेलवे स्टेशन में सैकड़ों की तादाद में परिवार वाले एवं क्षेत्रीय निवासियों ने उनको विदा किया।

# बजट के अभाव में डेयरी स्टेट की दुर्दशा

## परियोजना अधिकारी ने एमडी को लिखा पत्र

**जबलपुर**। डेयरी स्टेट परिसर (खमरिया जबलपुर) में कुछ भूखंडों में नाली निर्माण नहीं किया गया, बाउण्ड्रीवॉल क्षतिग्रस्त है। परिसर हेतु ग्राम खमरिया के बाहर के पहुंच मार्ग (एप्रोच रोड) ही अभी तक नहीं बनाया गया है। डेयरी स्टेट में कोई बजट उपलब्ध नहीं है, इस कारण बिजली बिल भुगतान तथा अन्य व्यय जैसे पानी मोटर की सर्विसिंग आदि के लिए राशियों का आबंटन नहीं है। यह पत्र परियोजना के कार्यपालिक अधिकारी (जबलपुर) ने प्रबंध संचालक, पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम भोपाल को हाल ही में भेजा है, तथा याद दिलाई की पूर्व में भी इन समस्याओं से उन्हें अवगत कराया गया है। इस पत्र की प्रतिलिपि प्राप्त होने पर डॉ पीजी नाजपांडे ने भी प्रबंध संचालक डॉ राजू रावत को स्पष्ट किया कि जानबूझकर डेयरी स्टेट परियोजना की ओर उदासीन रवैया अपनाया जा रहा है। जिसके फलस्वरुप डेयरी स्टेट के उद्घाटन को 3 वर्ष से ज्यादा समय बीतने के बावजूद भी डेयरी स्टेट के भूखंडधारियों द्वारा व्यवसाय आरंभ नहीं हो पा रहा है। उपभोक्ता मंच के रजत भार्गव, टीके रायघटक, संतोष श्रीवास्तव, सुशीला कनौजिया, गीता पांडे, सुभाष चंद्रा आदि ने बताया कि जबलपुर डेयरी स्टेट परियोजना की अनदेखी करने से प्रदेश की पशु संवर्धन नीति का घोर उल्लंघन होगा।

### संत रविदास विचार मंच की सभा संपन्न

**जबलपुर**। संत रविदास विचार मंच के सलाहकार मोहनलाल चौधरी ने बताया कि 04 मई को खेरमाई मंदिर में सभा का आयोजन किया गया जिसमें वक्ताओं ने विभिन्न संतों के उपदेश उपस्थितजनों को दिए। इस अवसर पर श्रोताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को बताया कि संत रविदास विचार मंच से हमें ज्ञान प्राप्त होता है, लेकिन एक समस्या है कि हमारे जीवन के बारे में सरकार एवं प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस बात पर मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने श्रोताओं से कहा कि समस्याओं के समाधान के लिए हमने एक संगठन का निर्माण किया है जिसका नाम डॉ. बाबा साहेब आम्बेडकर जनसेवा पार्टी रखा गया है। मंच की सभा में किरण अहिरवार, लीना चक्रवर्ती, द्रोपदीबाई चौधरी, सियाबाई, चंदाबाई, श्यामाबाई, रामकली चौधरी, दीपक, कमल चौधरी, लखन खरे, मीना चौधरी, सीता, सियाबाई, गुड्डीबाई सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित रहे।

# वीरांगना के अपमान के विरोध में रादुविवि में प्रदर्शन

### रानी दुर्गावती का अपमान बर्दाश्त नहीं : शर्मा

जबलपुर।



रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय द्वारा बीएससी द्वितीय वर्ष की परीक्षा में प्रश्नपत्र में रानी दुर्गावती के समाधि स्थल को मकबरा के नाम से संबोधित किए जाने का कड़ा ऐतराज जताते हुए विद्यार्थी परिषद ने इसे रानी दुर्गावती का अपमान बताया। सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जबलपुर द्वारा रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में विरोध प्रदर्शन करते हुए एक ज्ञापन सौंपा गया। अभाविप के प्रदेश मंत्री माखन शर्मा ने बताया की शनिवार को रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के बीएससी द्वितीय वर्ष की परीक्षा के प्रश्न पत्र वूमेन इम्पावरमेंट की परीक्षा में रानी दुर्गावती के लिए 'मकबरा' शब्द का उपयोग किया गया, जो न केवल ऐतिहासिक रूप से गलत है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक भावनाओं के भी विरुद्ध है। रानी दुर्गावती एक हिन्दू वीरांगना थीं, हिन्दू परंपरा में 'मकबरा' नहीं होता एवं इस प्रकार का कृत्य वीरांगना रानी दुर्गावती का घोर अपमान है । यह न केवल लापरवाही है, बल्कि हमारी इतिहास, संस्कृति और वीरांगना रानी दुर्गावती के गौरवशाली बलिदान का अपमान भी है। 'मकबरा' शब्द का प्रयोग न केवल ऐतिहासिक दृष्टि से पूरी तरह गलत है, बल्कि यह हमारी अस्मिता और भावना के विरुद्ध भी है।

#### दोषियों पर कार्रवाई की मांग

विद्यार्थी परिसर ने मांग की है कि पेपर सेटर, मॉडरेटर, कंपेयरर एवं परीक्षा नियंत्रक पर इस प्रकार की लापरवाही एवं त्रुटि करने पर कार्यवाही की जाए व परीक्षा नियंत्रक को पद से मुक्त किया जाए । महानगर मंत्री ऐश्वर्य सोनकर ने मांग रखी कि इस त्रुटि को अक्षम्य अपराध मानते हुए संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करे, और भविष्य में ऐसी गलतियों को रोकने हेतु सख्त दिशानिर्देश जारी करे, जिस महान वीरांगना के नाम पर आज इस विश्वविद्यालय का नाम रखा गया है ऐसी विभूति का अपमान करना अत्यंत निंदनीय एवं दुर्भाग्यपूर्ण है, एवं यह हमारी संस्कृति एवं भावनाओं का अपमान भी है, वीरांगना रानी दुर्गावती का बलिदान हमारी पहचान है, उनका अपमान बर्दाश्त नहीं होगा। प्रदर्शन के दौरान प्रदेश मंत्री माखन शर्मा, महानगर मंत्री ऐश्वर्य सोनकर, प्रदेश सह मंत्री आर्यन पुंज, महाविद्यालय प्रमुख तनिष्क राज सिंह, विवि अध्यक्ष अनमोल सोनकर, मंत्री तृषा पांडे, तनिष्क पांडे, सत्यम पटेल शशांक शर्मा, भास्कर पटेल, आयुष यादव, दिव्यांक पचौरी, अशुतोष पटेल, अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**CHANGE OF NAME**
I, **KALPANA JADHAV** (existing Name of spouse as per Service Record) is legally wedded spouse of No. **JC-393387W** RANK **NB SUB** NAME **ABHAY JADHAV** presently residing at **H NO. 220/3A, BILHARI, MANDLA ROAD, JABALPUR (MP)** I, have changed my name from **KALPANA JADHAV** (Name as per my Husband Army service records) to **KALPNA JADHAV** (name as per my **AADHAR CARD, PAN CARD, AND MY OTHER EDUCATIONAL DOCUMENTS** vide affidavit dated **03/05/2025** (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA Jabalpur MP (Name and place of Court).
**CORRECT NAME-KALPNA JADHAV**
**INCORRECT NAME-KALPANA JADHAV**

## खबर संक्षेप

### टाइटन वॉचेज के नए ऑटोमेटिक कलेक्शन लांच



**बैंगलुरू।** टाइटन वॉचेज अपने नए ऑटोमेटिक कलेक्शन के लांच के साथ इसी आकर्षण को आगे बढ़ाते हुए आपके स्टाइल को नए स्तर तक ले जाने के लिए तैयार है। यह कलेक्शन यांत्रिक घड़ी निर्माण की खूबसूरती को उजागर कर मैकेनिक्स की भव्यता का जश्न मनाता है। यह 17,995 से 22,495 रुपए के बीच उपलब्ध है।

### उषा के एयरोएज और एयरोएज प्लस पंखे लांच



**नई दिल्ली।** उषा इंटरनेशनल ने नए और शानदार छत के स्टाइलिश एयरोएज और एयरोएज प्लस पंखे लांच किए हैं। ये पंखे बेहतरीन हवा देने के साथ बिजली की बचत करते हैं और देखने में भी बहुत अच्छे लगते हैं। एयरोएज प्लस और एयरोएज बीएलडीसी छत पंखे सुंदरता और तकनीक का एक शानदार मेल हैं।

### एमएफआईएन में ऑनलाइन सर्टिफिकेशन प्रोग्राम शुरू

**मुंबई।** माइक्रोफाइनेंस इंडस्ट्री नेटवर्क (एमएफआईएन) ने शिक्षा और उन्नति कार्यक्रम इन माइक्रोफाइनेंस नामक एक ऑनलाइन सर्टिफिकेशन कार्यक्रम



लांच किया। यह पहल भारत के माइक्रोफाइनेंस क्षेत्र में पेशेवर क्षमताओं के निर्माण, उत्तरदायी ऋण प्रणाली को बढ़ावा देने और उपभोक्ता संरक्षण को सशक्त करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इस सर्टिफिकेशन कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. आलोक मिश्रा, सीईओ और निदेशक, एमएफआईएन , डॉ. निरूपम मेहोत्रा, निदेशक, बैंकर्स इंस्टीट्यूट ऑफ रूरल डेवलपमेंट द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

### चावल के निर्यात में पारदर्शिता लाने और हेराफेरी को रोकने की पहल

# सामान्य और बासमती ग्रेड के चावल के लिए 6 नए एचएस कोड निर्धारित

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



सामान्य श्रेणी एवं बासमती ग्रेड के चावल के लिए पूर्व में निर्धारित तीन आईटीसी एचएस कोड का समाप्त करते हुए केन्द्र सरकार ने उसकी जगह छह नए एचएस कोड का निर्धारण किया है। इसके आधार पर आगे इसकी निर्यात नीति में बदलाव करना आसान होगा।

जिन तीन किस्मों के चावल के लिए पुराने एचएस कोड को समाप्त किया गया है उसमें सेला चावल (एचएस कोड 10063010), बासमती चावल (एचएस कोड 10063020) तथा अन्य श्रेणी का चावल (एचएस कोड 10063090) शामिल है। अब विभिन्न ग्रेड के चावल के लिए नया एचएस कोड स्वीकृत हुआ है। इसके तहत जीआई से मान्यता प्राप्त सेला चावल के लिए एचएस कोड 10063011, सेला बासमती चावल के लिए 10063012, अन्य सेला चावल के लिए 10063019, दूसरी किस्मों,श्रेणियों के जीआई मान्यता प्राप्त चावल के लिए 10063091, अन्य श्रेणी के बासमती चावल के लिए 10063092 तथा अन्य संवर्ग के दूसरे चावल के लिए एचएस कोड 10063099 नियत किया गया है। लम्बे समय से भौगोलिक संकेतक का दर्जा (जीआई टैग) प्राप्त चावल के लिए अलग या विशिष्ट एचएस कोड के निर्धारण की मांग की जा रही थी ताकि यदि कभी चावल के निर्यात पर प्रतिबंध अथवा ऋणात्मक नियंत्रण लगाने की जरूरत पड़े तो जी आई टैग वाले बासमती एवं गैर बासमती चावल को उसके दायरे से बाहर रखा जा सके।

जानकारी के अनुसार वर्तमान समय में सभी किस्मों एवं श्रेणियों के चावल का निर्यात पूरी तरह नियंत्रण मुक्त एवं शुल्क मुक्त है इसलिए अभी इस एचएस कोड का कोई खास उपयोग नहीं होगा,लेकिन भविष्य में चावल के निर्यात में पारदर्शिता लाने तथा हेराफेरी को रोकने में इससे सहायता अवश्यक मिलेगी। नए एचएस कोड पूरी तरह स्पष्ट है और इसके अंतर्गत ही विभिन्न किस्मों के चावल का निर्यात किया जा सकेगा। विशिष्ट किस्म एवं स्थानीय स्तर पर उत्पादन होने वाले खास श्रेणी के चावल को ही जीआई टैग प्रदान किया जाता है।

### पतंजलि का उद्देश्य आयुर्वेद को वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित करना: बालकृष्ण

# माइक्रोप्लास्टिक जनित समस्याओं का आयुर्वेदिक समाधान 'ब्रोंकोम'

वैज्ञानिकों द्वारा चूहों पर किए गए नवीनतम शोध में यह पुष्टि हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार

आज पूरा विश्व प्लास्टिक के कारण होने वाली स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याओं से ग्रसित है। यह प्लास्टिक के छोटे- छोटे कण जिन्हें माइक्रोप्लास्टिक कहा जाता है, अब हवा, पानी और भोजन में भी पाए जा रहे हैं। और हम बिना जाने हर रोज़ इनका सेवन कर रहे हैं। जब ये कण मानव शरीर में प्रवेश करते हैं, खासकर फेफड़ों में, तो यह कण, सूजन, जलन और कोशिकीय क्षति जैसी समस्याएं उत्पन्न करते हैं। इससे फेफडे का संक्रमण और वायु प्रदूषण से उत्पन्न गंभीर बीमारियां हो सकती हैं।

पतंजलि के वैज्ञानिकों द्वारा चूहों पर किए गए नवीनतम शोध ने यह पुष्टि की है कि माइक्रोप्लास्टिक के कारण होने वाले फेफड़ों की कार्यक्षमता में कमी को आयुर्वेदिक औषधि ब्रोंकोम से काफी हद तक रोका जा सकता है। इस अनुपम अनुसंधान से पुष्टि हुई कि ब्रोंकोम के उपचार ने माइक्रोप्लास्टिक से होने वाले फेफड़ों के इन्फ्लेमेशन से जुड़ें मार्कर्स जैसे साईट्रोकान रिलीज तथा इसके साथ-साथ वायुप्रदूषण से उत्पन्न गंभीर बीमारियों को कम किया। यह शोध विश्व प्रतिष्ठित एल्सिवियर प्रकाशन के अंतरराष्ट्रीय रिसर्च जर्नल बायोमेडिसिन एवं फार्मेकोथैरेपी में प्रकाशित हुआ है।

### *पतंजलि का उद्देश्य विश्व की स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं का समाधान प्रदान करना*




*इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि पतंजलि का उद्देश्य आयुर्वेद को वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित करना और विश्व की स्वास्थ्य से जुड़ी वर्तमान समस्याओं का समाधान प्रदान करना है। यह शोध प्रमाणित करता है कि सनातन ज्ञान, लक्षित अनुसंधान और साक्ष्य-आधारित औषधियों के माध्यम से पर्यावरणीय कारकों द्वारा जनित बीमारियों का भी समाधान संभव है। पतंजलि अनुसन्धान संस्थान के उपाध्यक्ष और प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. अनुराग वार्ष्णेय ने इस अवसर पर कहा कि सनातन ज्ञान और आधुनिक विज्ञान के इस अद्भुत संगम में पूरे विश्व को निरोगी बनाने की अपार क्षमता है। हमारा प्रयास है कि आयुर्वेद के इस प्राचीन ज्ञान को वैज्ञानिक प्रमाणों के साथ प्रस्तुत किया जाए।*

### वित्त वर्ष 25 में 2.6 करोड़ से ज्यादा गाड़ियां बिकीं

# मारुति ने 1.38 लाख कारें बेचीं, दोपहिया वाहनों की बिक्री में हीरो की 30 फीसदी हिस्सेदारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में देशभर में 2.6 करोड़ गाड़ियां बिकीं हैं। सालाना आधार पर इसमें 6.46 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इसमें अकेले टू-व्हीलर सेगमेंट में 1.88 करोड़ गाड़ियों की सेल हुई। पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले यह 7.71 फीसदी ज्यादा रही। वहीं नए वित्त वर्ष 2025-26 के पहले महीने अप्रैल में देश में गाड़ियों की सेल 22 लाख से ज्यादा रही। पिछले साल अप्रैल के मुकाबले इसमें 2.95 फीसदी की ग्रोथ हुई है। इस दौरान टू-व्हीलर्स कैटेगरी में 16 लाख से ज्यादा गाड़ी बिकी, जो अप्रैल 2024 के मुकाबले 2.25 फीसदी ज्यादा है। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल एसोसिएशन (फाडा) ने फाइनेंशियल ईयर 2025 और अप्रैल 2025 में बिकने वाली गाड़ियों की सेल्स रिपोर्ट जारी की है। अप्रैल में हीरो ने सबसे ज्यदा 5.11 लाख दोपहिया वाहन बेचें। वहीं, पैसेंजर व्हीकल सेगमेंट में मारुति सुजुकी ने 39.44फीसदी हिस्सेदारी के साथ 1,38,021 कारें बेचकर टॉप पर रही।

#### *कमर्शियल व्हीकल की बिक्री 0.17 फीसदी घटी*

*वित्त वर्ष 2024-25 में कमर्शियल व्हीकल सेगमेंट के वाहनों की बिक्री में 0.17फीसदी की कमी देखी गई। इस दौरान देशभर में 10,08,623 कमर्शियल व्हीकल बिके, जबकि पिछले 10,10,324 व्हीकल बिके थे।*

#### *टू-व्हीलर की रिटेल सेल्स 7.71 फीसदी बढ़ी*

*टू-व्हीलर की रिटेल सेल्स में वर्ष 2024-25 में 7.71 फीसदी का उछाल आया है। इस दौरान देशभर में 1.88 करोड़ टू-व्हीलर बिके, जबकि पिछले साल में 1.76 करोड़ टू-व्हीलर बिके थे।*

### आधिकारिक रिकॉर्ड से हटेंगे 3300 से अधिक कंपनियों के नाम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कॉरपोरेट मामलों का मंत्रालय 3,300 से अधिक कंपनियों के नाम आधिकारिक रिकॉर्ड से हटाएगा। मंत्रालय के पास उपलब्ध ताजे आंकड़ों के अनुसार विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज (आरओसी) ने कंपनी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार अप्रैल में इन कंपनियों के नाम हटाने के संबंध में सार्वजनिक नोटिस जारी किए। उपरोक्त 3,300 कंपनियों में से महाराष्ट्र में 700 से अधिक, दिल्ली में लगभग 500, कर्नाटक में 350 से अधिक, गुजरात, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में 200-200 से अधिक कंपनियां हैं। कंपनी रजिस्ट्रार को कंपनी अधिनियम की धारा 248(2) के तहत कुछ आधारों पर कंपनियों से आवेदन मिले थे। इनमें यह भी शामिल था कि वे अपनी स्थापना के एक वर्ष के भीतर कारोबार शुरू करने में विफल रहीं या उन्होंने दो वित्त वर्षों की अवधि के दौरान कोई कारोबार नहीं किया।

### 50 लाख वाहनों में लगना है हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट, अब तक केवल तीन लाख आवेदन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में 1 अप्रैल 2019 से पहले के लगभग 50 लाख से अधिक पंजीकृत वाहन हैं। इन वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाना है, लेकिन अब तक इनमें से करीब तीन लाख ने ही आवेदन किया है। इस पर चिंता जाहिर करते हुए परिवहन आयुक्त ने एस. प्रकश ने इनमें तेजी लाने के निर्देश दिया है। परिवहन सचिव सह परिवहन आयुक्त एस. प्रकाश और अपर परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर ने हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट के लिए अनुबंधित कंपनियों के साथ हाई लेवल बैठक की है। इसमें जनता को आ रही समस्याओं के बारे में चर्चा कर इनके निराकरण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### बिज़नेस नेम डिस्प्ले सेवा की शुरुआत

**इंदौर।** एयरटेल बिज़नेस ने बिज़नेस नेम डिस्प्ले (बीएनडी) सेवा के लॉन्च की घोषणा की है। यह सेवा उद्योग में अपनी तरह की पहली, नई तकनीक पर आधारित सुविधा है, जिसका उद्देश्य कंपनियों और उपभोक्ताओं के बीच होने वाले संवाद को अधिक विश्वसनीय और प्रभावी बनाना है। इस सेवा के ज़रिए कंपनियां, अपनी आउटगोइंग कॉल्स के दौरान ग्राहकों के मोबाइल स्क्रीन पर अपना ब्रांड नाम प्रदर्शित कर सकेंगी, जिससे ग्राहकों को भरोसेमंद बिज़नेस कॉल्स और स्पैम कॉल्स के बीच आसानी से अंतर करने में मदद मिलेगी। एयरटेल ने अपने ग्राहकों को स्पैम कॉल्स से राहत दिलाने के लिए भारत का पहला स्पैम.रोधी नेटवर्क शुरू किया है। इस पहल को देशभर में चलाए गए एक बड़े जनजागरूकता अभियान के ज़रिए ग्राहकों तक पहुंचाया गयाए ताकि वे इस समस्या को बेहतर तरीके से समझ सकें और सतर्क रह सकें।

### वेतन भुगतान करने के लिए मांगे थे 20 हजार

# शिक्षा विभाग का हेड क्लर्क रिश्वत लेते ट्रैप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायगढ़ जिले में करप्शन के खिलाफ एसीबी की बड़ी कार्रवाई की है। शिक्षा कार्यालय में पदस्थ हेड क्लर्क को एसीबी ने 10 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। माध्यमिक स्कूल के चपरासी से वेतन भुगतान रिलीज करने के लिए 20 हजार रुपए की डिमांड की थी। सोमवार को हेड क्लर्क दूसरी किश्त ले रहा था, उसी दौरान एसीबी की टीम ने आरोपी को रंगे हाथों पकड़ लिया।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, खरसिया क्षेत्र के हालाहुली माध्यमिक शाला में कलेक्टर दर पर पदस्थ भृत्य उसुराम केंवट का वेतन साल 2014 से 2017 तक रुका हुआ था। जिसके बाद चपरासी उसुराम ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। उसके वेतन भुगतान करने का आदेश होने के बाद भी उसे भुगतान नहीं किया गया।

#### *एंटी करप्शन ब्यूरो में शिकायत*



*दूसरी किश्त देने से पहले उसने एंटी करप्शन ब्यूरो में शिकायत कर दी। जिसके बाद दूसरी किस्त 10 हजार रुपए देते समय एसीबी ने हेड क्लर्क को ट्रैप कर लिया। फिलहाल, मामले में आगे की जांच की जा रही है। एसीबी के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शिक्षा विभाग में पदस्थ हेड क्लर्क एमएस फारूखी को 10 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। लिखित कार्रवाई के बाद पीड़ित के पैसे वापस कर दिए जाएंगे।*

### नैस्डैक पर सर्जिकल रोबोटिक के निर्माता हुए सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** भारतीय मेडिकल टेक्नोलॉजी में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए स्वदेशी एसएसआई मंत्रा सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम के निर्माता एसएस इनोवेशन्स इंटरनेशनल को नैस्डैक पर सूचीबद्ध किया गया है। एसएस इनोवेशन्स इंटरनेशनल ने 31 दिसंबर 2024 को समाप्त होने वाले वर्ष में प्रभावशाली आर्थिक विकास दर्ज किया। इस अवधि के दौरान कंपनी का राजस्व जो पिछले साल 5.9 मिलियन डॉलर था।वह 3.5 गुना बढ़ोतरी के साथ 20.6 मिलियन डॉलर के आंकड़े पर पहुंच गया। इसी तरह ग्रॉस मार्जिन भी 2023 में 12.3 फीसदी था जो बढ़कर 40.9 फीसदी पर पहुंच गया।

## राशिफल

**मेष** – किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

**वृष** – मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** – पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट

**सिंह** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** – मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**धनु** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** – क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** – रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

### बहुप्रतीक्षित 'सोनालीका तूफानी धमाका' ऑफर लांच

# सोनालीका ने अप्रैल में कुल 11,962 ट्रैक्टर बिक्री की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



ट्रैक्टर एक्सपोर्ट ब्रांड सोनालीका ट्रैक्टर्स ने वित्त वर्ष 2026 में शानदार शुरुआत करते हुए अप्रैल 2025 में कुल 11,962 ट्रैक्टरों की बिक्री दर्ज की है, जो ब्रांड की लगातार बढ़ती किसान-केंद्रित प्रतिबद्धता को दर्शाता है। किसानों की क्षेत्रीय जरूरतों के अनुसार अपने अत्याधुनिक ट्रैक्टरों को अनुकूलित करके, सोनालीका उन्नत समाधान पेश करने में आगे रहा है जो पूरे भारत में किसानों के लिए लाभ उपलब्ध करा रहा है। सोनालीका ट्रैक्टर्स ने पहले ही अपना बहुप्रतीक्षित 'सोनालीका तूफानी धमाका' ऑफर लांच कर दिया है, जो देशभर के किसानों के लिए अविश्वसनीय कीमतों पर सोनालीका हैवी ड्यूटी ट्रैक्टर घर लाने का एक सुनहरा अवसर है। रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड ने कहाकि हमने अप्रैल 2025 में कुल 11,962 ट्रैक्टर बिक्री के साथ अपने वित्त वर्ष 2026 की यात्रा की सकारात्मक शुरुआत की है, जिसने आने वाले प्रभावशाली वर्ष के लिए दिशा तैयार कर दी है। सोनालीका ट्रैक्टर्स ने अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ ट्रैक्टर देने के लिए 'कभी कोई समझौता नहीं' नीति का पालन किया है जो हितधारकों के हित को अधिकतम करता है जो आने वाले वर्ष में नई पहलों के साथ हमारे ग्राहकों के लिए खुशी सुनिश्चित करेगा।

### छत्तीसगढ़ में लगातार फैल रही आबादी

# कोरबा के जंगल बने किंग कोबरा का पसंदीदा ठिकाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

जंगल में पाए जाने वाले किंग कोबरा का साम्राज्य फैल रहा है। वर्ष 2016 में यह कुदमुरा वन परिक्षेत्र में दिखाई दिया। इसके आवासीय इलाकों और आनुवंशिक शोध की जिम्मेदारी वन विभाग ने रायपुर के नोवा नेचर वेलफेयर सोसाइटी को दी है। पांच साल से जारी शोध के बाद यह तथ्य सामने आया है कि किंग कोबरा का रहवास कोरबा, कुदमुरा के साथ पसरखेत, बालको के अलावा लेमरू में भी पाया गया है। सांप का कुनबा सरगुजा सीमा पर मिलने से इसके अन्य जिले में विस्तार की संभावना बढ़ गई है। किंग कोबरा समेत ऐसे अनेक दुर्लभ जीव हैं, जिनके लिए कोरबा का जंगल वर्षों से पसंदीदा ठिकाना है। उड़न गिलहरी, खूबसूरत तितलियां, कबरबिज्जू, उद्बिलाव व पैंगोलीन जैसे कई जीव हैं।




सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नही होगी।

### होमबायर्स की जरूरत को पूरा करने एक्सिस फाइनेंस दिशा होम लोन लांच

**मुंबई।** एक्सिस फाइनेंस लिमिटेड ने एक्सिस फाइनेंस दिशा होम लोन लांच करने की घोषणा की है। यह उत्पाद आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और निम्न-आय वर्ग के होमबायर्स की जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से पेश किया गया है। दिशा होम लोन में विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में लोगों की जरूरतों के अनुसार होम लोन समाधान प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है, और इसके साथ ही ऋण प्रक्रिया को बहुत सहज और सरल बनाने का भी प्रयास किया गया है। यह अनुभव निष्पादन में गति और ग्राहकों की आवश्यकताओं के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा और चुस्त प्रणालियों द्वारा समर्थित होगा, जिससे निष्पादन में तेजी और ग्राहकों की जरूरतों के प्रति ज़िम्मेदारी सुनिश्चित की जाएगी। यह उत्पाद विभिन्न प्रकार के रोजगार वाले व्यक्तियों को सेवा प्रदान करेगा। जिसमें वेतनभोगी और स्वरोजगार करने वाले ग्राहक शामिल हैं। इसमें उन व्यक्तियों की जरूरतों को ध्यान में रखा गया है जिनके पास औपचारिक, अर्ध-औपचारिक या अनौपचारिक आय दस्तावेज़ हैं और जो वित्तीय सहायता की तलाश में हैं।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## शब्द पहेली - 5858



**बाएँ से दाएं-**
1.सेवक,दास-3
3.निवास करना-3
5.खुजली-2
6.परोपकारी-5
9.प्याला,जाम-2
11.टोंटी,नलका-2
12.आनंद,जूस-2
13.प्रतिज्ञा,शपथ-3
16.सिमरन,सुमरन-3
18.सुअर-3
20.पेन,लेखनी-3
22.कमल,जलज-3
23.क्रोध,गुस्सा-2
24.पाश,फंदा-2
25.शोषण करना-3
28.गौरव,प्रशंसा-3
30.सूत कातने का साधन-3
31.गौरव-3
33.देवर्षि-3
35.अंधकार-2
36.यमराज-2
38.अलमस्त-2
40.सलाह देने वाला-5
41.बीता दिन-2
42.रसदार-3
43.इंद्रियों को जीतने वाला-3

**ऊपर से नीचे**
1.उर्वरक-2
2.विशाल,श्रेष्ठ-3
3.धनवान,संपन्न-3
4.प्राणेंद्रिय,इज्जत-2
5.दैत्य,असुर-3
7.मायाजाल-3
8.उद्धार,पार लगाना-3
10.शरण,आश्रय-3
14.चूर-चूर,ढहा-5
15.टोंटी,नलका-2
17.युद्ध,संग्राम-2
18.दूल्हा-2
19.राजपुत्र-5
21.मद्रास का समुद्र तट-3
22.नीले रंग का बहुमूल्य रत्न-3
26.मित्र,दोस्त.मीत-2
27.हूर,अप्सरा
29.मेहंदी-2
30.शीर्ष,पराकाष्ठा-3
31.इसमें पौधा लगाते हैं-3
32.पीहर,नैहर-3
34.युक्तिवाद,पैरवी-3
35.टब,परात,तगारी-3
37.इच्छा-3
39.परत,तह-2
41.कदर,सम्मान-2

### शब्द पहेली -5857 का हल



## सूडोकु नवताल - 5868

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक है.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5867 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

हरिभूमि सहेली

जबलपुर, मंगलवार
6 मई 2025



मां एक शब्द भर नहीं है, एक एहसास है, इसे बयां करना आसान नहीं है। मां किसी भी युग की हो, उसने अपने मूल स्वभाव ममत्व को कभी नहीं बदला। हां, समय के बदलाव के साथ अपने आपको इस तरह जरूर बदला कि उसके बच्चों की परवरिश ऐसी हो कि वे जमाने के साथ कदमताल करें, उनका भविष्य उज्ज्वल हो। इस बदले दौर में मां की महिमा और ज्यादा बढ़ चुकी है।

# आज की मां

कवर स्टोरी

अलका सोनी

हमारे लिए मां-पिता दोनों ही समान रूप से आदर के पात्र हैं, लेकिन मां जननी होती है तो उसका दर्जा थोड़ा ऊंचा हो जाता है। मां शब्द भले ही एक अक्षर का है पर इसमें सारी सृष्टि समाहित है। बचपन से लेकर युवावस्था तक या कहें जब तक मां का साया हमारे ऊपर है, हमारा हाथ थामे रहती है, हमारा बहुत बड़ा संबल होती है। मां को कभी अपनी चिंता नहीं होती, उसे अपने बच्चों की चिंता रहती है। उनकी खुशी में ही उसकी खुशी है।

**बदलते युग में मां का सजग रूपः** युग कोई हो, मां की ममता, उसके व्यवहार, भावनाओं और प्रेमभाव में कभी कोई परिवर्तन नहीं आया। अगर कुछ दशक पहले की बात करें, जब प्रायः मां शिक्षित नहीं होती थी, लेकिन अपने लालन-पानल में कोई कसर नहीं छोड़ती थी। आज की अधिकतर मां जब शिक्षित है, उसका देखने-समझने का नजरिया बदला है, व्यापक हुआ है। अब वह बच्चे के बीमार पड़ने पर उसकी नजर उतारने के साथ ही डॉक्टर को भी दिखाती है। अगर हम कहें कि आज मां की भूमिका पहले से ज्यादा महत्वपूर्ण और चुनौती भरी हो गई है तो गलत नहीं होगा।

**आज भी केंद्रीय भूमिका में हैः** समय के साथ मां के रूप और जिम्मेदारियों में बदलाव आया है, लेकिन मां की भूमिका आज भी उतनी ही महत्वपूर्ण और केंद्रीय है, जैसे पहले थी। वह सिर्फ शिक्षित ही नहीं हुई है, जागरूक भी हुई है। आज की मां जानती है कि बच्चे की परवरिश केवल खान-पान और पढ़ने-पढ़ाने तक सीमित नहीं है। वह बच्चों में बुद्धिमत्ता, आत्मविश्वास और निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ाना जरूरी समझती है। पहले की मांएं अनुभव के सहारे चलती थीं, आज की शिक्षित मांएं, अनुभव के साथ-साथ नए रिसर्च और डिजिटल संसाधनों का भी सहारा लेती हैं। वे टेक्नोलॉजी के इस युग में इंटरनेट से लेकर एप्स तक, ऑनलाइन लर्निंग से लेकर सोशल मीडिया तक, हर संसाधन से परिचित रहना चाहती हैं ताकि बच्चे की परवरिश में कोई कमी न रह जाए। उनका बच्चा बदले जमाने में कहीं पीछे न रह जाए। आज की मां जानती है बच्चों को डिजिटल दुनिया से वाफिक कराना कितना जरूरी है। पढ़ी-लिखी होने के कारण वह इसका महत्व समझती है। आधुनिक मांएं नई पीढ़ी के व्यक्तित्व निर्माण में अपनी बहुत ही बड़ी भूमिका निभा रही हैं।

## परवरिश का बदला स्वरूप



पहले की मांओं का परवरिश में बच्चों पर अनुशासन और परंपरा का अधिक जोर होता था, लेकिन आज की मांएं सिर्फ अपनी ही नहीं चलातीं, अपने बच्चों की भी सुनती हैं। वे अपने बच्चों के सवालों को दबाती नहीं, उन्हें सुनती हैं। वे अपने बच्चे के हर 'क्यों' का जवाब देती हैं। नए दौर की मांएं अपने बच्चों से संवाद रखना जरूरी समझती हैं। उन्हें डराने-धमकाने की जगह शांति से उनकी मन की उलझनों को दूर करती हैं। साथ ही अपने बच्चों को भविष्य की जिम्मेदारियों के लिए तैयार करती हैं, मजबूत बनाती हैं।

**मल्टीटास्किंग की मिसालः** आज की अधिकांश मांएं घर के साथ-साथ ऑफिस की भी जिम्मेदारी निभा रही हैं। वे मल्टीटास्किंग की मिसाल हैं। सुबह ऑफिस के लिए स्वयं भी तैयार होती हैं। बच्चों का टिफिन बनाती हैं, मीटिंग्स अटेंड करती हैं फिर बच्चों की ऑनलाइन क्लास, होमवर्क और उनकी भावनात्मक जरूरतों का भी ध्यान रखती हैं। इसके साथ ही घर के बाकी कामों के बीच भी सामंजस्य बनाए रखती हैं। ये सब देख बच्चों में भी सामंजस्य की क्षमता का विकास होता है। बेशक यह काम आसान नहीं है, लेकिन उनका यह अंदाज बताता है कि आज की मांएं अपनी प्राथमिकताओं और समय प्रबंधन की अच्छी समझ रखती हैं। वे थकती हैं लेकिन हताश-निराश नहीं होतीं।

**समझती हैं बच्चों के मनोभाव :** आज की मां अपने बच्चों के मनोभावों को अच्छी तरह समझती है। वह बच्चों को भावनाएं छिपाने की बजाय व्यक्त करने के लिए प्रेरित करती है। पहले 'लड़के रोते नहीं' जैसी बातों को सामान्य माना जाता था, अब मां सिखाती है कि भावनाओं का इजहार जरूरी है, यह कोई कमजोरी नहीं है। वे बेटे और बेटियों दोनों की परवरिश समान रूप से करती हैं। बच्चे की हर छोटी-बड़ी बात को गंभीरता से लेती हैं, उसे सुनती हैं, जरूरत के अनुसार समझती हैं। यह बच्चों की परवरिश का ऐसा अंदाज है, जो उन्हें भावनात्मक रूप से मजबूत बनाता है।

**समानता की पक्षधरः** आज की शिक्षित मां लैंगिक समानता की पक्षधर है। वह बेटी को भी वही अवसर देती है, जो बेटे को मिलते हैं। फिर चाहे वह पढ़ाई से जुड़े अवसर हों या पोषण से जुड़े। वह बेटे को बताती है कि घर का काम सिर्फ लड़कियों का नहीं, लड़कों का भी है। साथ ही उनके मन में लड़कियों के प्रति सम्मान



की भावना जगाती है। वह बेटियों को स्वाभिमान और आत्मनिर्भर होकर जीना सिखाती है। साथ ही आज की मां अपने बच्चे को सच्चाई, ईमानदारी, करुणा और जिम्मेदारी जैसे गुणों की भी सीख देती है। वह जानती है कि केवल डिग्रियां ही नहीं, अच्छे संस्कार भी सुखी और खुशहाल जीवन का आधार हैं।

**परिस्थितियों से खुद जूझना सिखाती हैः** आज की मां यह समझती है कि हर समय बच्चे के सिर पर खड़े रहना उसे मजबूत नहीं बनाएगा। उसे थोड़ा आजादी देना भी जरूरी है ताकि वह अपने पैरों पर खड़ा हो, आत्मनिर्भर बने। वह बच्चों को फैसले लेने देती है, उनसे गलती होने पर सीखने का अवसर देती है। बदली हुई परिस्थितियों को देखते हुए नए जमाने की मां बच्चों की एक ढाल बनकर तो रहती है, लेकिन बच्चों को परिस्थितियों से खुद जूझना भी सिखाती है।

**अपने वजूद को लेकर सजगः** आज की मां को कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। करियर का दबाव, समाज की अपेक्षाएं और कभी-कभी अकेलेपन की पीड़ा। फिर भी वह मुस्कराती है, क्योंकि वह जानती है कि उसकी मुस्कान ही बच्चों की हिम्मत है। इन सबके बीच भी वह अपने वजूद को लेकर सजग रहती है। पहले मां अपनी इच्छाओं, शौकों और करियर को त्याग देती थी। आज की मां जानती है, खुद का ख्याल रखना भी जरूरी है। तभी वह अपने बच्चों की अच्छे से परवरिश कर सकेगी। आज की मां योग करती है, किताबें पढ़ती है, यात्रा करती है, अपने लिए भी समय निकालना जरूरी समझती है।

आज की मां समय का तकाजा समझती है। अपने बच्चों के सपनों को पंख देती है, लेकिन उनके पैरों को जमीन से जोड़े भी रखती है। आज की मां सिर्फ एक मां नहीं, शिक्षक है, गाइड है और अच्छी दोस्त भी है। वह अपने बच्चों को सिर्फ जीना नहीं, एक सार्थक जीवन जीना सिखाती है। इस तरह मां ने समय के अनुरूप अपनी भूमिका बढ़ाकर समाज-परिवार में अपनी उपादेयता को नए आयाम दिए हैं। a

# मां को भी चाहिए आपका प्यार भरा साथ

याद कीजिए अपना बचपन, जब मां आपके लालन-पालन में दिन-रात एक किए रहती थीं। आपको जरा भी तकलीफ नहीं होने देती थीं। आपकी चिंता में उसे अपनी सुधि नहीं रहती थी। ऐसे प्यार भरे साथ और देखभाल की अब आपकी वृद्ध मां को जरूरत है, जो आपको करनी है। उनकी खुशी को अपनी खुशी समझना है।



केयरिंग

सरस्वती रमेश

आज की तेज रफ्तार जिंदगी में बूढ़े मां-बाप या तो गांवों में अकेले छूट गए हैं या शहर में बेटे-बहू के साथ रहते हुए भी अकेलापन महसूस करते हैं। यह अकेलापन तब और ज्यादा दुखदायी हो जाता है, जब पिता, मां को अकेला छोड़ दुनिया से विदा हो जाते हैं। ऐसा नहीं है कि हम अपनी अकेली मां को समय नहीं दे सकते। तमाम व्यस्तता के बावजूद भी हम अपनी मां की देखभाल कर सकते हैं, उन्हें अपना प्यार देकर खुश रख सकते हैं। बस हमें कुछ बातों का ध्यान रखना होगा।



**मां से जुड़ी रहेंः** मां, उम्र के हर पड़ाव पर अपने बच्चों का हाथ थामे रखती है। उन्हें हर बुरी-अच्छी स्थिति में अपना प्यार-दुलार देकर एक भरोसा बनाए रखती है। लेकिन मां को भी वृद्धावस्था में अपने बच्चों के साथ की जरूरत होती है। उसका शरीर कमजोर हो चुका होता है। ऐसे में उसे अपने बच्चों का सहारा चाहिए होता है। इसलिए बड़े होने के बाद बच्चे रोज समय निकालकर अपनी मां के पास बैठें, उनसे बात करें। मां को महसूस कराएं कि वह अकेली नहीं हैं। ऐसे बिहेव से मां अपने मन की हर बात आपसे शेयर करेंगी। आप मां के खाने-पीने, दवा, एक्सरसाइज, मनोरंजन आदि का ख्याल रखें। अगर आप वर्किंग हैं तो घर पर उनकी समुचित देखभाल की व्यवस्था करके ऑफिस जाएं। ऑफिस आकर बीच-बीच में उन्हें फोन कर उनके स्वास्थ्य और जरूरतों के बारे में पूछती रहें। घर के फैसलों में मां की सलाह जरूर लें। उन्हें घर की हर बात से अवगत जरूर कराएं। उनके जीवन के अनुभव आपके बहुत काम आ सकते हैं। कोई सेलिब्रेशन हो तो उसमें मां को जरूर शामिल करें। इससे उन्हें खुशी मिलेगी।

**दूर रहकर भी रखें उनका ध्यानः** आज जो बच्चे बड़े होने पर मां से दूर रहते हैं, वे मोबाइल की मदद से भी अपनी मां की देखभाल कर सकते हैं। विदेश या दूर शहरों में रहने वाले अनेक लोग अपनी मां की जरूरत और पसंद का हर सामान ऑनलाइन बुक कर उनके पास पहुंचा देते हैं। यहां तक कि उनकी दवाइयां, डायपर आदि भी वो दूर बैठे-बैठे भेज देते हैं। वीडियो कॉल कर उनके करीब होने का एहसास दिलाते रहते हैं।

**मां को दें आत्मीय सलाहः** मां बनने के बाद महिलाओं का जीवन घर-परिवार और बच्चों की देखभाल करते बीतता है। बच्चों के आगे उन्हें अपना ख्याल रखने की भी फुर्सत नहीं मिलती। उम्र बढ़ने पर मां भुलक्कड़ और चिड़चिड़ी हो जाती हैं। ऐसे में मां को प्यार से समझाएं, ताकि उनका गुस्सा और चिड़चिड़ापन कम हो। मां की जरूरत की चीजों को सही जगह पर रखकर, समय पर उपलब्ध कराकर उनके दिमाग को शांत रखें। अगर मां कभी कोई गलती कर रही हैं तो उन्हें प्यार और समझदारी भरी सलाह दें।

**मदर्स-डे पर मां को स्पेशल फील कराएंः** मदर्स-डे के बहाने ही सही, अपनी मां को आउटिंग पर ले जाएं। आप किसी प्राकृतिक सौंदर्य वाली जगह या हिस्टोरिकल प्लेस पर ले जा सकती हैं। अच्छा हो मां से ही पूछ लें कि वह कहां जाना पसंद करेंगी। याद रखें, बूढ़े होने पर इच्छाएं बूढ़ी नहीं होतीं। इसलिए अपनी वृद्ध मां को खुशियों के पल बिताने का मौका जरूर दीजिए, इससे उनका अकेलापन दूर होगा, वह मानसिक रूप से स्वस्थ-प्रसन्न रहेंगी। a

# मॉम के लिए स्पेशल गिफ्ट

सजेशन

मानसी

मां को अपने बच्चों से और बच्चों को अपनी मां से बेइंतहा प्यार होता है। मदर्स-डे आए तो बच्चे अपनी मां को जरूर कोई प्यारा-सा गिफ्ट देना चाहेंगे। उनकी यही कोशिश होगी अपनी मॉम को जो भी गिफ्ट दें, उन्हें पसंद जरूर आए। अच्छा गिफ्ट खरीदना आसान काम नहीं है, इसके लिए काफी सोचना पड़ता है कि पता नहीं मॉम को हमारा गिफ्ट पसंद आए या नहीं? हम आपको कुछ स्पेशल गिफ्ट आइटम्स सजेस्ट कर रहे हैं, आप इन्हें अपनी मॉम को प्रेजेंट कर सकती हैं। उन्हें आपका गिफ्ट जरूर पसंद आएगा।

**स्टाइलिश रिस्ट वॉचः** रिस्ट वॉच एक स्पेशल गिफ्ट आइटम है। आप जब अपनी मॉम को यह गिफ्ट देंगी और वह इसे अपनी कलाई पर बाधेंगी तो आपको जरूर याद करेंगी। आजकल तो बेहद स्टाइलिश रिस्ट वॉचेज मार्केट में अवेलेबल हैं, जैसे कि ब्रेसलेट स्टाइल में, जिसे आपकी मॉम अपनी किसी भी ड्रेस के साथ वियर कर सकती हैं। इनमें गोल्डन या सिल्वर टोन में अगर आप रिस्ट वॉच खरीदती हैं तो यह सभी तरह की ड्रेस पर सूट करेगी।



**रेडिमेड सूट या ड्रेसः** अगर आपकी मॉम को अलग-अलग ड्रेस वियर करने का शौक है तो उन्हें कोई सुंदर-सी ड्रेस गिफ्ट कर सकती हैं। आजकल मार्केट में रेडिमेड ड्रेस के ढेरों ऑप्शन हैं। अगर आपकी मॉम को सूट पहनना पसंद है तो आप उन्हें रेडिमेड सूट दे सकती हैं या फिर सूट का कोई सुंदर-सा फैब्रिक भी दे सकती हैं, जिसे वह अपनी पसंद के हिसाब से बनवा लेंगी।

**क्रिएटिव फोटो फ्रेमः** आपने देखा होगा कि आजकल फोटोज को अलग-अलग तरह से इस्तेमाल करके कुछ डेकोरेटिव आइटम्स क्रिएट किए जाते हैं। आप भी इसी तरह अपनी मॉम के साथ खुद की फोटो या पूरे परिवार की फोटोज का कोलाज फोटोफ्रेम क्रिएट करवा कर मॉम को गिफ्ट कर सकती हैं।

**आर्टिफिशियल ज्वेलरीः** किसी फैमिली फंक्शन में आपकी मॉम कुछ न कुछ डिफरेंट पहनना पसंद करती होंगी, तो आप उनकी मैचिंग की ज्वेलरी उन्हें गिफ्ट दे सकती हैं। जैसे कि गले का नेकलस या फिर हाथ की मैचिंग ज्वलेरी। जिससे उनका ऑल ओवर लुक डिफरेंट नजर आएगा।

**स्टाइलिश एसेसरीजः** एसेसरीज में अकसर मॉम को पर्स पसंद आते हैं। आप भी अपनी मॉम के लिए उनकी पसंद को ध्यान में रखते हुए कोई अलग तरह का पर्स गिफ्ट कर सकती हैं। पर्स ऐसा लें, जो मॉम की सभी ड्रेस पर सूट करे। पर्स के अलावा आप उन्हें बेल्ट या फिर हेयर एसेसरीज भी दे सकती हैं। a

मेडिकल एडवाइस


डॉ. रविंद्र गुप्ता
सीनियर कंसल्टेंट-मेडिसिन
सी.के. बिड़ला हॉस्पिटल, गुरुग्राम

बचपन से लेकर अब तक मम्मी आपकी सेहत का ख्याल रखती आ रही हैं। अब आपकी बारी है कि बढ़ती उम्र में उनकी जरूरतों को समझें, उनकी हेल्थ और फिटनेस को लेकर अवेयर रहें। अपनी मम्मी की हेल्थ केयर कैसे करें, आपके लिए यूजफुल एडवाइस।

# ऐसे करें मां की हेल्थ केयर वे रहेंगी हेल्दी-एनर्जेटिक

मिड एज के बाद मेनोपॉज स्टेज शुरू होने पर यानी पैंतालीस-पचास की उम्र में महिलाओं के शरीर में कई तरह के हॉर्मोन संबंधी बदलाव होते हैं। उनके शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य पर इसका गहरा असर दिखाई देता है। इस एज में बदलावों से गुजर रही अपनी मां की देखभाल करना आपकी जिम्मेदारी है। इस दौरान आप अपनी मम्मी की सेहत का विशेष रूप से ध्यान रखें। आप उनके साथ बातचीत के लिए समय निकालें, साथ ही उनकी सेहत संबंधी समस्याओं और भावनात्मक जरूरतों को समझें।

**डॉक्टर से करें कंसल्टः** उम्र के इस दौर में अधिकतर महिलाएं मेनोपॉज संबंधी शारीरिक या फिर भावनात्मक बदलाव का सामना कर रही होती हैं, ऐसे में उन्हें आपके इमोशनल सपोर्ट की भी जरूरत होती है। आप अपनी मम्मी से उनकी समस्याओं के बारे में खुलकर बात करें। इस दौरान महिलाओं को कई बार अनियमित पीरियड्स, हैवी ब्लीडिंग, हॉट फ्लैशेज (सर्दी के मौसम में भी शरीर का तापमान बढ़ना और पसीना आना) जैसे लक्षण नजर आएं, तो बिना देर किए उन्हें किसी स्त्री रोग विशेषज्ञ के पास लेकर जाएं और डॉक्टर की बताई दवाएं खिलाने के साथ लाइफस्टाइल और डाइट में जरूरी बदलाव करवाएं। मेनोपॉज के बाद महिलाओं के शरीर में एस्ट्रोजेन और प्रोजेस्टेरॉन हार्मोन का लेवल कम हो जाता है। ये दोनों हार्मोन उनकी हड्डियों के लिए सुरक्षा कवच का काम करते हैं, लेकिन इन



दोनों हार्मोन की कमी से उनको ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्या हो सकती है।

**मेंटल हेल्थ का रखें ध्यानः** हार्मोन संबंधी असंतुलन के कारण ही मिडिलएज में महिलाओं में तनाव, उदासी, एंग्जाइटी जैसी कई मनोवैज्ञानिक समस्याओं के भी लक्षण नजर आते हैं। ऐसी स्थिति में आप अपनी मम्मी के साथ क्वालिटी टाइम बिताएं, उन्हें उनकी रुचि से जुड़े कार्यों, जैसे म्यूजिक, डांस, पेंटिंग, बागवानी आदि में व्यस्त रहने के लिए प्रेरित करें। इस दौर में अनिद्रा संबंधी समस्या भी बहुत परेशान करती है, इसलिए इस बात का ध्यान रखें कि आपकी मम्मी को रोजाना आठ घंटे की पर्याप्त नींद मिले। स्वस्थ रहने के लिए उन्हें रोजाना, योगाभ्यास, मेडिटेशन और ध्यान करने को प्रेरित करें।

**मेडिकल चेकअप है जरूरीः** मां का रेग्युलर मेडिकल चेकअप बहुत जरूरी है।

**मैमोग्रामः** 40-45 साल की उम्र के बाद ब्रेस्ट कैंसर की आशंका बढ़ जाती है। इसलिए दो साल में एक बार मैमोग्राम करवाना जरूरी है।

**पैपस्मीयर-एचपीवी टेस्टः** सर्वाइकल कैंसर या यूटेरस संबंधी बीमारियों का पता लगाने के लिए यह जांच करवाई जाती है। हर तीन साल के अंतराल पर यह जांच करवाएं।

**बोन डेंसिटी टेस्टः** मेनोपॉज के बाद हड्डियां कमजोर होने का खतरा बढ़ता है, इसलिए अपनी मम्मी की ये जांच भी अवश्य कराएं।

**ब्लड प्रेशर-कोलेस्ट्रॉलः** बढ़ती उम्र में इन दोनों समस्याओं के बढ़ने की आशंका भी रहती है। इसलिए कोलेस्ट्रॉल की जांच के अलावा बीपी की भी जांच कराएं।

**ऐसी होनी चाहिए मां की डाइटः** मां की डाइट में मिल्क प्रोडक्ट्स जैसे दूध, दही, पनीर और छाछ को प्रमुखता से शामिल करें, लेकिन डॉक्टर की सलाह के बिना अपने मन से कैल्शियम का सप्लीमेंट न खिलाएं। आयरन की कमी से अकसर एनीमिया की समस्या होती है, इससे बचाव के लिए उनकी डाइट में हरी पत्तेदार सब्जियों, गाजर, चुकंदर, खजूर, सेब, अमरूद, गुड़, चना और मूंगफली को शामिल करें। a

प्रस्तुतिः विनीता






# वार्षिक रैंकिंग : भारत वनडे और टी20 का बादशाह, ऑस्ट्रेलिया टेस्ट में नंबर-1

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की सोमवार को जारी नवीनतम वार्षिक पुरुष रैंकिंग में सफेद गेंद प्रारूप में अपना दबदबा कायम रखते हुए वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपनी बादशाहत कायम रखी। टेस्ट प्रारूप में भारत एक स्थान नीचे चौथे नंबर पर खिसक गया जिसमें ऑस्ट्रेलिया शीर्ष पर काबिज है। नवीनतम रैंकिंग में मई 2024 के बाद से खेले गए सभी मैचों की दर 100 प्रतिशत और उससे पहले के दो वर्षों की 50 प्रतिशत है।

### वनडे : चैंपियंस ट्रॉफी चैंपियन के बढ़े अंक

वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल में पहुंचने वाले भारत को वनडे रैंकिंग में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने का फायदा मिला है। इससे उसके रेटिंग अंक 122 से बढ़कर 124 हो गए हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में उपविजेता न्यूजीलैंड ऑस्ट्रेलिया को पछाड़कर दूसरे स्थान पर आ गया है। ऑस्ट्रेलिया अब तीसरे स्थान पर है। श्रीलंका ने हाल के महीनों में घरेलू मैदान पर शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला जीत भी शामिल है। इससे उसे पांच रेटिंग अंक का फायदा हुआ और वह चौथे स्थान पर पहुंच गया है।



### टी20 : शीर्ष पर विश्व चैंपियन

टी20 में मौजूदा विश्व चैंपियन भारत शीर्ष पर है, हालांकि दूसरे स्थान पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया पर उसकी बढ़त 10 से घटकर नौ अंक हो गई है। पहली बार वार्षिक अपडेट में वैश्विक टी20 रैंकिंग में 100 टीमों को शामिल किया गया है। सूची में वे सभी टीमें शामिल हैं जिन्होंने पिछले तीन वर्षों में कम से कम आठ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। इंग्लैंड तीसरे नंबर पर है, जबकि न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका क्रमशः चौथे, पांचवें और छठे नंबर पर हैं। इनके बाद श्रीलंका, पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, आयरलैंड और जिंबॉब्वे का नंबर आता है।

### टेस्ट में बेस्ट ऑस्ट्रेलिया

मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने टेस्ट टीम रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है, हालांकि वार्षिक अपडेट के बाद उसकी बढ़त 15 से घटकर 13 अंक रह गई है। ऑस्ट्रेलिया के 126 रेटिंग अंक हैं। इंग्लैंड की टीम दक्षिण अफ्रीका और भारत दोनों को पछाड़ते हुए दूसरे स्थान पर पहुंच गई। उसके रेटिंग अंक 113 हो गए हैं। दक्षिण अफ्रीका (111) और भारत (105) एक एक स्थान फिसलकर क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर पहुंच गए। उनके बाद न्यूजीलैंड, श्रीलंका, पाकिस्तान, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और जिम्बाब्वे हैं। टेस्ट तालिका में अभी केवल 10 टीम शामिल हैं।

**खास खबर**

## पर्व ने जीता जूनियर विश्व कांस्य पदक




**लीमा।** भारतीय भारोत्तोलक पर्व चौधरी ने यहां आईडब्ल्यूएफ युवा और जूनियर विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता। पर्व ने लड़कों के युवा वर्ग के 96 किग्रा भार वर्ग में कुल 315 किग्रा वजन उठाया। उन्होंने स्नैच में 140 किग्रा वजन उठाया। क्लीन एवं जर्क में उन्होंने 175 किग्रा वजन उठाकर कांस्य पदक हासिल किया। मौजूदा टूर्नामेंट में यह भारत का तीसरा पदक है। ज्योशना सबर (40 किग्रा) और हर्षबर्धन साहू (49 किग्रा) ने भी पिछले सप्ताह अपने-अपने भार वर्ग में कांस्य पदक जीते थे।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 11 | 8 | 3 | 16 |
| पंजाब | 11 | 7 | 3 | 15 |
| मुंबई | 11 | 7 | 4 | 14 |
| गुजरात | 10 | 7 | 3 | 14 |
| दिल्ली | 10 | 6 | 4 | 12 |
| कोलकाता | 11 | 5 | 5 | 11 |
| लखनऊ | 11 | 5 | 6 | 10 |
| राजस्थान | 12 | 3 | 9 | 6 |
| हैदराबाद | 10 | 3 | 7 | 6 |
| चेन्नई | 11 | 2 | 9 | 4 |

**ऑरेंज कैप**



विराट कोहली
505 रन
बेंगलुरु

**पर्पल कैप**



प्रसिद्ध कृष्णा
19 विकेट
गुजरात

## आईपीएल : अंक तालिका में अभी तीसरे और चौथे स्थान पर दोनों टीमें

# मुंबई-गुजरात प्लेआफ के प्रबल दावेदार आज बल्लेबाजों और गेंदबाजों में जंग

एजेंसी ▶▶| मुंबई

प्लेआफ में पहुंचने की प्रबल दावेदार मुंबई इंडियंस का सामना आईपीएल में मंगलवार को गुजरात टाइटंस से होगा तो फॉर्म में चल रहे गुजरात के शीर्षक्रम के तीनों बल्लेबाजों के लिए बेहतरीन गेंदबाजी आक्रमण का सामना करने की कड़ी चुनौती होगी। सभी टीमों में सर्वश्रेष्ठ नेट रनरेट वाली मुंबई की टीम को बाकी तीन में से दो मैच जीतने होंगे ताकि प्लेआफ में प्रवेश कर सके। पांच बार की चैंपियन टीम इनमें से दो मैच अपने मैदान पर खेलेगी जहां उसने पांच में से चार मैच जीते हैं।

चौथी रैंकिंग वाली गुजरात की टीम को अभी चार मैच खेलने हैं जिनमें से दो अहमदाबाद में खेलने हैं जहां उसने पांच में से चार मैच जीते हैं। शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम को भी प्लेआफ में पहुंचने के लिये दो मैच और जीतने हैं। गुजरात के बी साइ सुदर्शन (504 रन), जोस बटलर (470) और कप्तान गिल (465) जबर्दस्त फॉर्म में हैं। अब उन्हें मुंबई के ट्रेंट बोल्ट (16 विकेट), हार्दिक पंड्या (13), जसप्रीत बुमराह (11) और दीपक चाहर (नौ) का सामना करना है जो आसान नहीं होगा। मुंबई के जीत की राह पर लौटने के बाद से इन्होंने किसी मैच में 200 से अधिक रन विरोधी टीम को बनाने नहीं दिए हैं।





### लगातार 7वीं जीत पर मुंबई की नजर

मुंबई खराब शुरुआत के बाद लगातार छह मैच जीतकर आत्मविश्वास से ओतप्रोत है। गुजरात की सफलता की कुंजी उसके बल्लेबाजों का प्रदर्शन रही है। दूसरी ओर मुंबई को भी लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात के शानदार रिकॉर्ड से चिंता हो रही होगी। गुजरात ने लक्ष्य का पीछा करते हुए तीन मैच भारी अंतर से जीते हैं। गुजरात के शीर्ष तीन बल्लेबाजों के शानदार फॉर्म के कारण बाकी बल्लेबाजों की परीक्षा नहीं हो सकी है। मध्यक्रम में शेरफान रदरफोर्ड (201) को कुछ मौका मिला है ।

### फार्म में इंडियंस बल्लेबाज

मुंबई के गेंदबाजों का लक्ष्य अब गुजरात के शीर्षक्रम को सस्ते में आउट करने का होगा। तीन सत्र पहले हार्दिक की कप्तानी में गुजरात ने पदार्पण के साथ आईपीएल खिताब जीता था। वही हार्दिक अब मुंबई के कप्तान हैं जिसने बेहद औसत शुरुआत के बाद वापसी की है।


### चेन्नई में बेदी की जगह उर्विल टीम में शामिल

**चेन्नई।** चेन्नई सुपरकिंग्स ने बाएं टखने में चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र से बाहर हुए वंश बेदी की जगह गुजरात के विकेटकीपर-बल्लेबाज उर्विल पटेल को अपनी टीम में शामिल किया है। पटेल ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में त्रिपुरा के खिलाफ 28 गेंदों में शतक



जड़ा कर सुर्खियां बटोरी थी। यह किसी भारतीय द्वारा बनाया गया सबसे तेज टी20 शतक है। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने 47 टी20 मैचों में 1,162 रन बनाए हैं। वह इससे पहले 2023 सत्र में गुजरात टाइटंस टीम का हिस्सा थे। पटेल 30 लाख रुपए की अपनी आधार मूल्य पर चेन्नई की टीम से जुड़े।

### प्लेआफ का सपना अभी भी बरकरार : पंत



**धर्मशाला।** खराब प्रदर्शन से निराश लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान ऋषभ पंत ने अभी भी आईपीएल प्लेआफ में प्रवेश की उम्मीद छोड़ी नहीं है और उनका मानना है कि बाकी तीन मैचों में उनकी टीम हालात बदल सकती है। बल्लेबाजों के एक बार फिर खराब प्रदर्शन के कारण लखनऊ को रविवार को पंजाब किंग्स ने 37 रन से हराया। पंत ने मैच के बाद कहा, 'सपना अभी भी बरकरार है। अगर हम अगले तीन मैच जीत जाएं तो हालात बदल सकते हैं।'

### हैदराबाद ने हर्ष दुबे को टीम में शामिल किया



**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग के शेष सत्र के लिए चोटिल होने के कारण बाहर होने वाले बाएं हाथ के बल्लेबाज स्मरण रविचंद्रन के स्थान पर हरफनमौला हर्ष दुबे को टीम में शामिल किया है। घरेलू क्रिकेट में विदर्भ की तरफ से खेलने वाले दुबे को सनराइजर्स ने 30 लाख रुपए में अपनी टीम से जोड़ा है। इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने 16 टी20, 20 लिस्ट ए मैच और 18 प्रथम श्रेणी खेले हैं। उन्होंने सभी प्रारूपों में 127 विकेट और 941 रन बनाए हैं।

### कैस्पर रूड ने जीता अपना पहला मास्टर्स 1000 खिताब

**मैड्रिड।** कैस्पर रूड रविवार को मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जैक ड्रेपर को 7-5, 3-6, 6-4 से हराकर मास्टर्स 1000 खिताब जीतने वाले पहले नॉर्वे के पहले खिलाड़ी बन गए। रूड ने पहले सेट में 5-3 से पिछड़ने के बाद वापसी की और तीसरे सेट में अपने एकमात्र ब्रेक प्वाइंट का फायदा उठाकर जीत पक्की कर ली। रूड ने मैच के बाद कहा, ''यहां चैंपियन बनना मेरे बड़े लक्ष्यों में से एक था जिसके बारे में मैंने तब सपना देखा था जब मैं छोटा था, इसलिए इसे पूरा करना एक अविश्वसनीय अहसास है।' इस जीत से रूड विश्व रैंकिंग में फिर से चोटी के 10 खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं।



**खबर संक्षेप**



### मैं बहुत आगे के बारे में नहीं सोचता : अर्शदीप

**धर्मशाला।** जाब किंग्स की लखनऊ सुपर जॉइंट्स के खिलाफ आईपीएल मैच में जीत में अहम भूमिका निभाने वाले तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह का जीवन जीने का तरीका बेहद सरल है, बहुत आगे के बारे में नहीं सोचना और वर्तमान में जीने का पूरा आनंद लेना। अर्शदीप ने लखनऊ के चोटी के तीन बल्लेबाजों को आउट करके पंजाब को शानदार शुरुआत दिलाई। उन्होंने अब तक आईपीएल के वर्तमान सत्र में 11 मैचों में 16 विकेट ले लिए हैं और प्रसिद्ध कृष्णा (19 विकेट) और जोश हेज़लवुड (18 विकेट) के बाद सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं।


### सिनर का डोपिंग प्रतिबंध खत्म, करेंगे वापसी

**रोम।** विश्व के नंबर एक पुरुष खिलाड़ी यानिक सिनर पर डोपिंग के लिए लगा तीन महीने का प्रतिबंध सोमवार को खत्म हो गया और वह अपने घरेलू टूर्नामेंट इटालियन ओपन से कोर्ट पर वापसी करने के लिए तैयार हैं। सिनर ने इस साल के शुरू में लगातार दूसरी बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीतने के बाद कोई टूर्नामेंट नहीं खेला है। इसके बाद उन्हें विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी के साथ हुए समझौते के तहत तीन महीने का प्रतिबंध झेलना पड़ा था। इटालियन ओपन में यह पहला अवसर होगा जब कोई स्थानीय खिलाड़ी विश्व के नंबर एक खिलाड़ी के रूप में अपनी चुनौती पेश करेगा।



### भारत ने दिव्यांग क्रिकेट श्रृंखला में श्रीलंका को 5-0 से हराया

**बेंगलुरु।** भारतीय शारीरिक दिव्यांग क्रिकेट टीम ने पी डी दीपक लोहिया स्मृति ट्रॉफी पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में श्रीलंका को 5-0 से हराया। पांच मैचों की श्रृंखला यहां 26 अप्रैल से पांच मई के बीच किनि क्रिकेट मैदान पर खेली गई थी। पांचवें मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 191 रन बनाए और श्रीलंका को 15 ओवर में 88 रन पर आउट कर दिया। भारत ने पहला मैच 103 रन से, दूसरा छह विकेट से, तीसरा तीन विकेट से और चौथा 66 रन से जीता था।



## 54 मैच बाद भी प्लेऑफ तय नहीं पांच टीमें पा सकती हैं 18 अंक !

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*आईपीएल 2025 में अब तक 54 मुकाबले खेले जा चुके हैं और अब तक सिर्फ दो ही टीमें- चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स ही एलिमिनेट हो सकी हैं। अभी भी कोई भी टीम प्लेऑफ के लिए आधिकारिक तौर पर क्वालिफाई नहीं कर सकी है और शीर्ष चार स्थानों के लिए आठ टीमों के बीच जंग है। हालांकि, पिछले 17 सत्र में कभी ऐसा नहीं हुआ कि जिस टीम ने 16 अंक पाए हों वह क्वालिफाई न कर पाया हो। ऐसे में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का क्वालिफाई करना तय माना जा रहा है। बाकी के तीन स्थानों के लिए सात टीमों के बीच जंग है।*

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

आरसीबी की टीम सीएसके के खिलाफ जीत के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच चुकी है। पांच टीमों के लिए 18 अंकों पर समाप्त करना अभी भी संभव है। इसका मतलब है कि क्वालिफिकेशन पूरी तरह से सुनिश्चित करने के लिए आरसीबी को दो और जीत की जरूरत है। हालांकि, अगर अन्य परिणाम उनके पक्ष में जाते हैं, तो वे नेट रन रेट पर निर्भर हुए बिना 16 अंकों के साथ भी क्वालिफाई कर सकते हैं।

### पंजाब किंग्स

लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ पंजाब की जीत ने उन्हें 15 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया। अभी उनके तीन मैच बचे हैं। दो और जीत पंजाब को प्लेऑफ में पहुंचा देगी। यदि पंजाब की टीम अपने शेष तीनों मैच हार जाती है तो उन्हें अन्य परिणामों पर बहुत अधिक निर्भर रहना होगा।

### दिल्ली कैपिटल्स

शुरुआती छह मैचों में पांच जीत के साथ दिल्ली ने सीजन की शानदार शुरुआत की थी, लेकिन 10 मैचों तक आते आते यह आंकड़े छह जीत ही रह गए। यानी पिछले चार मैचों में टीम को तीन में हार मिली है। यही वजह है कि कभी शीर्ष पर रही दिल्ली की टीम पांचवें स्थान पर लुढ़क गई है। अन्य टीमों की तरह 18 अंक पाकर भी दिल्ली का प्लेऑफ में पहुंचना तय नहीं है, लेकिन 14 अंक पाकर भी वह पूरी तरह समीकरण से बाहर नहीं होंगे।

### गुजरात टाइटंस

गुजरात की टीम के अभी फिलहाल चार और मैच बाकी हैं और टीम के पास 14 अंक हैं। उनका नेट रन रेट मुंबई इंडियंस के बाद दूसरा सर्वश्रेष्ठ है। जीटी के पक्ष में फिलहाल हर एक समीकरण है। अगर सबकुछ सही रहा तो यह टीम शीर्ष दो में भी अपना स्थान पक्की कर सकती है। उनके शेष तीन मैचों में से दो घर पर हैं, जो कि उनके समीकरण और दावे को और मजबूत बनाता है। घर पर उनका सीएसके और लखनऊ जैसी टीमों के खिलाफ 4-1 का जीत-हार का रिकॉर्ड है।

### कोलकाता नाइट राइडर्स

रविवार को राजस्थान के खिलाफ जीत ने केकेआर को शीर्ष चार की दौड़ में बनाए रखा है। 11 मैचों में 11 अंकों के साथ टीम फिलहाल छठे स्थान पर है। हालांकि वे अधिकतम 17 अंक ही पा सकते हैं।

### मुंबई इंडियंस

लगातार छह जीत के साथ मुंबई की टीम ने इस सत्र में जबरदस्त वापसी की। मुंबई का शीर्ष चार में समाप्त होना लगभग तय माना जा रहा है। अगर वह मौजूदा फॉर्म को जारी रखते हैं तो शीर्ष दो में भी स्थान बना सकते हैं। सभी टीमों में मुंबई का नेट रन रेट सर्वश्रेष्ठ भी है। मुंबई के अगर 14 अंक भी रहते हैं तो भी यह टीम शीर्ष चार में पहुंच सकती है, लेकिन इसके लिए अन्य परिणामों और नेट रन रेट पर निर्भर रहना होगा। उनके पास 18 या इससे ज्यादा अंक बनाने का भी मौका है।

### नीरज चोपड़ा क्लासिक के टिकटों की बिक्री शुरू

**बेंगलुरु।** नीरज चोपड़ा क्लासिक के टिकटों की बिक्री शुरू हो गई है। आयोजकों ने सोमवार को इसकी घोषणा की। इस प्रतियोगिता में चोपड़ा, थॉमस रोहलर और एंडरसन पीटर्स सहित कई ओलंपिक पदक विजेता खिलाड़ी भाग लेंगे। यह भारत में होने वाली भाला फेंक की पहली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता है। आयोजकों की विज्ञप्ति के अनुसार टिकट 199 रुपए से 9,999 रुपए की रेंज में उपलब्ध है। जोमैटो इस प्रतियोगिता का आधिकारिक टिकट भागीदार है।

**कार्यालय वनमंडलाधिकारी,**
**पश्चिम उत्पादन वनमंडल छिन्दवाड़ा (म. प्र.)**
Phone / Fax 07162-243460 e-mail- dfopchwara@mp.gov.in,

क्रमांक / वाहन / 2025 / 1007 — छिन्दवाड़ा दिनांक 01/05/2025

**विज्ञप्ति**
**टायर क्रय करने हेतु सूचना**

पश्चिम उत्पादन वनमंडल छिंदवाड़ा में उपलब्ध शासकीय वाहन टाटा 909 मिनी ट्रक हेतु 07 नग रेयान टायर, ट्यूब, फ्लेप सहित क्रय किया जाना है। ई-टेंडर पद्धति के अतंर्गत https://mptenders.gov.in पर निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा फार्म, निविदा शर्ते कार्यालय में अथवा उपरोक्त पोर्टल पर देखी जा सकती है ।

| | |
|---|---|
| Purchase of tender start date and time निविदा क्रय की प्रारंभिग तिथि एवं समय- | 08.05.2025 Time 12:00 PM |
| Bid submission start date and time निविदा दर प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि एवं समय | 08.05.2025 Time 12:00 PM |
| Bid submission closing date and time निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय | 20.05.2025 Time 06:00 PM |
| Bid opening date and time निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 21.05.2025 Time 04:00 PM |

टीप :- प्रथम निविदा अंतर्गत सफल निविदाकार प्राप्त ना होने की दशा में पुन: द्वितीय चरण में ऑनलाईन निविदा जारी की जावेगी, जिस हेतु पृथक से प्रकाशन नहीं किया जावेगा । द्वितीय चरण की तिथि उपरोक्त वेवसाईट पर दर्शित होगी ।

वनमंडलाधिकारी
पश्चिम उत्पादन वनमंडल छिन्दवाड़ा

G12416/25

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला नरसिंहपुर (म.प्र.)**

क्रमांक- पुअ/नरपुर/रनि/एमटी/119/25 — दिनांक 03/05/2025

**::- निविदा विज्ञप्ति-::**

सर्व साधारण एवं संबधितो को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला पुलिस बल नरसिंहपुर के अंतर्गत पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेश द्वारा पुलिस नियंत्रण कक्ष / पुलिस थानों में ड्यूटी हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 (31 मार्च 2026 तक) 06 बोलेरो के समकक्ष वाहन मासिक किराये पर लिये जाने हेतु निम्नानुसार शर्तो पर निविदा आमंत्रित की जाती है।

**वाहन किराये पर लेने की शर्तें:** 01. प्रतिमाह शासन द्वारा अनुमोदित अस्थायी वाहन दिनांक 31.03.2026 तक 06 वाहन (बोलेरो के समकक्ष) पीओएल एवं चालक सहित लगाया जाना है एंव प्रतिमाह मासिक 1000 किमी. पर पीओएल सहित मासिक दर व 1000 किमी. से अधिक चलने पर प्रति किमी. की दर निर्धारित करनी होगी । 02. पाँच वर्ष से अधिक पुराना वाहन किराये पर नहीं लगाया जायेगा एव वाहन चालक नियमानुसार वैद्य कमर्शियल ड्रायविंग लायसेंस धारी होना चाहिए 03. वाहन प्रदाता किराये पर लगाये जाने वाले वाहन में वैध प्रदूषण जांच प्रमाणपत्र चस्पा किया जाना सुनिश्चित करें। 04. वाहन के रखरखाव / मरम्मत संबंधी कार्यो की संपूर्ण जिम्मेदारी एवं वाहन के संपूर्ण दस्तावेजों का उत्तरदायित्व वाहन मालिक / ट्रेवल्स एजेंसी का होगा । 05. वाहन की दुर्घटना की स्थिति में चालक की लापरवाही की संपूर्ण जिम्मेदारी एवं किसी भी वैधानिक / न्यायालयीन कार्यवाही की जिम्मेदारी वाहन प्रदाता की होगी। 06. वाहन आकस्मिक रूप से खराब होने पर तत्काल दुरूस्त कराना अथवा दूसरा वाहन उपलब्ध कराना होगा अन्यथा नियमानुसार जो दर प्राप्त होगी उसके अनुसार प्रतिदिन दर से किराये पर कटौती की जावेंगी। 07. वाहन की किराया राशि के भुगतान में यदि कोई विशेष कारण से विलम्ब होता है तो इसके लिये कोई ब्याज अथवा शुल्क देय नहीं होगा और न ही इस संबंध में कोई दावा स्वीकार किया जावेगा । 08. वाहन के स्थानीय या मुख्यालय के बाहर के उपयोग में न्यूनतम दूरी का कोई भी बंधन नही होगा । किराये पर लिये जाने वाले वाहन वाणिज्यक परिवहन यान के रूप में एवं संबधित ट्रेवल्स एंजेसी का आरटीओ में पंजीयन होना आवश्यक है। 09. वाहन प्रदायकर्ता द्वारा उक्त शर्तो का पालन करते हुये टेण्डर फार्म विज्ञप्ति प्रकाशन की अंतिम तिथि दिनांक 18/05/2025 को सायं 05:00 बजे तक बंद लिफाफे में कार्यालयीन समय में रक्षित केन्द्र जिला नरसिंहपुर में प्राप्त एवं जमा किये जा सकते है। किराये पर वाहन की दर स्वीकृत होने पर समयानुसार 03 दिवस के भीतर वाहन का अनुबंध संबंधित पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर को कराया जाना आवश्यक होगा। 10. वाहन प्रदाय कर्ता द्वारा किराये के वाहन के सम्बन्ध में शर्तो का पालन के आधार पर दी गयी जानकारी / टेण्डर फार्म के आधार पर किराये के वाहन के चयन सम्बन्धी कार्यवाही पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर द्वारा की जावेगी । 11. वाहन किराये पर लेने की शर्तो का उल्लंघन करने की स्थिति में वाहन को कभी भी हटाया जा सकेगा यदि वाहन प्रदायकर्ता द्वारा अनुबंध अवधि के दौरान किसी कारणवश वाहन उपलब्ध कराने में असमर्थ हो जाता है तो उसे 01 माह पूर्व सूचना देना होगी । 12. अधोहस्ताक्षरकर्ता को यह अधिकार होगा कि वे बिना कारण बतायें किसी भी या सभी निविदायें स्वीकृति या अस्वीकृत कर सकते है या अमान्य कर सकते है । 13. मासिक किराये पर लगाये गये वाहनों का किरायों का भुगतान बजट उपलब्ध होने उपरांत क्रमानुसार किया जायेगा । 14. वाहन मालिक / ट्रेवल्स एजेंसी द्वारा टेक्सी परमिट वाहन उपलब्ध कराना होगा । 15. वाहन मालिक / ट्रेवल्स एजेंसी द्वारा 5,000 /- रुपए की बैंक ड्राफ्ट जमा करना होगा । 16. वाहन मालिक / ट्रेवल्स एजेंसी एक से ज्यादा टेण्डर फार्म नही भर सकता है ।

(मृगाखी डेका)
पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर

G-12432/25 "स्वच्छता ही सेवा"

**कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग**
**जिला नरसिंहपुर म.प्र.**

क्रमांक 391/अ.वि.अ./भू-अर्जन/2025 — **प्रारंभिक अधिसूचना (देखिये धारा 11)** — नरसिंहपुर, दिनांक 29/04/20/2025

**रा.मा.क्र. 29/अ-82/2024-25 मौजा ग्राम- उसरी प.ह.नं. 28/75 तहसील - नरसिंहपुर**

चूँकि समुचित सरकार को यह प्रतीत होता है कि अनुसूची-1 में कार्यपालन यंत्री पेंच व्यपवर्तन बांध जल संसाधन संभाग क्र. 01 चौरई, जिला छिंदवाड़ा (म.प्र.) को मछरेवा सिंचाई परियोजना नरसिंहपुर के बांध निर्माण हेतु भूमि की आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पडने की संभावना है।

सर्व संबंधित को यह सूचित किया जाता है कि मछरेवा सिंचाई परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति प्रस्ताव क्रमांक SIA/MP/RIV/523542/2025 राज्य स्तरीय पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत की गई है। भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-6 की उपधारा-2 के अनुसार सिंचाई परियोजनाओं के संबंध में जहां पर्यावरणीय प्रभाव निर्धारण की प्रक्रिया की तत्समय प्रवत्त किसी अन्य विधि के प्रावधानों के अधीन अपेक्षा की जाती, सामाजिक प्रभाव निर्धारण से संबंधित इस अधिनियम के प्रावधान लागू नहीं होगें । अत: भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन सार्वजनिक सूचना के जरिये सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि इसके द्वारा उक्त परियोजना हेतु निम्नानुसार भूमि का अर्जन किया जाता है :

**अनुसूची - 1**

1. परियोजना का नाम मछरेवा सिंचाई परियोजना नरसिंहपुर में बाँध निर्माण हेतु ।
2. भूमि का विवरण:-
   1. जिला : नरसिंहपुर
   2. तहसील : नरसिंहपुर
   3. ग्राम : उसरी
   4. प.ह.न. : 28/75
   5. नं. बंदोबस्त : 24
   6. अर्जित भूमि का क्षेत्रफल : 1.157 हेक्ट.

**अनुसूची-2**

| क्र. | भू-धारक (खातेदार) का नाम और पता | खसरा संख्या | कुल रकबा हेक्टेयर | अर्जित रकबा (हे.) | (सिंचित / असिंचित ) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लक्ष्मीप्रसाद पिता जीवनलाल जाति कलार पता ऊसरी नरसिंहपुर नरसिंहपुर मध्यप्रदेश | 4(S) | 0.364 | 0.060 | असिंचित |
| 2 | कन्छेदी पिता सुखराम जाति मेहरा पता ऊसरी नरसिंहपुर नरसिंहपुर मध्य प्रदेश | 8(S) | 0.664 | 0.010 | असिंचित |
| 3 | रामसेवक, द्वारकाप्रसाद, फागुलाल, उर्मिला बाई पिता पूरनलाल जाति गौड़ पता ऊसरी नरसिंहपुर नरसिंहपुर मध्य प्रदेश | 10(S) | 0.688 | 0.480 | सिंचित |
| 4 | रामसेवक, द्वारकाप्रसाद, फागुलाल, उर्मिला बाई पिता पूरनलाल जाति गौड़ पता ऊसरी नरसिंहपुर नरसिंहपुर मध्य प्रदेश | 13(S) | 0.991 | 0.100 | सिंचित |
| 5 | बडीबाई वेवा रामचंद्र, सुरेन्द्र कुमार, सीताराम, श्रद्धा बाई पिता रामचंद्र जाति गौड़ पता ऊसरी नरसिंहपुर नरसिंहपुर मध्य प्रदेश | 17/1 (S) | 0.526 | 0.420 | असिंचित |
| 6 | फागुलाल नर्बदी प्रसाद पेरा बाई केरा बाई बराती लाल मिट्ठू पिता नन्हेंलाल मंगो बाई बेवा उजयार, राकेश रामदर्शन वंशज वंदना पुत्री उजयार मेहका बाई बेवा रेवती बड़े वीर पिता रेवती श्रद्धा बेवा मुकेश अरविंद कविता पिता मुकेश जाति गौंड पता उसरी नरसिंहपुर नरसिंहपुर मध्य प्रदेश | 17/2 (S) | 1.619 | 0.020 | असिंचित |
| 7 | बड़ी बाई बेवा रामचंद्र, सुरेंद्र कुमार, सीताराम, श्रद्धा भाई पिता रामचंद्र जाति गौंड पता उसरी नरसिंहपुर नरसिंहपुर मध्य प्रदेश | 17/3 (S) | 1.995 | 0.025 | सिंचित |
| 8 | मिट्ठूलाल पिता नन्हेलाल, वडेबीर पिता रेवती जाति गौड़ पता ऊसरी नरसिंहपुर नरसिंहपुर मध्य प्रदेश | 17/4(S) | 0.619 | 0.042 | सिंचित |
| | कुल योग | | 7.466 | 1.157 | |

यह अधिसूचना इससे संबंधित सभी व्यक्तियों के लिये भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 (2013 का 30) की धारा 11 (1) उपबंधों के अधीन जारी की गई है। राज्य सरकार की अधिसूचना क्रमांक एफ भोपाल दिनांक- एफ 16-15 (7) 2014 - सात -शा, 2ए भोपाल दिनांक 29.09.2014 जिसका मध्यप्रदेश राजपत्र दिनांक 03.10.2014 के पृष्ठ क्रमांक 2895 पर प्रकाशन किया गया है। उक्त अधिसूचना के परिपालन में अनुविभागीय अधिकारी (रा.) नरसिंहपुर को अधिनियम की धारा-12 द्वारा दी गई शक्ति का प्रयोग करने के लिए निर्देशित किया जाता हैं सरकार, उक्त अधिनियम की धारा-12 में यथा उपबंधित एवं विनिर्दिष्ट कार्यपालन यंत्री पेंच व्यपवर्तन बांध जल संसाधन संभाग क्र. 01 चौरई, जिला छिंदवाड़ा (म.प्र.) और उसके कर्मचारिवृंद को भूमि में प्रवेश करने और उसका सर्वेक्षण करने, किसी भी भूमि के स्तर लेने, अवमृदा में खुदाई करने या वधन करन और अपने कार्य के उचित निष्पादन के लिये अपेक्षित सभी अन्य कार्य करने के लिये प्राधिकृत करती है। अधिनियम की धारा-11 (4) के अधीन कोई भी व्यक्ति कलेक्टर के पूर्व अनुमोदन के बिना ऐसी अधिकारी के प्रकाशन की तारीख से भूमि का कोई भी संव्यवहार नहीं करेगा या कोई भी सव्यवहार नहीं होने देगा अर्थात क्रय विक्रय आदि नहीं करेगा या ऐसी भूमि पर कोई भी विल्लगम सृजित नहीं करेगा। अधिनियम की धारा-15 (1) के अधीन यथ उपबंधित इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 60 (दिनों के भीतर किसी इच्छुक व्यक्ति द्वारा भूमि अर्जन के बारे में कलेक्टर के समक्ष (कक्ष क्रमांक- 84 भू अर्जन शाखा, नरसिंहपुर ) अथवा कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नरसिंहपुर में आक्षेप यदि कोई हो फाईल किए जा सकेंगे। भूमि से संबंधित रेखांकन अनुविभागीय अधिकारी (रा.) नरसिंहपुर कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को कार्य समय के दौरान देखा जा सकता है।

**मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार ।**

( मणिन्द्र कुमार सिंह)
अनुविभागीय अधिकारी
सह भू-अर्जन अधिकारी नरसिंहपुर

G-12397/25

(शीतला पटले)
कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव
मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग
जिला नरसिंहपुर (म.प्र.)

## हाईकोर्ट ने राज्य शासन से पूछा

# कम्प्यूटर आपरेटरों की सेवायें उपार्जन नीति के अंतर्गत कैसे विमुक्त की जा सकती हैं

हरिभूमि जबलपुर।

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के माननीय न्यायमूर्ति मनिंदर भट्टी की पीठ ने शासन की उपार्जन नीति के अंतर्गत उपाजर्न केन्द्रों में संलग्न कम्पुटर आपरेटरों को कलेक्टर रीवा के द्वारा उपार्जन प्रक्रिया से पृथक व प्रतिबंधित किये जाने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका में राज्य शासन को निर्देशित किया है कि न्यायालय को इस बिंदु पर संबोधित करें कि याचिकाकर्ताओं की सेवायें जो उपार्जन केन्द्रों में कम्पुटर आपरेटर के रूप में नियुक्त हैं, क्या उनकी सेवायें याचिकाकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत उपार्जन नीति के अंतर्गत विमुक्त की जा सकती हैं। उल्लेखनीय है कि रीवा जिला के विनय मिश्रा तथा अन्य याचिकाकर्ताओं द्वारा तथ्य प्रस्तुत किये कि उपार्जन नीति के अनुसार उपार्जन में संलग्न सहकारी सोसाइटियों के माध्यम से याचिकाकर्ताओं को उपार्जन केन्द्रों में कम्प्यूटर आपरेटर के पद पर संविदा में संलग्न किया था किन्तु कलेक्टर रीवा के द्वारा आलोच्य आदेश के माध्यम से यह कारण इंगित करते हुए कि खरीफ विपरण वर्ष में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन हेतु किसानों के पंजीयन मनमाने ढंग से निरस्त कर दिए गए हैं तथा गेंहू उपार्जन में अनियमितता करने वाले कम्प्यूटर आपरेटर पुनः उपार्जन केन्द्रों में पदस्थ होकर उपार्जन में अनियमितता कर सकते हैं, इस बात की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। इस कारण से याचिकाकर्ताओं को उपार्जन कार्य से पृथक किया गया है। याचिकाकर्ताओं के अनुसार उक्त आदेश केवल बेबुनियाद आंशका के आधार पर याचिकाकर्ताओं को सेवा से अलग किया है जबकि एक सामान्य शिकायत पर दोषी संस्थाओं का पता लगाने जांच लंबित है और याचिकाकर्ताओं के विरूद्ध कोई अनियमितता का आरोप नहीं है तथा आलोच्य आदेश के पूर्व याचिकाकर्ताओं को सुनवाई का भी अवसर नहीं दिया गया। राज्य संविदा मामलों में मनमाना कृत्य नहीं कर सकती है। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता असीम त्रिवेदी, विनीत टेहेनगुरिया, शुभम पाटकर आदि ने पैरवी की।



### खाते के संव्यवहार पर रोक लगाने पर यूको बैंक से जबाव तलब

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के माननीय न्यायमूर्ति विशाल धगट की पीठ ने यूको बैंक की देवरी खुर्द , पनागर शाखा के शाखा बैंक से खाता पर रोक लगाने वाली याचिका में जबाव तलब किया है। उल्लेखनीय है याचिकाकर्ता कीरत सिंह, पनागर, जबलपुर निवासी ने याचिका दायर करते हुए तथ्य प्रस्तुत किये कि याचिकाकर्ता किसान है और उसका यूको बैंक में खाता संचालित है। बैंक ने बिना किसी कारण से उसका बैंक खाता के संचालन पर रोक लगा दी है और बैंक को ग्राहकों के साथ संव्यवहार में मनमाना आचरण और पारदर्शित बरतनी चाहिए। याचिका कर्ता ने अभ्यावेदन देकर बैंक से कारण जानना चाहा किन्तु कोई कारण नहीं बताया गया। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता असीम त्रिवेदी, विनीत टेहेनगुरिया, शुभम पाटकर आदि ने पैरवी की ।

### रोड क्रास करती कार दुर्घटना का शिकार, 4 घायल

**जबलपुर।** गोसलपुर थाना अतंर्गत बुढ़ागर मेन रोड क्रास करते समय एक कार को दूसरी कार ने पीछे से टक्कर मार दी। कार में सवार चार लोग घायल हो गए जिनमें दो महिलाएं शामिल है। वहीं कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गोसलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम ताला देवरी निवासी 30 वर्षीय अमित पटेल गत दिवस बम्हौरी से अपनी कार में अपने परिवार पत्नी शशि पटेल, पुत्र बादल पटेल, साली पूजा पटेल एवं पूजा का लड़का लव पटेल, सादू भाई तुलसी राम के साथ अपने गांव ताला देवरी जा रहा था। बुढ़ागर मेन रोड क्रास करते समय रात 11.30 बजे जबलपुर तरफ से आर रही एक कार क्रमांक एमएच 32 एएक्स 0609 के चालक ने तेज गति से चलाते हुए अमित की कार में पीछे से एक जोरदार टक्कर मार दी, जिससे कार में बैठे पत्नी शशि पटैल, पुत्र बादल पटैल, साली पूजा पटैल और लव पटेल को चोटें आ गई और उसकी कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। घायलों को उपचार के लिए 108 एंबुलेंस से इलाज के लिए सिहोरा सरकारी अस्पताल ले गए। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281,125, 324(4) बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।



मौसम के अचानक बिगड़ने से उपरोक्त दोनों सर्किट में दो टॉवर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए तथा दो अन्य टॉवर आंशिक रूप से प्रभावित हुए।

# तेज हवाओं और बवंडर के कारण चार ट्रांसमिशन टॉवर क्षतिग्रस्त

हरिभूमि जबलपुर।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है गत दिवस तेज हवाओं और बवंडर के कारण विंध्य क्षेत्र स्थित मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी की 220 के.व्ही. अमरकंटक–सीधी तथा 220 के.व्ही. सीधी–रीवा ट्रांसमिशन सर्किट के चार टॉवर क्षतिग्रस्त हो गये। इस कारण अमरकंटक से सीधी 220 के.व्ही. सर्किट में विद्युत प्रवाह प्रभावित हुआ, लेकिन 220 के व्ही सबस्टेशन सीधी में वैकल्पिक ट्रांसमिशन सप्लाई उपलब्ध होने से क्षेत्र में इस कारण कोई विद्युत व्यवधान नहीं हुआ। साथ ही इससे अमरकंटक थर्मल पावर स्टेशन चचाई में उत्पादित विद्युत की निकासी एवं पारेषण पर भी कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा और अन्य सर्किट अनूपपुर एवं जबलपुर में विद्युत आपूर्ति निर्विघ्न बनी रही।

**72 मीटर ऊँचा टावर भी हुआ क्षतिग्रस्त**

एमपी ट्रांसको के मुख्य अभियंता संदीप गायकवाड़ ने बताया कि विंध्य क्षेत्र में सोन नदी के आसपास मौसम के अचानक बिगड़ने से उपरोक्त दोनों सर्किट में दो टॉवर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए तथा दो अन्य टॉवर आंशिक रूप से प्रभावित हुए। इन टॉवरों में से एक 72 मीटर ऊँचाई का विशेष ट्रांसमिशन टॉवर है, जो सोन नदी क्रॉसिंग के लिए स्थापित किया गया था।

दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद, क्षतिग्रस्त टॉवरों की मरम्मत का कार्य युद्ध स्तर पर प्रारंभ कर दिया गया है। प्रभावित सर्किटों से विद्युत आपूर्ति पुनः बहाल करने में कम से कम तीन सप्ताह का समय लग सकता है।

# अग्निशमन यंत्र की क्यूआर आधारित होगी मॉनिटीरिंग

**जबलपुर।** जबलपुर रेल मंडल के यांत्रिक विभाग द्वारा मंडल की सभी ट्रेनों में आगजनी की घटनाओं की रोकथाम हेतु अग्निशमन यंत्र की सुविधा प्रदान कि जा रही हैं। निर्धारित समय अवधि पर इन अग्निशमन यंत्र का शेड्यूल मेंटेनेंस किया जाता हैं, जो कि ट्रेन व यात्रियों की सुरक्षा की दृष्टी से अतिआवश्यक हैं । मंडल रेल प्रबंधक जबलपुर एवं प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर पश्चिम मध्य रेल के उचित मार्गदर्शन में इन अग्निशमन यंत्र को एवं इनके शेड्यूल को मोनिटर करने हेतु क्यू आर आधारित सिस्टम को इन हाउस विकसित किया गया हैं, जिससे समय पर शेड्यूल किया जा सकें और ट्रेन व यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित जा सकें। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा ने बताया कि मंडल के यांत्रिक विभाग द्वारा यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न इनोवेशन किये गए हैं जिसके माध्यम से यात्री गाडियों में आने वाली समस्याओ को शुरुआती चरण में डिटेच कर, समस्याओं को दूर कर गाड़ियों का समयपालन सुनिश्चित किया जाता हैं, एवं इस दौरान पर्यावरण का संरक्षण भी हो सकें जिससे यात्रियों द्वारा सुखद एवं बेहतर यात्रा पूर्ण की जा सकें ।

### 40 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चली आंधी, बिजली गुल

# दिन भर तपे मौसम ने शाम को करवट ली

हरिभूमि जबलपुर।

मौसम विभाग की चेतावनी के मुताबिक सोमवार की शाम 5.30 बजे 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चली धूल भरी आंधी ने पूरे शहर को हिलाकर रख दिया। सड़कों की धूल उड़कर लोगों की आंखों की किरकिरी बनी। कई स्थानों पर होर्डिंग गिरे और बिजली गोल हो गई। आधे शहर में करीब डेढ़ घंटे तक बिजली गोल रही। इधर मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले 24 घंटों के दौरान तेज हवाओं के बीच हल्की वर्षा हो सकती है। उत्तर प्रदेश और राजस्थान के ऊपर बने चक्रवात के कारण मौसम के मिजाज में परिवर्तन आ रहा है।



सुबह से मौसम शुष्क रहा। बादलों की आवाजाही बनी रही और कड़ी धूप के बीच पारा 36 डिग्री के ऊपर पहुंच गया। दिन में धूप बदन को चुभ रही थी। गर्म हवाओं के थपेड़ों से जनजीवन हलाकान था। शाम को अचानक मौसम ने रूख पलटा। बादल छाए और तेज हवाएं चलने लगीं। रात में उमस बढ़ गई थी।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के मुताबिक मौसम पश्चिमी विक्षोप की वजह से मौसम रोज बदल रहा है अभी दो तीन दिन तक मौसम के मिजाज ऐसे ही रहेंगे। हवा पानी की वजह से दिन और रात के पारे में गिरावट आई है लेकिन गर्मी का असर बना हुआ है। बारिश और हवाओं की वजह से हवा में नमी बढ़ गई है। लिहाजा आने वाले 24 घंटों में बारिश की संभावना बनी हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकत्तम तापमान 36.7 डिग्री सेल्यिस सामान्य से 3 डिग्री कम दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 20.9 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 5 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातः काल 73 प्रतिशत और सायंकाल 58 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.33 मिनिट पर और सूर्यास्त शाम 6.40 मिनिट पर हुआ। प्रदेश में सबसे अधिक 42.5 डिग्री तापमान खंडवा जिले में दर्ज किया गया। गत वर्ष आज के दिन अधिकत्तम तापमान 40.9 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28.03 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। उत्तर पश्चिमी हवायें 8 से 9 किलोमीटर प्रति घंटे की औसत रफ्तार से चलीं। अगले 24 घंटों के दौरान जबलपुर संभाग के जिलों में तेज हवाएं झंझावात के बीच गरज चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ सकती हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240